हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 | खेल

## 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास, विश्वनाथ आनंद के बाद...



Page 10 | देश

## अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए : चंद्र कु. बोस

शुक्ल पक्ष चित्रा संवत 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 23 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 132 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73,690 | ₹85,500 |



## आज का इतिहास

- 1853 : पहला यात्री रेल भारत में बोरिबंदर, बॉम्बे से ठाणे में चलाया गया।
- 1992 : प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं भारत रत्न से सम्मानित सत्यजीत रे का निधन।

## न्यूज बाइट्स

### बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

**पटना (नि. सं.)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस देवांगशु बसाक और जस्टिस शब्बर रशीदी की बेंच ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग) को नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। सभी अवैध टीचर्स पर 15 दिनों के अंदर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी।

### गर्मियों की भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने कमर कसी

**नई दिल्ली (ए.)।** भारतीय रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों की भारी आवाजाही के लिए नौ हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने के साथ पेयजल उपलब्ध कराने एवं भीड़ प्रबंधन की योजना बनायी है। भारतीय रेलवे के अनुसार रेलवे ने 01 अप्रैल से 21 अप्रैल के दौरान 41.16 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई है।पिछले दो दिनों (20 और 21 अप्रैल) में 3.38 करोड़ यात्रियों को यात्रा की है और बीते 7 दिनों (15-21 अप्रैल) में 13.69 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने सियाचिन में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली (ए.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। रक्षा मंत्री ने प्रतिकूल मौसम में दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत भी की। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, उत्तरी कमान लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिंद्र कुमार और जनरल ऑफिसर कमांडिंग 14 कोर लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी थे।

### पिस्टल के बल पर दिनदहाड़े 7 लाख की लूट

**पटना (नि. सं.)।** बाइपास थाना के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ मे दो बाइक पर चार की संख्या मे रहे बदमाश ने निजी कंपनी के कर्मी मुकेश कुमार से लगभग सात लाख रुपए हथियार के बल पर लूट लिए है। पीड़ित जीरो माइल की तरफ से रुपये संग्रह कर बैंक में जमा करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान बदमाश ने पिस्टल सटा कर घटना को अंजाम दिया है। डीएसपी डा गौरव कुमार ने बताया कि मामले मे पुलिस छानबीन कर रही है। अपराधी के भागने की दिशा में लगे सीसीटी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। Amazon कंपनी का कर्मचारी है और जीरो माइल ऑफिस से निकल कर गुलजार बाग सेंट्रल बैंक में 7 लाख रुपया जमा कराने जा रहा था। तभी दो बाइक पर सवार 4 अपराधियों ने उसे घेर लिया और पिस्टल के बल पर बैग में भरे 7 लाख रुपये लूट कर फरार हो गये।

पटना हाई कोर्ट का अहम फैसला

# 4108 असिस्टेंट प्रोफेसर की होगी नियुक्ति

**लंबित परिणाम वाले विषयों में कुछ और अभ्यर्थियों को मिलेगा साक्षात्कार का मौका**

- विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति अब पकड़ेगी रफ्तार
- लीगल ओपिनियन लेकर अब आयोग मई से आरंभ करेगी साक्षात्कार प्रक्रिया



निज संवाददाता | पटना

पटना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य के 13 विश्वविद्यालयों में लगभग चार हजार पदों पर सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) की ओर से साक्षात्कार की तैयारी आरंभ हो चुकी है। पहला साक्षात्कार मई में आरंभ होंगे। इसके लिए आयोग की ओर से जल्द ही लीगल ओपिनियन लेकर आगे की प्रक्रिया आरंभ करेगा। आयोग की ओर से मनोविज्ञान विषय में साक्षात्कार पूरा हो चुका है, अब इसमें बैकलॉग के अनुसार बढ़ी सीटों के अनुपात में अभ्यर्थियों की साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद परिणाम जारी करने की कवायद होगी।

इसके अतिरिक्त नए विषयों की साक्षात्कार की भी प्रक्रिया मई से आरंभ होगा। आयोग की ओर से अब तक हिंदी सहित करीब एक दर्जन विषयों में नियुक्ति हो चुकी है। अब राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों (असिस्टेंट प्रोफेसर) के 4,108 खाली पदों पर नियुक्ति जल्द होगी। इसमें 755 बैकलाग रिक्तियां शामिल हैं।

साक्षात्कार के लिए पूरी हो चुकी है स्क्रीनिंग प्रक्रिया आयोग के अध्यक्ष गिरीश कुमार चौधरी ने बताया कि आयोग के स्तर से सभी विषयों के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। अब जल्द ही लीगल ओपिनियन लेकर साक्षात्कार प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इसमें सबसे पहले उन विषयों का साक्षात्कार होगा, जिनका साक्षात्कार पहले हो चुका है, लेकिन रिजल्ट अभी जारी नहीं हुआ है। अब बैकलाग के तहत बढ़ी सीटों पर साक्षात्कार लिया जाएगा। इसके बाद सभी सीटों के लिए परिणाम जारी किया जाएगा।

### महत्वपूर्ण विषयों में शिक्षकों के पद

गणित में 261, भौतिकी में 300, जन्तु विज्ञान में 285, पर्यावरण विज्ञान में 104, वनस्पति विज्ञान में 333, रसायनशास्त्र में 332, वाणिज्य में 112, अर्थशास्त्र में 268, अंग्रेजी में 253, भूगोल में 142, इतिहास में 316, राजनीतिक विज्ञान में 280, मनोविज्ञान में 424, दर्शनशास्त्र में 153, अंग्रेजी में 253, गृह विज्ञान में 83, संस्कृत में 76, समाजशास्त्र में 108, उर्दू में 100, मैथिली में 43, बांग्ला में 28, संगीत में 23, बायोकेमेस्ट्री में 05, एआइएच एंड सी में 55, शिक्षा शास्त्र में 10, नेपाली भाषा में एक।

## बीपीएससी टीयर- 3 : 5 आरोपियों को सिविल कोर्ट में किया गया पेश

- रिमांड पर लेकर ईओयू करेगी पूछताछ, एमपी के उज्जैन से हुई थी गिरफ्तारी

निज संवाददाता | पटना

बीपीएससी शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार पांचों मुख्य आरोपियों को सिविल कोर्ट में पेश किया गया। यहां से ईओयू इन्हें रिमांड पर लेगी। इसके बाद पेपर लीक केस से जुड़े कई अहम पहलुओं पर पूछताछ होगी। दो दिन पहले बिहार पुलिस ने उज्जैन से एमपी पुलिस की सहयोग से पांचों को गिरफ्तार किया था। इनमें एक युवती भी शामिल है। सभी को उज्जैन से रविवार देर शाम पटना लाया गया था। इससे पहले 14 मार्च को पटना के करबिगहिया इलाके के होटल से गिरोह के एक सदस्य की गिरफ्तारी हुई थी। परीक्षा के दिन 15 मार्च की सुबह हजारीबाग में छापेमारी के दौरान पांचों मुख्य आरोपी भागने में कैसे सफल हुए थे। इनलोगों का मुख्य काम क्या है। क्या इससे पहले भी इस तरह की परीक्षाओं में धांधली कर चुके हैं। पूछताछ में इन बातों का खुलासा हो सकता है। बता दें, पेपर लीक की वजह से आयोग (बीपीएससी) ने 15 मार्च की शिक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया था। जबकि, 5 अप्रैल को होनी वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीयर-3) को भी स्थगित कर दिया गया था। नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### शिक्षक भर्ती का पेपर लीक,10-15 लाख में डील

बिहार में पेपर सॉल्वर गैंग के अब तक के सबसे बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आर्थिक अपराध ईकाई (ईओयू), बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में सॉल्वर गैंग नेटवर्क के लगभग 300 अभ्यर्थियों और संगठित गिरोह को पकड़ा था। ये सभी कैंडिडेट बीपीएससी की ओर से आयोजित बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीयर -3) के एग्जाम में शामिल होने वाले थे।

## राष्ट्रपति ने मरणोपरांत बिंदेश्वर पाठक को पद्म विभूषण से किया सम्मानित

एजेंसी | पटना



भारत की राष्ट्रपति ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में बिहार के डॉ विन्देश्वर पाठक (मरणोपरांत) को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में पद्म विभूषण, डॉ चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को चिकित्सा के क्षेत्र में पद्म भूषण और श्रीमती शांति देवी एवं श्री शिवन पासवान को कला के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया। सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक डॉ. विन्देश्वर पाठक को कम लागत वाली टू पिट पोअर फ्लश शौचालय प्रणाली विकसित करने और 1970 से देशव्यापी सामाजिक स्वच्छता और सुधार आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए भारत और दुनिया भर में जाना जाता है। 02 अप्रैल, 1943 को बिहार के रामपुर भगेल में जन्मे डॉ. पाठक ने 1964 में स्नातक की डिग्री प्राप्तकरने के बाद एक शिक्षक के रूप में काम किया, इसके बाद वह 1968 में बिहार गांधी शताब्दी समारोह समिति में शामिल हुए, जहां उन्हें अस्पृश्य जाति के मानवाधिकारों और सम्मान को बहाल करने का काम सौंपा गया। 1985 में, उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि पूरी की और 1994 में 'भारत में मैनुअल स्कैवेंजिंग के उन्मूलन और पर्यावरण स्वच्छता - एक समाजशास्त्रीय अध्ययन' पर उनके कार्य के लिए उन्हें डी.लिट से सम्मानित किया गया। डॉ. पाठक के प्रयासों का संस्कृति और समुदाय पर दोहरा प्रभाव पड़ा। सांस्कृतिक रूप से, उन्होंने लाखों लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित सेनिटेशन प्रैक्टिस तथा अच्छे स्वास्थ्य को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए व्यवहार में बदलाव लाने के लिए अपने शौचालय मॉडल का इस्तेमाल किया। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, उन्होंने लाभार्थियों को अपने बाल्टी शौचालयों को सुलभ शौचालयों में बदलने के लिए प्रेरित करने और शिक्षित करने के लिए घर-घर अभियान चलाया। वह पैसे देकर सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करने का विचार भी लेकर आए और सुलभ का पहला सार्वजनिक शौचालय 1974 में पटना में बनाया गया। डॉ. पाठक सामुदायिक कार्यों के लिए महात्मा गांधी से प्रेरित हुए।

## दुल्हन के चाचा समेत चार की मौत

निज संवाददाता | लखीसराय

लखीसराय में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है जबकि एक घायल है। मरने वालों में 2 दूल्हे और 2 दुल्हन के पक्ष के लोग हैं। जिनमें दुल्हन का कन्यादान करने वाले उसके चाचा और दूल्हे के 2 दोस्त शामिल हैं। दुल्हन के चाचा और उनके दोस्त एक बाइक पर सामान लेने निकले थे। इसी दौरान लड़के पक्ष के 3 लोग बारात से लौट रहे थे। दोनों की बाइक सोमवार की सुबह हाइवा से टकरा गई। जिससे मौके पर ही चारों की मौत हो गई। एक को इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। हादसा मेदनी चौकी थाना क्षेत्र में एनएच-80 पर हैवतगंज के पास हुआ। सभी बाइक सवार बाकरचक गांव से बारात में शामिल होने ऋषि पहाड़पुर गए थे। मृतकों में से दो लड़की पक्ष और दो लड़के पक्ष से थे। परिजनों के मुताबिक दुल्हन राधा कुमारी के चाचा लक्ष्मी महतो अपने गांव के ही साथी पुग्गी यादव के साथ शादी का कुछ सामान लेने के लिए बगल के गांव जा रहे थे। साथ में ही बारात में आए तीनों शख्स भी शादी में शामिल होकर वापस अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हो गई। मृतक लक्ष्मी महतो ने ही दुल्हन राधा कुमारी का कन्यादान किया था। मृतक पुग्गी यादव के साले ने बताया कि रिश्तेदार के यहां शादी थी। सभी बारात में शामिल होने गए थे। वहां रुके, खाना खाकर रात में ही वापस घर के लिए निकल दिए। घर लौटते वक्त करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर ये हादसा हो गया। घटना के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया है। संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मेरा भगना कुणाल रोहतक से बारात में शामिल होने आया था। सुबह पता चला कि सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई है।

### पुलिस जांच कर रही है

एसपी पंकज कुमार ने बताया कि मेदनी चौकी थाना क्षेत्र के हैवतगंज में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

डगरुआ में नीतीश कुमार ने कहा

## हमारे आने से बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में हुआ सुधार : सीएम

निज संवाददाता | किशनगंज



किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के इंद्रा गांधी मेमोरियल उच्य विद्यालय डगरूआ में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए प्रत्याशी मास्टर मुजाहिद के समर्थन में वोट करने की अपील की। साथ ही उन्होंने आरजेडी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं 2005 से आरजेडी के साथ था। लेकिन आरजेडी के भ्रष्टाचार करने पर हमने उनको छोर दिया। हालांकि वो जनसभा में समय से 45 मिनट लेट पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि 15 साल में कांग्रेस और आरजेडी ने डर का माहौल बनाया, हिन्दू मुस्लिम में फूट डालने का काम किया। नीतीश कुमार ने आगे कहा कि हमारे आने से बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हुआ है। उन्होंने आरजेडी के परिवार वाद पर निशाना साधते हुए कहा कि हमलोग कोई काम अपने बेटा बेटी के लिए नहीं करते, हमारे लिए पूरा बिहार हमारा एक परिवार बिहार है। उन्होंने कहा कि हमलोग मोदी जी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटों से सरकार बनाएंगे। किशनगंज से एनडीए प्रत्याशी मास्टर मुजाहिद ने संबोधन करते हुए किशनगंज से कांग्रेस के पूर्व सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि सांसद जीतने के बाद नजर नहीं आता है। लगातार दो बार चुनाव जीतने के बाद भी सांसद लोगों के बीच नहीं दिखाई देते है। इस दौरान एआईएमआईएम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा की वो कभी तीर छाप लेकर घूमते थे तो आज पतंग लेकर घूमते है।

## अरविंद केजरीवाल की जमानत पर लगी जनहित याचिका खारिज

- हाईकोर्ट ने 75 हजार जुर्माना लगाया, ईडी के समन मामले की सुनवाई 15 मई को होगी

एजेंसी | नई दिल्ली



ईडी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल से करीब दो घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। एक अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में बंद हैं। शराब नीति केस में एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़ी दो याचिकाओं पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग सीजे मनमोहन की कोर्ट में केजरीवाल की जमानत के लिए जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका 'वी द पीपुल ऑफ इंडिया' के नाम से एक लॉ स्टूडेंट ने लगाई थी। केजरीवाल की ओर से एडवोकेट राहुल मेहरा ने कहा- सभी मामलों में असाधारण जमानत दें। ऐसी अपील कैसे की जा सकती है। यह पूरी तरह से पब्लिसिटी के लिए दायर की गई याचिका है।

इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से पूरी सरकार रुक गई है। वे सरकार के मुखिया हैं। कोर्ट ने कहा- राहुल मेहरा सीएम की ओर से पेश हुए हैं। उनका कहना है कि वे अपना काम कर रहे हैं। उन्हें आपसे कोई मदद नहीं चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने 75 हजार का जुर्माना लगाते हुए याचिका खारिज कर दी।

वहीं दूसरे मामले (ईडी के समन के खिलाफ) की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस सुरेश कैत और जस्टिस मनोज जैन की बेंच में हुई। बेंच ने इसे 15 मई के लिए लिस्ट कर दिया।

## छह साल बाद फिर से यूजीसी नेट की परीक्षा होगी ऑफलाइन

**पटना(नि.सं.)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी नेट जून 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आवेदन फॉर्म 10 मई रात 11:50 तक भर सकते हैं। इस बार ओएमआर शीट पर ऑफलाइन (पेन-पेपर) मोड में 16 जून को परीक्षा होगी। एनटीए ने नोटिस, इन्फॉर्मेशन बुलेटिन और एप्लिकेशन फॉर्म तीनों रविवार को जारी कर दिया है। आवेदन शुल्क 11 से 12 मई रात 11:50 तक जमा कर सकते हैं। आवेदन में सुधार 13 से 15 मई रात 11:50 बजे तक कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र के शहर की घोषणा बाद में जारी की जायेगी। परीक्षा से तीन दिन पहले एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा। यूजीसी नेट आंसर-की, रिस्पॉन्स शीट जारी करने की तिथि बाद में जारी की जायेगी। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1150 रुपये, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी एनसीएल के लिए आवेदन शुल्क 600 रुपये, एससी, एसटी, दिव्यांग और थर्ड जेंडर के लिए आवेदन शुल्क 325 रुपये हैं।

## बिहार में वकीलों के लिए पेंशन और बीमा योजना होगी प्रभावी

निज संवाददाता | पटना

अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और सामान्य बीमा योजना को प्रभावी बनाने के लिए बिहार राज्य बार काउंसिल ने मॉडल रूल में संशोधन कर दिया है। राशि के अभाव में इन योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था। उसके लिए व्यवस्था बना दी गई है। इन कल्याणकारी योजनाओं के लिए हाजरी फार्म व वकालतनामा से मामूली राशि की कटौती होगी। अधिवक्ताओं के स्वजन को भी इस योजना के दायरे में लाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में कुल 126 अधिवक्ता संघ हैं और लगभग एक लाख अधिवक्ता।

इस निर्णय से पहले सभी अधिवक्ता संघों के अध्यक्षों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया। अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना की शुरुआत पहले ही की गई थी, लेकिन राशि के अभाव में उसका क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था। मॉडल रूल में संशोधन कर उसका समाधान निकाला गया है। मॉडल रूल बार काउंसिल ही बनाती है। अभी राज्य के 80 प्रतिशत अधिवक्ता संघों में कोई कल्याणकारी योजना या मॉडल रूल लागू नहीं है।

एएन सिन्हा इंस्टीट्यूट में हुई राज्य भर के अधिवक्ता संघों की बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी अधिवक्ता संघ अपने सदस्यों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे। मॉडल रूल में संशोधन के साथ बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्णय लिया गया। बीसीआई के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष रमाकान्त शर्मा आदि ने अपने विचार रखे। बार काउंसिल के सभी सदस्यों के साथ राज्य से आए अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधि बैठक में सहभागी रहे।

### राशि की व्यवस्था

योजनाओं के प्रभावी होने की तिथि से राज्य की निचली अदालतों से जुड़े अधिवक्ता संघों को प्रत्येक हाजरी फार्म पर 15 रुपये और वकालतनामा पर 40 रुपये देने पड़ेंगे। ऐसा अनिवार्य रूप से करना होगा।

### समिति करेगी निगरानी

बिहार बार काउंसिल की इस कल्याणकारी योजना की निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। समय-समय पर अपने आकलन से समिति योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएगी।

## नौ साल बाद 26 अप्रैल को मुंगेर आ रहे पीएम नरेन्द्र मोदी

**मुंगेर (नि.सं.)।** मुंगेर के सफियासराय स्थित हवाई अड्डा में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा होगी। इस सभा के माध्यम से वे मुंगेर लोकसभा क्षेत्र की जनता से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। बताते चलें कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी दूसरी बार मुंगेर पहुंच रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2015 के विधानसभा चुनाव में मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रणव कुमार के चुनाव प्रचार में मुंगेर पहुंचे थे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। रविवार की शाम तक एसपीजी की स्पेशल टीम के कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचने की उम्मीद है।

## पटना-आरा-सासाराम फोरलेन एक्सप्रेस-वे का इस साल से शुरू होगा निर्माण

निज संवाददाता | पटना



पटना-आरा-सासाराम एनएच-119ए फोरलेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण इस साल के अंत तक शुरू होने और साल 2027 तक इसका निर्माण पूरा होने की संभावना है। इस सड़क में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस सड़क के बनने से तीन जिले के लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। इसमें पटना, भोजपुर और रोहतास जिला शामिल हैं।इसके साथ ही सड़क बनने के बाद पटना से लखनऊ और वहां से दिल्ली की तरफ जाने और वहां से लौटने वालों के लिए सुविधा बढ़ जायेगी।

इस सड़क के निर्माण में सोन नदी पर अरवल और भोजपुर के बीच करीब तीन किमी लंबा फोरलेन पुल बनाया जायेगा। यह सड़क आरा शहर के बाहर से होकर गुजरेगी। इसके बाद भोजपुर जिले के दक्षिणी भाग से पटना जाने वाले वाहन बिना आरा शहर से गुजरे पटना की ओर जायेंगे।सूत्रों के अनुसार यह फोरलेन एक्सप्रेसवे करीब 118 किमी लंबाई में करीब चार हजार करोड़ रुपये की लागत बनेगा। यह एक्सप्रेस-वे आरा जिले के गोनवां, पड़री, रामतारी, कायमनगर, भोजपुर जिले के बामपाली, असनी, गढ़नी, रोहतास जिले के उदवंतनगर, तराडी, गंगौली, पटना जिले के अखोरी गोला, सुआरा होते हुए सासाराम पहुंचेगा।

इसके साथ ही इस एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के जरिए वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ, दिल्ली से कनेक्टिविटी मिलेगी। इस सड़क के बनने से सासाराम से पटना पहुंचने में दूरी, समय और वाहनों के ईंधन में बचत होगी। अभी पटना से सासाराम पहुंचने में करीब पांच से छह घंटे का समय लगता है, लेकिन पुल व सड़क बनने के बाद इस यात्रा में सिर्फ ढाई से तीन घंटे का समय लगेगा।

BAYC Institute स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

Apply Online : www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**नारदीगंज**। प्रखंड के इंटर विद्यालय नारदीगंज में सोमवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम में इंटर विद्यालय नारदीगंज में कार्यरत बीपीएससी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक व संचालन शिक्षक नीरज कुमार,मो0 शकिरकुल रहमान ने की। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी डा0 कारु रजक व अन्य पुराने शिक्षकों ने नवनियुक्त बीपीएससी शिक्षकों को पुष्पमाला, बुके,डायरी,कलम समेत अन्य सामग्री देकर सम्मानित किए।। सम्मान पाने वाले में शिक्षक नीरज कुमार, मो0 शकिरकुल रहमान, डा0 सुधा कुमारी, प्रशांत कुमार, मो0 परवेज जमाल, विनोद रविदास,राखी कुमारी, रूपेश कुमार,नीतू कुमारी, रितेश कुमार,रीता कुमारी समेत अन्य शिक्षकों को सम्मान दिया गया।इस दौरान प्रभारी प्राचार्य ने कहा शिक्षक समाज का दर्पण है। बच्चों को अच्छे संस्कार देने का दायित्व शिक्षकों को है। आप सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दीजिये, क्योंकि बच्चे देश का भविष्य है। शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है।आप अपने ज्ञान को बच्चों के बीच दीजिये। इस दौरान बीपीएससी शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए अपने कर्तव्य पालन करने का भरोसा दिलाया।

### बस और डीजे ट्रॉली के टक्कर में एक महिला समेत नौ बच्चा घायल, सात रेफर

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के बड़राजी बाजार में बस एवं डीजे लदी ट्रॉली के सीधी टक्कर में एक 20 वर्षीय महिला समेत नौ बच्चा घायल हो गए। सभी घायलों को स्वजनों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से 7 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बड़राजी बाजार में स्थानीय नीरज यादव की पुत्री की वैवाहिक रस्म के दौरान डीजे ट्रॉली के पीछे महिलाएं एवं बच्चे डांस कर रहे थे। तभी कौआकोल बाजार की तरफ से आ रहे एक स्कूली बस ने अनियन्त्रित होकर डीजे लदी ट्रॉली में सीधी टक्कर मार दिया। जिससे ट्रॉली के पीछे डांस कर रहे महिला ममता देवी,पति-सुजीत यादव,नन्दनी कुमारी,रानी कुमारी,सेम्पुल कुमारी,अंजली कुमारी,रानी कुमारी,आराधना कुमारी,पूनम कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी घायल हो गए। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। सभी घायलों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर ईलाज हेतु ममता देवी,नन्दनी,सेम्पुल,अंजली ,रानी,आराधना एवं पूनम को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बस को जब्त कर थाना ले आई। जबकि मौके पर से वाहन का ड्राइवर भागने में सफल रहा।

### जिले में अग्निदेव का कहर जारी, कई गांवों में अगलगी से लाखों का नुकसान

**नवादा**। जिले के विभिन्न प्रखंडो के विभिन्न गावं में अग्निदेव का कहर जारी है काशीचक, पकरीवरावां, वारिसलीगंज व गोविन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में हुई अग्निकांड की घटना में खेतों में लगी फसल का व्यापक पैमाने पर क्षति पहुँची है।ऐसा होने से न केवल श्रम व पूंजी की क्षति हुई बल्कि मनुष्यों के साथ पशुओं का निवाला भी छीन गया। काशीचक प्रखंड क्षेत्र के डेढगांव निवासी मसूदन ठाकुर के घर में अचानक आग लग गयी। तेज पछुआ हवा के कारण आग ने चंद मिनटों में रौद्र रूप धारण कर लिया। इससे छप्पर समेत घर में रखा गल्ला, कपड़ा, नकदी समेत अन्य जरुरत का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर रहे उत्साही युवकों ने सक्रियता दिखाते हुए सबमर्सिबल पम्प की सहायता से आग पर काबू पाया, अन्यथा पूरा गांव आग की चपेट में आ जाता। बताया गया कि पीड़ित मसूदन ठाकुर के घर बेटी की बारात आनी थी जिसके लिये भोजन पकाने से लेकर विधी-विधान का दौर चल रहा था। इसी बीच घर के छप्पर से धुआं निकलते दिखाई दिया। आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की जानकारी पाकर पहुंचे ग्राम पंचायत खखरी के मुखिया प्रमोद कुमार और प्रखंड प्रमुख पंकज कुमार ने पीड़ित मसूदन ठाकुर से मिलकर ढाढस बंधाया और आर्थिक सहायता दी। प्रखंड के बेलर गांव स्थित बधार में आग लग गयी। इससे अरुण सिंह, नरेंद्र सिंह, श्यामसुन्दर सिंह, शंकर कुमार व वीरेंद्र सिंह के बागीचे में लगा दर्जनों पेड़ आम झुलस कर नष्ट हो गया। शुम्भाडीह गांव के बधार में आग लग गयी, जिससे कई बीघा जमीन में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी। जानकारी पाकर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निशमन वाहन मंगवाकर आग बुझाने में ग्रामीणों का सहयोग किया। सुभानपुर और हनुमानबीघा गांव के बधार में आग लग गयी, जिससे कई बीघा खेत में खड़ी फसलें जलकर नष्ट हो गयी। इस बाबत अंचल अधिकारी दिव्यांशु कुमार शाह ने बताया कि राजस्व कर्मचारी को भेजकर उक्त पांचों गांवों में आग से हुई क्षति का आकलन किया जायगा, ताकि आपदा प्रबंधन विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा सके। दूसरी ओर उग्रवाद प्रभावित गोविन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के सरकंडा गांव में कृष्णा के गेहूं खेत में हुई अग्निकांड की घटना में हजारों का फसल जलकर खाक हो गया।पकरीवरावां प्रखंड के डोला गावं में भीषण अगलगी में लाखों मूल्य की सम्पत्ति जल कर राख़ हों गयी.

### डोला गांव पहुंच विधायक ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर शांति बहाल करने का किया अनुरोध

**नवादा**। पान की खेती के लिए मशहूर जिले के पकरीबरावां प्रखण्ड के डोला गाँव में 20 अप्रैल को दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में कई लोग घायल हो गए थे जबकि 7 बिगहा में लगे पान की फसल का बरेठा पूरी तरह जल कर नष्ट हो गया था । मामले की सूचना मिलने पर नवादा विधायक विभा देवी ने घटना स्थल का दौरा किया और दोनों पक्षों से मुलाकात कर शान्ति बनाये रखने की अपील की । गाँव में उत्पन्न तनाव को देखते हुए उन्होंने ग्रामीणों से बात कर शांतिपूर्ण हल निकालने की कोशिश की । इस संबंध में एक पक्ष का कहना था कि पासवान टोला के कुछ महिलाओं ने जान बूझकर बरैठा में आग लगाया है ,जबकि दूसरे पक्ष का कहना था कि वही पर किसी ग्राम देवता की पूजा के क्रम में हुमाद और कपूर की चिंगारी उड़ने से आग लग गई। उसके बाद उस पक्ष के लोगों ने घर पर चढ़ कर मार-पीट और रोड़ेबाजी किया ।विधायक ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत किया और पुलिस प्रशासन से बात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया। घटना के बाद विभा देवी पहली नेत्री हैं जो दोनों पक्षों से मुलाकात कर शांति बहाल करने की कोशिश की है । इस बीच पता चला कि दो माह पूर्व इन्हीं दोनों पक्षों के लड़का लड़की का अंतर्जातीय विवाह भाग कर हुआ था तब से ही दोनों पक्षों में विवाद और तनाव चल रहा है । ग्रामीणों ने इस संघर्ष के पीछे किसी चुनावी रंजिश से इंकार किया है । घटना की प्राथमिकी दोनों पक्षों द्वारा दर्ज की गई है और पुलिस अनुसंधान जारी है । मौके पर स्थानीय कार्यकर्ताओं के अलावे अनिल प्रसाद सिंह , दशरथ प्रसाद , संजय यादव , सुरेन्द्र उपाध्याय , मनोज यादव आदि उपस्थित रहे ।

### पछुआ हवा बहतें ही गुल हो जा रही बिजली, गर्मी से लोग बेहाल

**बेतिया**। तेज पछुआ हवा के कारण विगत शनिवार से प्रतिदिन करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही. इस तेज हवा के चलते बिजली बार बार ट्रीप कर रहा था बिजली आपूर्ति रहते अंततः मैनाटांड ग्रिड को बिजली आपूर्ति विगत शनिवार के दिन से ही करीब 11.30 बजे से शाम के 5.15 तक ठप करना पड़ रहा है हवा चलने के बाद भी मौसम मे काफी हीट वेब रहा, लेकिन बिजली आपूर्ति के अभाव में पानी टैंक खाली हो गए. घर पर बैठे लोग हाथ के पंखा से दिन बीताते रहे दैनिक कार्य प्रभावित रहा. उधर जेई सुशील कुमार ने बताया कि बिजली को शाम से चालू कर दिया जा रहा है.

# सड़क लुटेरा गिरोह का 4 बदमाश गिरफ्तार

## पूर्व के कई कांडों में इन अपराधियों की पुलिस को थी तलाश

निज संवाददाता। **नवादा**



जिले की पुलिस ने सड़क लूट गिरोह का राजफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से 2 कट्टा, 5 कारतूस, पूर्व में लूटी गई 2 बाइक, 42 हजार रुपए नगद, एक मोबाइल, एक एटीएम कार्ड की बारामदगी हुई है। गिरफ्तार सभी बदमाश एक ही गांव रोह थाना क्षेत्र के काजीचक-मरूई गांव के बताए गए हैं। इस बावत पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने पुलिस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 16 व 19 अप्रैल 2024 को रोह थाना इलाके में सड़क लूट की दो घटनाएं हुई थी। दोनों मामले की अलग-अलग प्राथमिक कांड संख्या 117/24 दिनांक 17.4.24 और कांड संख्या 121/2024 दिनांक 20.4.24 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रोह थानाध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। इस बीच 21 अप्रैल 2024 को कुम्हारावां-मरूई पथ पर कुछ बदमाशों के इकट्ठा होने और बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाने की सूचना मिली । सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई और 4 बदमाशों चंदन कुमार 19 वर्ष पिता रविंद्र यादव, मनीष कुमार 20 वर्ष पिता राम अवतार यादव, केजीएन कुमार उम्र 18 वर्ष पिता मनोज यादव और नीरज कुमार उम्र 18 वर्ष पिता देवनंदन यादव सभी ग्राम काजीचक-मरूई थाना रोह, जिला नवादा की गिरफ्तारी हुई जबकि उनके साथ रहे तीन अन्य बदमाश फरार हो गए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि 16 अप्रैल 24 को नेमदारगंज थाना इलाके के भनैल गांव के विक्की पासवान अपने साला दीपक के साथ तिलक समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। कुम्हरावां FCI गोदाम के पास बदमाशों ने मारपीट कर एक बाइक, दो मोबाइल और कुछ नकद रुपए की लूट की थी। इसी प्रकार 19 अप्रैल 2024 को कुम्हारावां-मरूई गांव के पास बारात जा रहे गया जिले के वजीरगंज थाना इलाके के भागौसा गांव के दयानंद कुमार से मोटरसाइकिल, एटीएम और नगद रुपए की लूट की गई थी। पीड़ितों की सूचना पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। गिरफ्तार बदमाशों ने गत वर्ष 6 नवंबर 2023 को रोह थाना इलाके में ही सीएसपी संचालक मरूई के रंजीत ठाकुर से 1.35 लाख रुपए नगद लूट की घटना में अपनी संलिपिता स्वीकारी है। इस प्रकार पूर्व के कुल तीन मामले के अलावा आर्म्स की बरामद की मामले में एक अलग से प्राथमिक की इन बदमाशों के खिलाफ दर्ज की गई है। आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मृत सीआरपीएफ जवान के पीड़ित परिवार से मिल जताई संवेदना



- *रास सांसद व लोस प्रत्याशी विवेक ठाकुर के सौजन्य से मृतक जवान की पत्नी को सौंपा एक लाख रुपये का चेक*

निज संवाददाता। **कौआकोल**

कौआकोल थाना क्षेत के पाली पंचायत के कटनी गांव निवासी व सीआरपीएफ जवान नीलेश कुमार नीलू के आकस्मिक निधन के उपरांत सोमवार को भाजपा की एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना जताई। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में पूर्व विस प्रत्याशी व भाजपा नेता रंजीत यादव,पूर्व जिप प्रत्याशी प्रमोद सिंह,पूर्वी मण्डल भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह,पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह,दिलीप चंद्रवंशी आदि नेताओं ने मृतक के स्वजनों से मुलाकात कर घटना पर दुःख जताया एवं कहा कि दुःख की इस महाघड़ी में भाजपा परिवार पीड़ित परिवार के साथ है। वहीं जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने मृतक की पत्नी को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर के सौजन्य से एक लाख रुपये का चेक भी सौंपा।

### चार बीघा गेहूं के भूसा में लगी आग, ग्रामीणो और दमकल विभाग की सदस्यता के कारण आग पर काबू पाया गया



निज संवाददाता। **बरौनी / बेगूसराय**

बरौनी प्रखंड पिपरा देवास पंचायत में लगी आग से चार बीघे का भूसा जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना कन्हैया राय ने मोबाइल के माध्यम से बरौनी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर रजनीश कुमार को दी। सूचना पाते ही SI बालकृष्ण अत्री और दमकल की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची। पिपरा देवस मैं अवशिष्ट पदार्थ में अचानक लगी आग को दमकल की गाड़ी पहुंच कर आग पर काबू पाया । गोपाल राय के तीन बीघे का भूसा जलकर राख हो गई ।पछिया हवा मे आग धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया था। यह देखकर किसानों ने बोर्डिंग से पानी खेतों में देना शुरू कर दिया था।घनी आबादी के बीच में आग लगी थी ,अगर सही समय पर दमकल और ग्रामीण का सहयोग नहीं होता ,तो अन्य किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हो जाता । वह तो भूसे में आग लगी देखकर किसानों ने संबंधित अधिकारियों को सूचना देकर बोरिंग से आग पर पानी देना शुरू कर दिया था। जिस कारण भयंकर हादसा होने से किसानों की जान में जान आई। और गोपाल राय के तीन बीघे की गेहूं के भूसे को आग जलाकर राख कर दिया।

# काला झंडा दिखाने को सड़क पर उतरे सैकड़ों युवा, रास्ता बदलकर भागे गिरिराज

## आक्रोशित युवकों की जमकर नारेबाजी

निज संवाददाता। **बछवाड़ा ( बेगूसराय )**



अपने पांच वर्ष गुजरे कार्यकाल को लेकर वोट मांगने निकले केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को क्षेत्र में काफी फजीहत के साथ आम लोगों का विरोध झेलना पड़ रहा है। बताते चलें कि रविवार को केंद्रीय मंत्री के क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम बछवाड़ा के दियारा इलाके में सड़क निर्माण की मांग को लेकर जबरदस्त विरोध किया। अपने घोषित तय कार्यक्रम के अनुसार गिरिराज सिंह के गाड़ियों का काफिला बेगूसराय के अंतिम छोर पर बसे चमथा दियारे से शुरू किया। इस दौरान दादुपुर पंचायत के नारेपुर दियारा, उसराही, गुप्फाटोल, बसुरियाटोल, भगवानपुर के सैकड़ों युवा श्रवण टोल तिनमुहानी पर एकजुट होकर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को काला झंडा दिखाने के लिए सड़क पर उतर आए। और केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। जोशिले युवकों द्वारा नारेबाजी में सड़क नहीं तो वोट नहीं, गिरिराज सिंह वापस जाओ आदि नारे जोर-शोर से लगाए जा रहे थे। उक्त स्थल की बढ़ते चले आ रहे गिरिराज सिंह सिंह के काफिले को इस बात कि खबर मिली। खबर मिलते हीं केन्द्रीय मंत्री नें अपने विरोध का सामना किए बिना ही अपने रूट चार्ट छोड़कर वापस लौट गए। विरोध स्वरूप सड़क पर उतरे श्रवण टोल के विशाल कुमार ने बताया है कि हम युवा वोटर पिछले दो लोकसभा चुनाव से भाजपा को वोट करते रहे हैं। मगर गिरिराज सिंह दियारा इलाके के विकास के लिए कोई साकारात्मक पहल नहीं किया है। आज हमलोग जिस सड़क पर उतर कर विरोध कर रहे हैं उस सड़क का हाल भी काफी जर्जर है। इस सड़क से होकर आवागमन करने वाले लोगों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। वहीं गुप्फा टोल निवासी रजनीश कुमार ने कहा कि पिछले चुनाव में गिरिराज सिंह खुद को हिन्दु हृदय सम्राट बोलकर वोट तो ले लेते हैं। पिछले चुनाव में भी गिरिराज सिंह को बछवाड़ा से 93000 वोट मिला था मगर इन्होंने इतना वोट के अनुकूल क्षेत्र में काम नहीं किया है। आज हमलोग जिस सड़क पर खड़े होकर विरोध कर रहे हैं इसकी हालत इतनी खराब है कि अगर टैम्पो, रिक्शा भी चलता है तो अब पलटा तब पलटा की नौबत आ जाती है। हमलोग जिस विरोध करने के लिए सड़क पर खड़े है इसकी जानकारी जब गिरिराज सिंह को मिली तो रास्ता बदलकर वापस लौट गया। ऐसे में हम कैसे विश्वास कर सकते हैं उनको हम वोट देंगे, तो वे हमारा काम करेंगे। वे मुंह नहीं दिखाना चाहते हैं किसी अपने कार्यकर्ताओं को पिछले चुनाव में भी मैंने उनको वोट किया और आमलोगों को वोट करने के लिए प्रेरित भी किया था। वे कहते हैं कि हमने बेरासी करोड़ का काम किया मगर दियारा में कोई काम नहीं किया।

# श्री कृष्णा सिंह के कर्मभूमि स्थल पर 17 अप्रैल से चल रहे अन्य सत्याग्रह का 21 अप्रैल को सादगी पूर्ण सभा का आयोजन कर समापन हुआ

निज संवाददाता। **गढ़पुरा /बेगूसराय**



बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह के कर्मभूमि गढ़पुरा नमक सत्याग्रह स्थल पर पिछले 17 अप्रैल से चल रहे क्रमिक अन्न सत्याग्रह का 21 अप्रैल को एक संक्षिप्त एंव सादगीपूर्ण सभा का आयोजन कर इसका समापन कर दिया गया ! आज के दिन ऐतिहासिक गढ़पुरा नमक सत्याग्रह का वर्षगांठ भी था ।इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए गढ़पुरा नमक सत्याग्रह गौरव यात्रा समिति के राष्ट्रीय महासचिव राजीव कुमार ने कहा कि गढ़पुरा के जांबाज स्वतंत्रता सेनानी बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह और बाबू बनारसी प्रसाद सिंह के आग्रह पर श्री बाबू के नेतृत्व में मुंगेर जिला से बेगूसराय का गढ़पुरा नमक सत्याग्रह स्थल पर पदयात्रा कर आजादी के दीवानो ने 20 अप्रैल 1930 ई0 को गढ़पुरा पहुंचे थे !दूसरी तरफ गांव वालों ने नमक आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपने - अपने घरों में चुपचाप पानीस्टॉक कर तब के उपलब्ध जल स्रोतों में कुआं और पोखर में गोबर तथा केरोसिन का तेल डाल दिया गयाथा ! जिस आंदोलन को दबाने के लिए ब्रिटिश सरकार के सैनिकों ने पानी पीने के लिए दिन बिताने लगा। जिसके कारण नमक बनाने वाले खौलते कड़ाह पर धकेल दिया ।जिसमें श्री बाबू जख्मी हो गए थे । राजीव ने कहा कि गढ़पुरा के इस ऐतिहासिक व गौरवशाली नमक सत्याग्रह स्थल को अज्ञानता बस एक साजिश के तहत 82 वर्षों तक इस स्थल को उपेक्षित रखा गया है ! उन्होंने कहा कि मैं और मेरे सभी कमिटी के साथियों ने मिलकर श्री बाबू के नमक सत्याग्रह स्थल पर मल मूत्र की साफ सफाई किया। कमिटी के लोगों के आग्रह पर इस स्थल पर दो-दो बार मुख्यमंत्री नमन करने पधारे थे और वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा श्री बाबू के स्थल पर भव्य स्मारक निर्माण कराने के लिए 22 दिसंबर 2013 को पहुंचकर इस स्थल का शिलान्यास किया। उसके बाद महामहिम राज्यपाल के द्वारा भूमि अधिग्रहण करने के लिए एक विशेष एक्ट के तहत स्मारक निर्माण के जरूरी भूमि के अधिग्रहण किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई ।लेकिन 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक 1 इंच भी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया । जब तक इस स्थल का विकास नहीं किया जाएगा तब तक हम तमाम कमिटी के लोग लगातार इसका संघर्ष करते रहेंगे ।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील कुमार सिधानियां ने कहा की इस मामले पर बेगूसराय के स्वर्ण जयंती पुस्तकालय में भी गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष भी मौन सत्याग्रह 2020 में और जिला कलेक्ट्रेट भवन के दक्षिणी द्वार पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह किया गया था ! इसमे जिला प्रशासन के द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया था ,कि जल्द जमीन का अधिग्रहण कर आगे इसका विकास किया जाएगा । लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है ।इस कार्यक्रम को कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया ।इस मौके पर अर्जुन प्रसाद सिंह, हरिहर दास ,देवव्रत सिंह, राम पुकार पासवान ,आभास कुमार झा, नीतेश कुमार पप्पू, मुकेश विक्रम, छतरमेश महतो डोमन महतो, राजीव पोद्दार, शिवानी कुमारी ,संगीता देवी, काजो देवी, विभा देवी, जुली कुमारी, लक्ष्मी देवी, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

### बेगूसराय लोकसभा संसदीय क्षेत्र से शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया



**जनता का आशीर्वाद मिला तो गरीबों के हक हक के लिए लड़ाई लड़ूंगा– उमेश पटेल**

निज संवाददाता। **बरौनी बेगूसराय**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी रोशन कुशवाहा के समक्ष सोमवार को शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी उमेश पटेल ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया ! उन्होंने नामांकन करने के बाद जब कलेक्ट्रेट भवन से बाहर निकले तो उन्होंने मीडिया के द्वारा पूछे गए ज्वलंत सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हमारी पार्टी का नाम ही है शोषित समाज दल पार्टी ।इसलिए इस पार्टी का मूल उद्देश्य है कि शोषित, पीड़ित, समाज को विकास के मुख्य धारा में लाकर उन्हें लाभ देना ! हमारी लड़ाई सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर है ! उन्होंने कहा हमें जिले की जनता इस बार गरीब के बेटे को आशीर्वाद देकर लोकसभा भेजती है, तो, उनके हक हकुक की लड़ाई लड़कर जिले की जनता का हम चहुमुखी विकास करेंगे। अभी तक कुल चार लोगों ने नामाकंन किया है।

### बेगूसराय लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए 8 प्रत्याशियों ने कटाया है अभी तक नाजीर रसीद!

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

24 बेगूसराय लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए अभी तक कुल 8 प्रत्याशियों ने उप-निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अपना नाजीर रसीद कटा लिया है ! मिली जानकारी के अनुसार प्रथम नाजीर रशीद रचियाही गाँव निवासी प्रो0 राम बदन राय ने कटाया, दूसरा चमथा, बछवाड़ा गांव निवासी का० अवधेश कुमार राय ने, तीसरा चकयद्दू मालपुर - भाया- मेंधौल, खोदावंदपुर, निवासी वत्स पुरुषोत्तम ने कटाया ! वही चौथा - भीठ ,भगवानपुर, बेगूसराय निवासी रजनीश कुमार मुखिया ने ! पांचवा- बडंहिया, लखीसराय गाँव निवासी गिरिराज सिंह ने ,और छठा - रचियाही नया टोला गांव निवासी उमेश पटेल ने कटाया है ! सातवां हरिपुर गेनहरपुर -तिलरथ, गाँव निवासी इंद्रजीत कुमार राय ने और आठवां- कोरजना बसही ,गांव निवासी अरुण कुमार ने नाजीर रसीद अपना कटा लिया है !इन आठ नाजीर रसीद कटाने वाले प्रत्याशियों में से अभी तक मात्र तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया है ! जिसमें नामांकन के पहले दिन 18 अप्रैल को सीपीआई प्रत्याशी अवधेश कुमार राय और रजनीश कुमार मुखिया ने, वहीं नामांकन के दूसरे दिन 19 अप्रैल को मात्र एक भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने अपना नामांकन कराया !

# जीवन के लिए जल जंगल जरूरी इसको बचाव के लिए आना होगा आगे

निज संवाददाता। **बखरी बेगूसराय**




नवसृजित प्राथमिक विद्यालय चकचनरपत में पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण को जाना। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार तथा सहायक सह फोकल शिक्षक मो फैयाज अहमद ने इस अवसर पर बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने का विचार पहली दफा 1969 में युनेस्को सम्मेलन में प्रस्तावित किया गया था। 22अप्रैल 1970 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जलवायु संरक्षण हेतु 190 देशों में इस दिवस का नेटवर्क फैला हुआ है। जीवन के लिए जल, जंगल जरुरी है। हम सबको इसे बचाने हेतु आगे आना होगा। ग्लोबल वार्मिंग का मामला भी इसी से जुड़ा है। समय पर बारिश नहीं होती, तो कहीं वर्षा ही वर्षा। कहीं सुखाड़, तो कहीं बाढ़ ही बाढ़। पर्यावरण से छेड़-छाड़ का ही नतीजा है कि जोशीमठ(उत्तराखंड) में जमीन में पड़तीं दरारें या तुर्कीय में आए भीषण भूंकप। इन्हीं खतरों से आम जनों को बचाने के लिए तालाब, पोखर, गढ़हा, कुआं, पईन, आहर आदि को जीवित करना निहायत जरुरी है। घरों में, विधालयों में वर्षा के जल को रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम से भूमिगत जल के स्त्रोत को संतुलित करना होगा। पेड़-पौधे अधिक से अधिक लगाए जाएं। पेड़ों को काटकर, पहाड़ियों को काटकर, तालाबों को भरकर कंक्रीट के शहर बसाए जा रहें हैं,जो मानव ही नहीं बल्कि सभी जीव जंतुओं के लिए घातक साबित हो रहा है। बढ़ती हुई जनसंख्या, प्लास्टिक/पॉलिथिन का धड़ल्ले उपयोग, चिमनियों/गाड़ियों से निकलते हुए धुएं, टावर से निकलता हुआ रेडिएशन, लाउडस्पीकर/डीजे /मोटर गाड़ियों से निकलती हुई कर्कश आवाजें पर्यावरण को प्रदूषित कर रहें हैं। आधुनिकता के दौर में हम सब अंधे हो चुके हैं। खुद को अगर खुशहाल रखना है, तो पृथ्वी का संरक्षण करना ही होगा। मोके पर ममता कुमारी, मनोहर कुमार ,विकास पासवान ,कृष्ण कुमार पंडित, शिवानी कुमारी, कुमारी वंदना और बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

तिलक समारोह से शामिल होकर जा रहे थे अपने गांव

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटने से एक की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। जिले के नोखा थाना क्षेत्र के अमेठी और मिश्रवलिया गांव नहर पुल के बीच ऑटो पलटने से एक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा कि सोमवार की सुबह तिलक समारोह से शामिल होकर अपने गांव चेनारी थाना क्षेत्र के घोड़ाडीह गांव जा रहे थे। अमेठी से आगे और मिश्रवलिया गांव पुल के बीच अनियंत्रित ऑटो पलटने से तीन घायल हो गए। तीनों घायलों को एक ऑटो चालक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नोखा में लाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अजय प्रताप द्वारा चेनारी थाना क्षेत्र के घोडाडीह गांव निवासी दिनेश चौधरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घोडाडीह गांव निवासी भुआली सिह और संजीत कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मौत की सूचना से चेनारी थाना क्षेत्र के घोड़ाडीह गांव में कोहराम मच गया, परिजन तत्काल सासाराम के लिए रवाना हो गए।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास के कोचस थाना क्षेत्र के चौसा-सासाराम स्टेट हाइवे पर हरिहर डेरा गांव के पास सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो निवासी राज बल्लम चौधरी के पुत्र महंगू चौधरी (55) के रूप में हुई हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। जबकि घायल की पहचान बक्सर जिले के राजपुर के इस्लामपुर निवासी रौशन कुमार के रूप में हुई हैं। घायल को इलाज के लिए



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस में भर्ती कराया गया है।

मृतक के भाई प्रेम चौधरी ने बताया कि महंगू चौधरी और रौशन दोनों बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। इस क्रम में जैसे ही दोनों हरिहर डिहरा गांव के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर पीछे बैठक मंहगू चौधरी की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा रौशन घायल हो गया। कोचस थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंहा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक की मौत हुई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अवैध रूप से संचालित मधुबन होटल पर छापेमारी, संचालक फरार

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में अवैध रूप संचालित हो रहे होटलों में पुलिस ने छापेमारी की। बताया जा रहा है कि नगर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की स्टेशन के पास स्थित मधुबन नामक होटल का अवैध रूप से संचालन हो रहा है, वहीं अनैतिक कार्य भी चल रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए कई कागजात बरामद किया है। एसडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि शहर की विभिन्न होटलों अनैतिक गतिविधि को लेकर छापेमारी की जा रही है। ताकि इस पर रोक लग सके। इसी क्रम में मधुबन होटल में छापेमारी की गई है। वहीं होटल संचालक के



द्वारा किसी भी कागजात को नहीं दिखाया गया। वहीं पुलिस को देखते ही होटल संचालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद होटल संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध रूप से संचालित सभी होटलों में छापेमारी की जाएगी। सभी होटल संचालक को निर्देश दिया गया है कि सही रूप से जांच के बाद ही किसी व्यक्ति को होटल में रहने का परमिशन दिया जाए। अगर कोई भी अनजान व्यक्ति होटल में रहने का कोशिश करता है तो इसकी सूचना पुलिस को करें।

## बकरी चोरी मामले में दो लोगों के विरुद्ध मामला हुआ दर्ज

**इंद्रपुरी (रोहतास) (नि. सं.)**। पुलिस ने बकरी चोरी में दो के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए चोरी के उपयोग में आए टेंपो को जब्त किया है। थाना क्षेत्र के पटनवा खुर्द निवासी पीड़ित राकेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार की दोपहर डेहरी से घर आया तो तीन व्यक्तियों द्वारा हरे काले रंग के टेंपो से बकरी चोरी कर डेहरी के तरफ भागने की घटना पत्नी द्वारा बताई गई।

## रेलवे ट्रैक पर लावारिस अवस्था में मिला शव

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के कर्मा गुमटी से पश्चिम रेलवे ट्रैक पर लावारिस अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे कुदरा थाना के चौकीदार श्रीकांत राम ने बताया कि जीआरपी पुलिस द्वारा थाना का सूचना दिया गया। जहां मौके पर पुलिस पहुंची तो काफी संख्या में लोगों की भीड़ जूट गई। वही शव का पहचान कराने के लिए काफी कोशिश किया गया। लेकिन अभी तक शव का पहचान नहीं हुआ। आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से नीचे गिरने से उसकी मौत हो गयी। शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल कराया गया। शव का पहचान नहीं होने तक 72 घंटे के लिए मर्चरी हाउस में रखा जाएगा। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# हीट वेव के कारण बढ़ा डायरिया का प्रकोप

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास में भीषण गर्मी की वजह से जिले में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सदर अस्पताल में डायरिया से पीड़ित बच्चे पहुंच रहे हैं। वहीं डायरिया से बचाव को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है और बढ़ती गर्मी में बच्चों को ठंडी जगह पर रखने के लिए भी अपील किया जा रहा है। पिछले तीन दिनों में सदर अस्पताल में आधा दर्जन से अधिक डायरिया से पीड़ित बच्चों को भर्ती कराया गया। वहीं सोमवार को दो डायरिया से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल वह पूरी तरह से स्वस्थ बताए जा रहे हैं। सदर अस्पताल में भर्ती लखनुसराय की 4 वर्षीय ट्विंकल कुमारी और दरिगांव के अभय कुमार(8) के परिजनों ने बताया की पेट दर्द और



पेट खराब होने पर सदर अस्पताल में दिखाया गया, जहां बताया गया की उसे डायरिया है। डॉक्टरों की देख रेख में चिकित्सकीय इलाज काफी बेहतर किया जा रहा है।

उन लोगों ने बताया कि स्वास्थ्य में पहले से सुधार हुआ है। डायरिया की रोकथाम को लेकर सदर अस्पताल विशेष प्रबंधन किया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि डायरिया को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति लगातार सतर्कता बरत रही है। अपर डायरिया का प्रकोप बढ़ने पर इसकी रोकथाम की जा सके। जिसे लेकर रोहतास जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस के साथ साथ जिंक टैबलेट की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी एमओआईसी को डायरिया को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने एवं सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए है।

## टेंपो एवं बाइक की टक्कर में वृद्ध घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)**। जिले के कुदरा थाना क्षेत्रके पुसौली के पास टेंपो व बाइक की टक्कर में टेंपो सवार एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सोनहन थाना क्षेत्र के तमाढीं गांव निवासी स्व. बालरूप चौधरी के 85 वर्षीय पुत्र जय नाथ चौधरी बताया जाता है। जहां सदर अस्पताल पहुंचे घायल के परिजनों ने बताया कि वृद्ध व्यक्ति पुसौली से टेंपो पकड़कर अपने घर के लिए जा रहा था। तभी पुसौली के पास ही एक बाइक सवार ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दिया। जहां टेंपो सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए भभुआ के सदर अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा भर्ती कर घायल व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है।

# मैजिक और ट्रैक्टर की टक्कर में छह लोग घायल

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। जिले के रोहतास थाना क्षेत्र खजूरी के समीप सोमवार की सुबह मैजिक एवं ट्रैक्टर के टक्कर भीषण टक्कर मे मैजिक के पलटने से मैजिक सवार सभी यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डेहरी बंजारी मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों के द्वारा सभी घायल यात्रियों को मे प्राथमिक उपचार रोहतास पी एच सी मे भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सड़क जाम के दौरान करीब 1 घंटे तक मुख्य सड़क पर



यातायात बाधित रही, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सदर अस्पताल लाए घायलों में मुन्ना कुमार पिता स्वर्गीय अनिल साह, हरेंद्र भुईया पिता जितेंद्र भुईया, रणजीत सिंह पिता स्वर्गीय पंकज सिंह, पंकज सिंह पिता स्वर्गीय अजय सिंह, सुमित सिंह पिता संतोष सिंह, भोली सिंह पिता स्वर्गीय विनोद सिंह, बिट्टू कुमार, पिता स्वर्गीय विनोद राम, वीरेंद्र भुईया पिता स्वर्गीय चंद्र भुइया, सागर कुमार पिता संतोष सिंह, संतोष पासवान पिता सूरज देव पासवान, सुमेश राम पिता देवकी राम शामिल हैं। सदर अस्पताल आए एंबुलेंस चालक ने बताया कि सभी घायल तिलक चढ़ा कर झारखंड से लौअ रहे थे, इसी क्रम में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। सभी घायल आपस में रिश्तेदार है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर भागने में सफल रहा। जबकि मैजिक चालक भी गाड़ी छोड़ भाग निकला। सूचना पर पहुंची रोहतास थाने की पुलिस ने मैजिक को जब्त कर लिया। पुलिस स्थानीय जन प्रतिनिधि की मदद से जाम खत्म कराया, उसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

## दो भाइयो के बीच मारपीट, एक घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)**। नगर थाना क्षेत्र के सिकठी गांव में दो भाइयों के बीच आपसी विवाद को ले कर हुई मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल भभुआ थाना क्षेत्र के सिकठी गांव निवासी चेता सिंह के 27 वर्षीय पुत्र खुशहाल पटेल बताया जाता है। सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति अपने भाई से पैसा मांग रहा था। पैसा मांगने के सवाल पर दोनों के बीच झगड़ा होने लगी। तभी एक भाई ने दूसरे भाई को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए भभुआ थाने की पुलिस ने सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक द्वारा भर्ती कर घायल व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है।

# थाना प्रभारी ने चौकीदार परेड का किया निरीक्षण

निज संवाददाता

**अरवल**। सदर थाना परिसर में थाना प्रभारी मोहम्मद अली साबरी ने चौकीदार परेड का निरीक्षण किया। चौकीदार परेड का निरीक्षण करने के क्रम में थाना प्रभारी ने चौकीदारों को अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में फिरारियों, दागियों तथा स्थायी वारंटियों की जानकारी रखने तथा इसकी जानकारी थाने में देने की बात कही। साथ ही क्षेत्र में अवैध धंधों पर निगरानी रखने एवं थाने में सूचना देने, अवैध शराब निर्माण पर नजर रखने तथा जानकारी मिलने पर अविलंब थाने में सूचना देने का कार्य करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने चौकीदारों को अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में अपने दायित्व एवं कार्य का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने का निर्देश दिया। ताकि थाना क्षेत्र में शांति व विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहुलियत हो सके। लोकसभा चुनाव को देखते हुए 107 की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष चौकीदारों को वैसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने का निर्देश दिया जो चुनाव में विधि व्यवस्था को भंग कर सकते हैं।

# पटना एवं गया से आनंद विहार के लिए चलायी जा रही सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल के परिचालन अवधि में वृद्धि

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पटना एवं गया से आनंद विहार के लिए सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दोनों क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के बाद गाड़ी सं. गाड़ी सं. 02351 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल अब दिनांक 23.04.2024 से 26.04.2024 तक और 04 ट्रिप चलायी जाएगी । इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 02352 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 24.04.2024 से 27.04.2024 तक अतिरिक्त 04 ट्रिप चलायी जाएगी। अप एवं डाउन दिशा में इस ट्रेन का दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं एवं गोविंदपुरी स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस में वातानुकूलित प्रथम श्रीणी का 01 कोच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 02 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 03 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 05 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच लगाए जा रहे हैं। इसी तरह गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल अब दिनांक 23.04.2024 से 26.04.2024 तक और 04 ट्रिप चलायी जाएगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 24.04.2024 से 27.04.2024 तक अतिरिक्त 04 ट्रिप चलायी जाएगी। अप एवं डाउन दिशा में इस ट्रेन का अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं एवं कानपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस स्पेशल में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 03 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच लगाए जा रहे हैं।

## बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में लगेंगे स्लीपर एवं साधारण श्रेणी के अतिक्ति कोच

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर बरौनी और ग्वालियर के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 11123/11124 बरौनी-ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस में अस्थायी तौर पर शयनयान श्रेणी का 01 कोच तथा साधारण श्रेणी का 02 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। यह सुविधा 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस में दिनांक 23.04.2024 से 30.06.2024 तक तथा 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में दिनांक 24.04.2024 से 01.07.2024 तक उपलब्ध रहेगी।

# यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 04903 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 23.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन, प्रयागराज जंक्षन, कानपुर के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 04923 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 23.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 3. गाड़ी संख्या 04925 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, दलसिंह सराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 04985 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल दिनांक 23.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर मोतीपुर, मेहसी, चकिया, बापुधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 13.00 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी। 5. गाड़ी संख्या 06059 कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को कोयंबटूर से 11.50 बजे खुलकर जसीडीह, झाझा, किउल के रास्ते गुरूवार को 14.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। 6. गाड़ी संख्या 06060 बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से 23.45 बजे खुलकर किउल, झाझा, जसीडीह के रास्ते सोमवार को 03.45 बजे कोयंबटूर पहुंचेगी। 7. गाड़ी संख्या 05289 मुजफ्फरपुर-पूणे स्पेशल दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को मुजफ्फरपुर से 21.15 बजे खुलकर हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर के रास्ते सोमवार को 05.35 बजे पूणे पहुंचेगी। 8.गाड़ी संख्या 05290 पूणे-मुजफ्फरपुर स्पेशल दिनांक 29.04.2024 से 01.07.2024 तक प्रत्येक सोमवार को पूणे से 06.30 बजे खुलकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा के रास्ते मंगलवार को 15.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

9. गाड़ी संख्या 01425 पूणे-दानापुर स्पेशल दिनांक 25.04.2024 एवं 29.04.2024 को पूणे से 19.55 बजे खुलकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा के रास्ते दूसरे दिन 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 10. गाड़ी संख्या 01426 दानापुर-पूणे स्पेशल दिनांक 27.04.2024 एवं 01.05.2024 को दानापुर से 06.30 बजे खुलकर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 17.35 बजे पूणे पहुंचेगी। 11. गाड़ी संख्या 01081 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर स्पेशल दिनांक 25.04.2024 एवं 29.04.2024 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.30 बजे खुलकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा के रास्ते अगले दिन 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। 12. गाड़ी संख्या 01082 दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल दिनांक 26.04.2024 एवं 30.04.2024 को दानापुर से 22.00 बजे खुलकर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दूसरे दिन 04.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। 13. गाड़ी संख्या 09124 आसनसोल-वापी स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को आसनसोल से 10.00 बजे खुलकर धनबाद, कोडरमा, गया, डेहरी ऑन सोल, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे वापी पहुंचेगी। 14. गाड़ी संख्या 09126 सहरसा-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को सहरसा से 18.00 बजे खुलकर खगड़िया, बेगूसराय, मोकामा, पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते दूसरे दिन 08.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। 15. गाड़ी संख्या 05560 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को रक्सौल से 13.30 बजे खुलकर सगौली, बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मुजफ्फरपुर के रास्ते अगले दिन 04.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। 16. गाड़ी संख्या 05559 हावड़ा-रक्सौल स्पेशल दिनांक 28.04.2024 को हावड़ा से 23.30 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

**जिला समादेष्टा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय, लातेहार**

लोकसभा चुनाव 2024
सर्वोच्च प्राथमिकता

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार जिला अन्तर्गत सभी प्रभावित बल महिला/परूष के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि निकट भविष्य में लोक सभा चुनाव–2024 के मद्देनजर बड़ी संख्या में चुनाव डियुटी में गृह रक्षकों कों प्रतिनियुक्त किये जाने का आदेश प्राप्त है। उक्त आदेश के आलोक में प्रभावित बल के सभी गृह रक्षकों खास कर वैसे गृह रक्षक जो वर्तमान में किसी भी कर्तव्य पर प्रतिनियुक्त नहीं है, कों आदेश दिया जाता है कि तत्काल जिला समादेष्टा कार्यालय में लोक सभा चुनाव हेतु आपना आगमन दर्ज करायें।

लोकसभा चुनाव अति संवेदनशील कार्य है जिसमें गृह रक्षकों की शत प्रतिशत भागीदारी अनिवार्य है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले गृह रक्षकों के विरूद्व तत्काल नामांकन रद्द् किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

पुलिस उपाधीक्षक मु0
–सह–
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,लातेहार

PR 323964 Police(24-25).D

चुनाव सर्वोच्च प्राथमिकता

**जिला समादेष्टा का कार्यालय**
**झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची के आदेश सह पठित ज्ञापांक– 820/OTD दिनांक– 16.04.2024 के आलोक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में गृह रक्षकों की कॉल–अप करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू के प्रभावित बल के गृह रक्षक (महिला/पुरूष) जो कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त हैं अथवा प्रतिक्षारत् हैं, वे चुनाव डियुटी की संवेदनशीलता को देखते हुए आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में विधि–व्यवस्था संधारण हेतु जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी पलामू के कार्यालय में अपना–अपना आगमन कराना सुनिश्चित् करें। विशेष रूप से डियुटी हेतु प्रतीक्षारत् गृह रक्षक निश्चित् रूप से आगमन करायेंगे। आगमन नहीं कराने की दशा में चुनाव ड्यिूटी जैसे सर्वोच्य कर्त्तव्य के प्रति उनकी अवहेलना मानते हुए मुख्यालय, राँची को उनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा कर दी जायेगी।

**आदेशानुसार**
ह0/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

PR 323973 Police (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, नहीं हो रही फॉगिंग

**फतेहपुर**। फतेहपुर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इस कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं मच्छरों के कारण कई प्रकार की बीमारियां फैलने की संभावना बनी हुई है। हालांकि लोग अपने घरों में क्वायल जलाकर मच्छरों से बचने के उपाय कर रहे हैं। इस कारण भी लोगों के सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण रात में अधिकांश लोग मच्छरदानी का प्रयोग कर रहे है।। फतेहपुर शहरी निवासी अखिलेश कुमार, मुकेश कुमार, गुंजन सिंह, मनोज यादव आदि लोगों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में इन समय मच्छरों का प्रकोप और भी ज्यादा बढ़ गया है। रात ही नहीं अब तो दिन में भी मच्छरों का आतंक शुरू हो गया है। इस कारण दिन में भी लोग चैन से नहीं बैठ पा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में भी मच्छरों का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ रहा है। मच्छरों को मारने के लिए विभाग के द्वारा समय-समय कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराये जाने की जरूरत है। दबा का छिड़काव नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ते ही जा रहा है। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मच्छरों से कई प्रकार की बीमारियां होती है। मच्छरों से बचने के लिए लोग मच्छरदानी का प्रयोग करें। क्वायल जलाने से भी स्वांस संबंधित बीमारियां होती है। मच्छर काटने से मलेरिया तथा अन्य प्रकार के बुखार होते हैं। इससे सभी लोगों को बचने की जरूरत है।

### पटाखे की चिंगारी से पशु बाड़े में लगी भीषण आग



**बोधगया**। मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में एक सूअर फार्म में शनिवार की देर रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और फार्म में रहे 20 से 22 सूअर को अपनी चपेट में ले लिया। सूअर फार्म, उसी गांव के रहने वाले वीरेंद्र मांझी का है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की रात करीब 01 बजे गांव से गुजर रहे बारातियों द्वारा आतिशबाजी की जा रही थी। जिसमें से कुछ आग की चिंगारी सूअर फार्म पर जा गिरी। जब आग की बड़ी-बड़ी लपटे फार्म से उठने लगी और सुअरों की चिल्लाने की आवाज गूंजने लगी तो आस-पास के ग्रामीण उठे और आग लगी देख चिल्लाने लगे। आवाज सुन वीरेंद्र मांझी भी उठ गए और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू करने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने बोधगया में स्थित फायर ब्रिगेड को फोन कर दिया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन आग ने सूअर फार्म में रहे सामान व सूअर को राख कर दिया। हादसे की सूचना पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने अशोक को आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया है। वीरेंद्र मांझी ने बताया कि बीती रात पूरा परिवार घर में सो रहा था। देर रात पशुबाड़े में अचानक आग लग गई। उसी दौरान तेज हवा से लपटें फैल गईं और पूरे पशुबाड़े को चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक 22 सूअर की जलने से मौत हो गई।

### नालंदा में दो पक्षों में झड़प, पुलिस पर रोड़ेबाजी, 3 महिला गिरफ्तार, 2 गांव के बीच हुआ था विवाद



**नालंदा**। नालंदा के थरथरी थाना क्षेत्र अंतर्गत दीरीपर गांव में बाराती पक्ष द्वारा जानवर को खिलाने वाला नाद टूट गया। इसके बाद अतवलचक और दिरीपर गांव के बीच मारपीट और रोड़ेबाजी होने लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद थरथरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद असामाजिक तत्व पुलिस से हाथापाई करने लगी। रोड़ेबाजी के कारण कुछ पुलिसकर्मी चोटिल भी हो गए। दरअसल, शनिवार की देर रात अतवलचक गांव से हरनौत के लिए बारात निकली थी। पड़ोस गांव के दिरीपर बारात पहुंचने के बाद सड़क किनारे रखा पशु को खिलाने वाला नाद हटाने के दौरान टूट गया। इसके बाद दोनों गांव के लोग आपस में भिड़ गए। रोड़ेबाजी के क्रम में बारात की कुछ गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस जब समझाने का प्रयास करने लगी तो बाराती पक्ष के लोगों ने पुलिस पर हमला करते हुए मारपीट, रोड़ेबाजी और फायरिंग कर दी। इसके कारण थाना की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। बल कम होने के कारण पुलिस को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद चंडी, नगरनौसा सहित अन्य थानों की पुलिस को बुलाया गया। इसके बाद पुलिस ने उपद्रवियों पर काबू पाया। थरथरी थाना अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि कुल 14 नामजद जबकि 8 से 10 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस उपद्रव में शामिल 3 महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य के विरुद्ध पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है।

### नाइट गार्ड व गेटकीपर बिना छात्राएं और कॉलेज असुरक्षित, गणित व केमेस्ट्री के शिक्षक भी नहीं




**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय मुख्यालय में 14 जुलाई, 1958 में स्थापित एकमात्र महिला कॉलेज बीआरएम की लड़कियों एवं संपत्ति की सुरक्षा चिंता का सबब है। बीते दो साल से यहां चतुर्थवर्गीय कर्मचारी विजय मंडल एवं प्रकाश कुमार के रिटायरमेंट के बाद स्थायी गेटकीपर एवं नाइट गार्ड नहीं है। मुंगेर विधायक प्रणव कुमार ने भी इस मामले को 2023 में ही विधान सभा में उठाया था। मगर अब तक गेटकीपर एवं नाइट गार्ड की बहाली नहीं हो सकी है। कॉलेज में कार्यरत महेन्द्र यादव से ही तत्काल नाइट गार्ड का काम लिया जा रहा है। जबकि रवि कुमार एवं राजू को कॉलेज प्रशासन ने गेट कीपर के रूप में अस्थायी तौर काम में लगा रखा है। इधर चिंता का सबब यह भी कि महिला कॉलेज के रूप में प्रतिष्ठित बीआरएम की यूजी की लड़कियां बिना गणित और केमिस्ट्री पढ़े ही पास कर रही हैं। केमिस्ट्री विषय में करीब 15 साल से प्राध्यापक नहीं हैं। जबकि गणित में भी लंबे समय से प्राध्यापक के नहीं रहने से कक्षाएं बाधित हैं। दिलचस्प यह भी कि यहां केमिस्ट्री एवं गणित विषय में छात्राएं नामांकित हैं। उल्लेखनीय है कि बीआरएम कॉलेज में पीजी को छोड़कर करीब 6600 लड़कियां(इंटर मिलाकर) नामांकित हैं। जरूरतमंदों के लिए हॉस्टल की सुविधा नहीं है। कॉलेज में शिक्षकों के 51 पद स्वीकृत हैं। जबकि यहां 18 स्थायी शिक्षक एवं 09 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। आखिर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का सपना कैसे होगा साकार कॉलेज के मुख्य द्वार पर स्थायी गेटकीपर के नहीं रहने से अवांछित तत्वों की बेरोकटोक आवाजाही होती है। इससे कॉलेज की लड़कियां एवं महिला प्राध्यापक अनहोनी की आशंका से घिरी रहती हैं। असुरक्षा और दहशत के साए में पढ़ाई करने वाली इन छात्राओं को लेकर आखिर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का सपना कैसे साकार होगा? यहां अध्यापनरत शिक्षकों की मानें तो आए दिन यहां कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती हैं।

# 2 दिन से लापता युवक का शव मकई के खेत से हुआ बरामद

निज संवाददाता। नालंदा



हत्या की आशंका जता रहे हैं परिजन

नालंदा में सड़क किनारे मकई के खेत में एक युवक का शव मिलने से सोमवार की सुबह सनसनी फैल गई। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर मोहल्ला के समीप की है। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रृंगार हॉट निवासी स्व. राजेश पासवान के (24) वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में की गई।

**2 दिन से था लापताः** प्रमोद कुमार के चाचा रंजीत पासवान ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उनका भतीजा दिल्ली से घर आया था। वो 2 दिन पूर्व घर से किसी काम की बात कह कर निकला था। इसके बाद से वह वापस घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गई बावजूद उसका कहीं अता-पता नहीं चल रहा था। आज सुबह खोजबीन के दौरान पता चला कि एक शव सलेमपुर जाने वाले रास्ते में सड़क किनारे मकई खेत मिला है। जाकर देखा तो शव की पहचान प्रमोद कुमार के रुप में की।

**शरीर पर चोट के निशानः** मृतक के चाचा ने बताया कि शव देखने से प्रतीत हो रहा है की किसी ने उसके साथ मारपीट की है जिससे कारण उसकी मौत हुई है। शरीर पर जगह जगह चोट के निशान हैं और आंख भी निकला हुआ है। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंचे। जहां शव को देख उनकी चीख पुकार मच गई। प्रमोद घर का एकलौता चिराग था।

**क्या बोली पुलिसः** सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि राहगीरों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक शव सड़क किनारे मकई खेत में पड़ा हुआ है। घटनास्थल पर शव देखने से यह प्रतीत हो रही है कि कहीं अन्यत्र जगह उसकी हत्या कर शव को लाकर यहां फेंक दिया गया। जांच के क्रम में पता चला कि दो दिन पहले से युवक लापता था। युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हत्या का वजह स्पष्ट नहीं हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## शादी में गया था परिवार, घर में चोरी, चार लाख के जेवरात और 50 हजार नगद ले गए

निज संवाददाता। नालंदा



मुख्य गेट का ताला तोड़ घटना को दिया अंजाम

नालंदा में बदमाशों ने फिर से एक बार बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है। मामला पावा पुरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत मुस्तफापुर गांव का है। चोरी की घटना मंती देवी के घर में हुई है। घटना के संबंध में पीड़िता ने बताया कि वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए सपरिवार नवादा जिला के सौर दरियापुर गांव अपने मायके गई हुई थी। पड़ोसियों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की घर का मेंन गेट का ताला टूटा हुआ। सूचना मिलने के उपरांत तत्काल वह अपने घर पहुंचे जहां देखा कि अज्ञात बदमाशों के द्वारा मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया गया है वहीं घर के अंदर 3 कमरों के तालों को तोड़ नगदी जेवरात की चोरी कर ली गई है।

**बर्तन भी ले गए चोरः** पीड़िता ने बताया कि बदमाशों के द्वारा स्टोरबेल और बक्शे को तोड़कर लगभग 50 हजार नगद एवं उनका और उनकी बहू के जेवरात की चोरी कर ली गई है। जिनमें पायल, बेसर, चांदी की बलिया, चांदी की सिकड़ी, गला का लॉकेट, कर्णबाली, काशा का बर्तन समेत अन्य कीमती सामानों को चुरा लिया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख से अधिक की है। गाढ़ी कमाई के चोरी हो जाने के उपरांत परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं चोरी की ख़बर सुन आस पास के लोग भी पीड़िता के घर पहुँच सांत्वना देने में जुट गए। वहीं घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामलें की जांच में जुट गई है। पावापुरी ओपी प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। घर बंद रहने के कारण बदमाशों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## 26 अप्रैल को पीएम मोदी मुंगेर में करेंगे चुनावी सभा



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में प्रचार करने 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। जिला मुख्यालय स्थित सफिया सराय हवाई अड्डा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आने के पहले 24 अप्रैल को जिला में दीप जलाकर दीपावली मनाई जाएगी। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री पहली बार मुंगेर आ रहे है। इससे पहले वह 2015 के विधानसभा चुनाव में मुंगेर आए थे। उनकी सभा को लेकर पार्टी के नेता सभी प्रखंड और मोहल्ले में जाकर बैठक कर रहे है। इसके माध्यम से सभा में आने के लिए सभी लोगों से आग्रह किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर बूथ से लोग आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ वापस आ रहे हैं। सभा स्थल पर पीने के पानी व पंडाल के साथ स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि यहां आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार, लोकसभा प्रभारी प्रकाश भगत, जिला महामंत्री अरुण कुमार सिंह, प्रवक्ता प्राण रंजन विकास, चंद्रचूड़ साक्षी आदि मौजूद थे।

## संदिग्ध व्यक्तियों पर बैंकों में रखी जाएगी निगरानी

### SP के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने चलाई सघन अभियान

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को देखते हुए एसएसपी आनंद कुमार के निर्देश पर रविवार को दर्जनों एटीएम और वित्तीय प्रतिष्ठानों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में मधुसुदनपुर थाना की पुलिस ने दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के ब्रांच में सघन चेकिंग अभियान चलाया। वहीं, इस दौरान थानेदार मोहम्मद सफदर अली ने बैंकों में सुरक्षा इंतजाम को परखते हुए बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष रूप से सतर्कता बरतने की सलाह दी है। थानाध्यक्ष ने बैंक परिसर और एटीएम में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर यथाशीघ्र पुलिस को सूचना देने की बात कही है। उन्होंने जांच के दौरान बैंक में आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ करते हुए सीसीटीवी और सुरक्षा से जुड़े अन्य उपकरणों की भी जांच की। थानेदार ने एटीएम के बाहर खड़े लोगों की तलाशी लेते हुए उन लोगों को बिना काम के बैंक शाखाओं और एटीएम के इर्द - गिर्द खड़ा नहीं रहने की हिदायत दी है। अधिकारियों के आवास के पास से ठगी के बाद एक्शन में आई प्रशासन-डीडीसी आवास के पास वाले एसबीआई एटीएम से वृद्ध विनोद सिंह से दो ठग ने कार्ड बदल कर ठगी कर ली। उन्होंने साइबर थाने में केस दर्ज कराया। जिस जगह पर ठगी हुई, वहां से 25 मीटर पर कमिश्नर कार्यालय के पास तीन एचडी कैमरे लगे हैं। करीब 200 मीटर की दूरी पर आदमपुर चौक पर 5 कैमरे लगे हैं। ठग किसी तरफ भागा होगा, तो कैमरे में कैद होगा। लेकिन पुलिस को फुटेज नहीं मिल सका है। जांचकर्ता एसआई राममोहन ने कहा कि ठग का सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल पाया है। इसलिए एटीएम में लगे सीसीटीवी का फुटेज उपलब्ध कराने के लिए एसबीआई के प्रबंधक को पत्र लिखा है।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। गया

अब तक नहीं हुई पहचान



गया जिले के खिजरसराय प्रखंड के चिरैली पचरुखी मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि ना ही युवक की पहचान हो पा रही है और ना ही उसके स्कूटी के नम्बर से ही युवक की शिनाख्त में कोई मदद मिल रही है। मृतक का शव वीभत्स स्थिति में है। घटना रविवार की रात 3 बजे के आस-पास की है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा है। अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

**नहीं हो सकी शव की शिनाख्तः** गौरतलब है कि किसी शादी समारोह से देर रात लौट रहे लोगों ने सड़क पर मृत पड़ा हुआ शव देखा। पास में ही स्कूटी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ मिला। शव के चिथड़े उड़े हुए थे। समारोह से लौटने वाले लोगों घटना की सूचना पुलिस को दी। देर रात ही मौके पर खिजरसराय की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया और थाने ले गई। थाने से शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। खिजरसराय थानाध्यक्ष कमलेश राम ने बताया कि शव की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। इस वजह से समस्या आ रही है। उन्होंने बताया कि शव और स्कूटी को कई वाट्सएप ग्रुप में मैसेज किया गया है। लेकिन कहीं से कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने बताया कि घटना रविवार के देर रात सोमवार की सुबह करीब 3 बजे की घटना है। शव की स्थिति बेहद बुरी है। घटना स्थल से किसी प्रकार का कोई कागज भी बरामद नहीं हुआ है जिससे मृतक की शिनाख्त की जा सके।

## भाजपा प्रवक्ता जयराम विपल्व ने इंडिया गठबंधन पर कसा तंज

निज संवाददाता। मुंगेर



- राहुल और तेजस्वी पर बोला हमला, कहा-परिवार की पार्टी से नुकसान होना तय

भाजपा प्रवक्ता जयराम विप्लव ने वीडियो जारी करते हुए इंडिया गठबंधन की पार्टी पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव का समय है इसलिए राहुल गांधी चुनाव का पिटारा लेकर आए है, लेकिन 4 जून को वह पिटारा को समेट कर भाग जाएंगे। वहीं राजद पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष जब एक परिवार की पार्टी हो जाती है तो इसमें नुकसान होना तो तय है। पति जब जेल जाते है तो पत्नी को सीएम बना देते है। इसके बाद पति जब मुखिया तक का चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित हो जाता है तो नौवीं फेल नाबालिग बेटे के उम्र में हेर-फेर कर सीधे उप मुख्यमंत्री बना दिया जाता है।वहीं दूसरे सनकी बेटे को मंत्री बना दिया जाता है। ऊपर से बेटी को राज्यसभा भेज दिया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन को पता है कि इश चुनाव का परिणाम क्या होगा। जब जीतना ही नहीं है तो जो मन करे बोले। राहुल गांधी हर चुनाव में लॉन्च होते है, चुनाव के बाद जब फेल हो जाते है तो प्लेन से इटली, लंदन या अमेरिका के लिए निकल जाते है।

### गया में इंडस्ट्री डेवलपमेंट पर चिंतन, स्टैब्लिश करने में महंगी जमीन डाल रही अड़चन

**गया**। गया में बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें उद्योग लगाए जाने और उससे जुड़ी समस्याओं पर प्रमुखता से गंभीर चिंतन हुआ। बैठक में मगध क्षेत्र के विभिन्न जिलों में उद्योग चलाने वाले कारोबारी शामिल हुए। बैठक में चर्चा हुई की कारोबारी के लड़के अब कारोबार से क्यों पीछे हट रहे हैं। वह नौकरी की तरफ ही क्यों भाग रहे हैं। इन तमाम मसलों पर व्यापारियों ने अपनी अपनी बातें रखी। साथ ही तय किया गया कि विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए मसौदा तैयार कर सरकार के समक्ष रखा जाए। उसका हल निकाला जाए। इस बैठक में इंडस्ट्री के लिए जमीन और इंटरेस्ट सब्सिडी पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा पर्यटन उद्योग पर भी पर्यटन से जुड़े कारोबारी ने भी अपनी बातें रखी।

## बिना तिलक दहेज के करते हैं विवाह, एक भी नहीं है 10वीं पास, नहीं मिलता सरकारी योजनाओं का लाभ

निज संवाददाता। बांकेबाजार



प्रखंड के देलहो गांव में मलार जाति के लोग पीतल के सामानों पर कलाकारी कर आज भी कर रहे हैं गुजर-बसर। सरकार सभी जाति-धर्म के लोगों के उत्थान के लिए कानून बनाकर तथा विभिन्न योजनाओं का संचालन कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने पर कार्य कर रही है। लेकिन, मलार जाति के परिवार आज भी सरकारी लाभ से वंचित हैं। कम पढ़े-लिखे होने के कारण दिन ब दिन इनकी माली हालत खराब होते जा रही है।

**70 साल पहले जमींदार ने बसाया था परिवारः** जानकारी के अनुसार क्षेत्र के जमींदार ने करीब 70 वर्ष पहले देलहो गांव में मलार जाति के एक परिवार को बसाया था। आज उसी एक परिवार में 50 लोग निवास करते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के कारण आज भी ये लोग सड़क के किनारे झोपड़ी बनाकर जीवन बसर करने को मजबूर हैं। गांव की बेलमंती देवी ने बताया कि उनके पूर्वज 70 साल से देलहो गांव में रह रहे हैं। लेकिन, आज भी उनके पास अपनी जमीन नहीं है। जमींदार द्वारा उन्हें इस गांव में बसाया गया था। उन्हीं के द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन में वे झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। आज तक उनके पास उस जमीन का किसी तरह का कागजात भी नहीं है। जिस जमीन पर वे निवास करते हैं। वह बिहार सरकार की है। लेकिन, गांव के कुछ दबंग लोग बराबर उस जमीन को खाली करने की धमकी देते रहते हैं। पीतल के सामान बनाकर करते हैं गुजर-बसर बेलमंती देवी ने बताया कि उनके पूर्वज पीतल का कल्छुल, मलवा, पईला, झंझरा, जानवरों के गले में बांधने वाली घंटी, पूजा करने के लिए दीप सहित दर्जनों प्रकार के सामान खुद कलाकारी कर बनाते थे। इसी कलाकारी को आज भी वे जिंदा रखे हुए हैं। इसके माध्यम से दो जून की रोटी का जुगाड़ हो जाता है। मिट्टी की भट्ठी में 15 दिनों की मेहनत से तैयार होते हैं पीतल के सामान पीतल के सामान बनाने के लिए पहले मिट्टी की भट्ठी का निर्माण किया जाता है। बाद में मिट्टी का फार्मा बनाकर उक्त भट्ठी में पीतल को गलाते हैं। पीतल को गलाने के बाद उसे विभिन्न ढांचों में ढाला जाता है। इसे बनाने के लिए खदान से निकले कोयले का नहीं जंगली लकड़ी खैर प्रजाति की जड़ का ही उपयोग होता है। 15 दिनों तक कड़ी मेहनत कर पीतल के सामान बनाए जाते हैं। समाज की महिलाएं इसे गांव-देहात में जाकर बेचती हैं। इससे होने वाली आय से पूरे परिवार का गुजर-बसर होता है। समाज में आज भी होता है दहेज मुक्त विवाह बेलमंती देवी ने बताया कि उनके समाज में विवाह करने के लिए किसी तरह का दहेज नहीं देना पड़ता है। केवल लड़का-लड़की पसंद होने चाहिए। एक दिन में ही विवाह संपन्न हो जाता है। उन्होंने बताया कि चूंकि इस क्षेत्र में उनके समाज के लोग नहीं हैं। इसलिए विवाह करने के लिए झारखंड जाना पड़ता है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी आजतक यह समाज सरकारी योजनाओं से महरुम है।

# बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष की हत्या में 2 को उम्रकैद, आरा कोर्ट ने 5 दोषियों को 10 साल की सजा सुनाई

निज संवाददाता। आरा



बिहार बीजेपी उपाध्यक्ष विशेश्वर ओझा की हत्या के मामले में आरा कोर्ट ने 2 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडीजे-8 ने हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 85-85 हजार का फाइन लगाया गया है। वहीं अन्य पांच दोषियों को 10 साल और 35–35 हजार रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। 12 फरवरी 2016 में विशेश्वर ओझा की हत्या हुई थी। इस मामले में एक गवाह की भी हत्या हो चुकी थी। इस हत्याकांड में कोर्ट ने सात आरोपियों को दोषी बनाया है, जिनमें ब्रजेश मिश्रा, हरेश मिश्रा, उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह शामिल हैं। इसमें ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा दोनों सगे भाई हैं, जो पहले से जेल में बंद है। वहीं कोर्ट साक्ष्य के अभाव में छह आरोपियों को बरी कर चुकी है। अपर लोक अभियोजक मानिक कुमार सिंह ने बताया कि ब्रजेश मिश्रा को भाजपा नेता के गवाह कमल किशोर मिश्रा के मर्डर केस में पहले उम्र कैद की सजा मिल चुकी है।

**बेटा बोला- जिसने गलती की, उसे सजा मिलीः** दोषियों की सजा के बाद विशेश्वर ओझा के बेटे राकेश ओझा ने कहा कि सभी को कानून का सम्मान करना चाहिए, जिन लोगों ने गलती की थी, पाप किया था उनको सजा मिली है। इस केस को हम लोग यहां ही नहीं, जरूरत पड़ेगी तो हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक ले जाएंगे, लेकिन हत्यारों को बचने नहीं देंगे। यह एक राजनीतिक हत्या थी, राजनीतिक लोगों के द्वारा हत्या कराई गई थी। राजनेताओं द्वारा पाले गए गुंडे इसमें शामिल थे। पुलिस जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। उसके बाद भी न्याय की जीत हुई है। मैं सभी गवाहों को धन्यवाद देता हूं। इन लोगों ने हमारे एक गवाह की हत्या के बाद भी कोर्ट में अपनी गवाही दी। उनके गवाही के बदले सभी आरोपियों को सजा मिली।

**◆ 85-85 हजार का फाइन भी**

**12 फरवरी 2016 का है मामलाः** 12 फरवरी 2016 की देर शाम भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष सह कद्दावर नेता ओझवलिया गांव निवासी विशेश्वर ओझा एक शादी के लिए अपनी सफारी गाड़ी से सोनवर्षा गांव गए हुए थे। लौटने के दौरान आरोपियों ने सोनवर्षा गांव में पहले जैसे ही विशेश्वर ओझा की गाड़ी गांव से बाहर निकली, तभी गाड़ी को रुकवाकर गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया था। इस हत्याकांड के बाद मृतक बीजेपी नेता के परिजनों के द्वारा शाहपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी में बृजेश मिश्रा, उसके भाई हरीश मिश्रा सहित करीब 13 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इस हाई प्रोफाइल हत्याकांड में 402/18 और 390/16 दो सेशन ट्रायल के तहत मुकदमे में सुनवाई करते हुए मुख्य आरोपी बृजेश मिश्रा को 402/18 सेशन ट्रायल में आईपीसी की धारा 302,307 और 27 आर्म्स एक्ट मामले में दोषी पाया था। जबकि हरेश मिश्रा को 390/16 सेशन ट्रायल में आईपीसी की धारा 302,307 और 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी कर दिया था। वहीं अन्य पांच अभियुक्त उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, पप्पू सिंह और हरेंद्र सिंह को भाजपा नेता की हत्याकांड में साजिश के तहत शामिल होने के मामले में आईपीसी की धारा 307 और 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी माना था। अपर लोक अभियोजन मानिक कुमार सिंह ने बताया कि हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्र को 302 के तहत आजीवन कारावास दिया गया है। अन्य 5 आरोपियों को 307 के तहत 10 वर्षों की सजा है। वहीं कमल किशोर की हत्या के मामले में भी आरोपियों को आजीवन कारावास दिया गया था। सभी सजा साथ-साथ चलेंगी, जिसमें ब्रजेश मिश्र और हरेश मिश्रा को आजीवन कारावास और 85 हजार रुपए का फाइन और अन्य 5 आरोपियों पर 35 हजार फाइन और 10 साल की सजा हुई है। सभी गवाहों के आधार पर अदालत ने आज फैसला सुनाया है। इसके तहत मैंने बताया कि यह सामाजिक टेरर है। आरोपियों द्वारा एक राजनेता की हत्या की गई है और एक प्लांड मर्डर किया गया है।

**मुख्य गवाह की कर दी गई थी गोली मारकर हत्याः** कारनामेपुर ओपी अंतर्गत सोनवर्षा गांव में 28 सितंबर 2018 की पहले सुबह भाजपा नेता के मुख्य गवाह कमल किशोर मिश्रा को उनके घर के समीप ही पशुओं का चारा लाने के समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कमल किशोर मिश्रा के पिता श्रीमन नारायण मिश्र द्वारा गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई थी। 12 फरवरी 2024 को मुख्य गवाह कमल किशोर मिश्रा की हत्या के मामले में आरा कोर्ट द्वारा ट्रायल के बाद कांड के चार आरोपियों उमाशंकर मिश्रा,ब्रजेश मिश्रा,मुक्तेश्वर मिश्र और राज किशोर पाल को दोषी पाते हुए सश्रम उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दो शराब तस्कर गिरफ्तार, दोनों को भेजा गया जेल

**आरा।** मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के जमीरा गांव से दो शराव तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों तस्कर जमीरा गांव निवासी अवध बिहारी राम और सुखल मुसहर है। पुलिस ने शराव के मामले में जनवरी में भी दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजी थी। जमानत पर बाहर आने के बाद दोनों फिर शराव के धंधे से जुड़ गए थे। जिसे पुलिस तलाश रही थी। दोनों तस्कर पुलिस को देख कर भागने लगे थे। लेकिन पुलिस ने दौड़ कर दोनों को पकड़ा। दोनों तस्कर को फिर पुलिस ने जेल भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के ही नागों पुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार प्रसाद उम्र 28 वर्ष पिता लाल बिहारी प्रसाद और राहुल कुमार उम्र 20 वर्ष पिता श्री भगवान प्रसाद गजराजगंज थाना गजराजगंज घायल हो गए। घायल रिश्ते में जीजा साला लगते है। दोनों बाइक से गैस लाने के लिए आरा जा रहे थे। उसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही असंतुलित बाइक ने ठोकर मार दिया। जिसमें दोनों घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल भेज दिया।

### पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो को भेजा जेल

**गड़हनी।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग मामले में गड़हनी पुलिस दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।केस संख्या० 40/24 जो 7 मार्च को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था जिसका आरोपी फरार चल रहा था,उक्त आरोपी के पास से 23 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ था, लेकिन आरोपी फ़रार था।जिसको ले आज घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार आरोपी -सहंगी निवासी हीरामन पासवान के पुत्र बताया जा रहा हैं। वही दूसरे मामले में 8 अप्रैल को दर्ज केस संख्या 62/24 जो बिहार मद्यनिषेध एवं अधिनियम के तहत आरोपी सिकरिया निवासी लालबाबू के पत्नी सीता देवी विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ़्तार किया गया है इनके पास से 16 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है जिसे जेल भेज दिया गया।

### ईंट-पत्थर से सिर कूचकर महिला की हत्या




**बक्सर।** बक्सर के समहुता गांव में एक महिला की ईंट-पत्थरों से कूच कर हत्या कर दी गई है। हत्या का आरोप उसके पति पर ही लगा है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीपीओ धीरज कुमार ने जांच की और हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश शुरू कर दी। हालांकि घटना के बाद से पति और अन्य घरवाले मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। समहुता गांव निवासी कृष्ण बिहारी चौधरी गांव पर रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। कृष्ण बिहारी चौधरी का अपनी पत्नी 48 वर्षीय रुना देवी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद घटना हुई है। हत्यारे ने ईंट-पत्थरों से सिर और शरीर पर कई प्रहार किए। घटना के बाद पति एक पुत्र, दो पुत्री को लेकर अन्य स्वजनों के साथ फरार है। बक्सर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि धनसोई थाना क्षेत्र के समहुता गांव में एक घर में महिला के शव होने की सूचना मिली थी। हत्या की सूचना मिलने पर वहां पहुंचा जिसके बाद मौके पर पहुंच मामले की जांच की गई। हत्या ईंट-पत्थरों से कूच कर की गई है। हत्या के बाद से ही हत्यारोपी पति व अन्य स्वजन फरार हैं। घटना के कारणों का पता गया जा रहा है।

### बीजेपी प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने ब्रह्मपुर के कई गांवों में चौपाल व जनसंपर्क किया



**ब्रह्मपुर।** एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के बक्सर लोकसभा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने ब्रह्मपुर विधानसभा के ब्रह्मपुर मंडल के योगियां पंचायत के शिव मंदिर के बगल में, ओझवलिया, गरहथा कला, चुरहरवा डेरा, गायघाट, नीमेज, पुरवा टोला, देवकुली तथा ब्रह्मपुर में जनसंपर्क सह आशीर्वाद यात्रा के क्रम में जगह जगह पर गांव के लोगों द्वारा आयोजित चौपाल में उपस्थित हो कर लोगों से हाल चाल जाना तथा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित बड़े, बुजुर्ग, युवा से प्रणाम कर आशीर्वाद लेने का कार्य किया। चुनावी चौपाल में उपस्थित लोगों ने अपने अपने क्षेत्र, गांव, टोलों के कठिनाइयों को भी भाजपा प्रत्याशी को अवगत कराया। तिवारी ने लोगों द्वारा उठाए गये सदस्यों को ध्यान से सुना और लोगो को विश्वास दिलाया कि हिन्दुस्तान गांवों का देश है और आजादी के इतने वर्षों तक अगर गांव विकसित नहीं हो पाएं है तो कहीं न कहीं मोदी जी से पूर्ववर्ती सरकारें इसके लिए जिम्मेदार है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि जब से मोदी जी की सरकार बनी है तब से मोदी जी ने विकसित भारत का सपना देखा है और निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज देश को मोदी जी की जरूरत है। मैं मिथलेश तिवारी आप सबों को विश्वास दिलाते हैं कि बक्सर को बनारस बनानें में कोई कसर नही छोड़ुंगा। भाजपा मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय, पूर्व विधायिका दिलमणी देवी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धीरेंद्र तिवारी, वरिष्ठ नेता सतेंद्र कुंवर, दुर्गाचरण मिश्रा, भुटेली तिवारी, चुन्नु सिंह, ब्रजेश चौबे, रोहित ओझा, दीपक पाण्डेय, दिनेश सिंह, लाला सिंह मिठाई सिंह, जयप्रकाश राय, भुटेली तिवारी, धनंजय राय, विनोद राय, सोनू राय, तेज प्रताप सिंह, बबुआ तिवारी, अमित पांडेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यूपीएससीः सिद्धांत का पैतृक गांव मझरिया में स्वागत



**बक्सर।** यूपीएससी की परीक्षा में 114 वां रैंक हासिल कर सफलता पाने वाले सिद्धांत कुमार रविवार को अपने पैतृक गांव मझरिया पहुंचे। जहां गांव पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत कर घर लाया गया। घर आते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। वहीं बड़े बुजुर्गों ने जी भर कर आशीर्वाद दिया। परिवार तथा गांव के लोगों ने कहा कि सिद्धान्त ने मझरिया के साथ ही बक्सर जिले और बिहार का मान बढ़ाया है। गांव पहुंचे सिद्धान्त को देख न केवल युवा बलिक गांव का हर कोई उत्साहित नजर आया। सबसे पहले उन्होंने मन्दिर में जाकर माथा टेक आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने न केवल गांव बल्कि जिले के प्रतियोगी छात्र छात्राओं को सन्देश देते हुए कहा कि परिस्थितियां से लड़ने की मंशा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिलगेट्स जी ने कहा कि आपका दोष गरीब पैदा होने में नहीं परन्तु आप गरीब ही मर गए तो पूर्णतः दोष आपका है। इसके साथ ही कहा कि अपने आत्मबल पर भरोसा रखें और निरन्तर प्रयास कर सफलता को छीन लें। इस दौरान पिता श्याम नंदन सिंह(झुन्नू सिंह) मां रंजू सिंह, अजय सिंह(चाचा), सत्येंद्र सिंह,नवल किशोर सिंह,मिथिलेश तिवारी,जनार्दन सिंह,कौशलेंद्र ओझा,धर्मेन्द्र सिंह राजपुत, सच्चिदानंद सिंह,प्रीति नन्दा,अलखनन्दा आदि ने बधाई दी।

## माता अहिल्या के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के अहिरौली में माता अहिल्या के नवनिर्मित मंदिर की पूजा तथा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू किया गया। जिसका समापन 23 अप्रैल को भंडारे के साथ किया जाएगा। एक दिन पूर्व मां अहिल्या सह श्री राम परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत जलभरी के साथ किया गया है। जिसमें मंडप स्थापना एवं पूजन हवन तथा नगर यात्रा की गई रविवार को दिन में मंडप स्थापन, देव पूजन, प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में भगवान श्री राम बक्सर पहुंचने के साथ गौतम ऋषि के पत्नी का उद्धार किया था। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज के द्वारा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक श्री राम कथा का रसपान भक्तों को कराया जा रहा है। श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज के द्वारा भागवत कथा शाम 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कही जा रही है।

**विश्वामित्र के साथ आए थे राम और लक्ष्मणः** पुरानी मान्यताओं के अनुसार ऋषियों की राक्षसों से रक्षा के लिए दंडक वन की ओर गए, जो अब बिहार के बक्सर जिला माना जाता है। यहां ताड़का वध किया। ताड़का रावण के परिवार की पहली राक्षसी थी जो राम के हाथों मारी गई। इसके बाद वहीं विश्वामित्र के सिद्धाश्रम में सुबाहु आदि राक्षसों का वध किया और यज्ञ की रक्षा की। ये आश्रम आज बक्सर में ही सिद्धाश्रम के नाम जाना जाता है। इसके बाद विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को अहियारी ले गए।

## भोजपुर में दुल्हन के चाचा को मारी गोली, आरोपी की पिटाई, अपनी जाति का गाना बजा रहे थे लोग

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में शादी के दौरान जातिसूचक गाना बजाने के विवाद में बदमाशों ने दुल्हन के चाचा संतोष राम (40) को गोली मार दी। उन्हें बाईं जांघ में गोली लगी है। वहीं घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी और पुलिस को सौंप दिया। घायल शख्स को आनन–फानन में इलाज के लिए सहार PHC ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना जिले के सहार थाना क्षेत्र के बरूही गांव की है।

**अपनी नहीं, मेरी जाति का गाना बजाओः** घायल सहार थाना क्षेत्र के बरूही गांव निवासी वकील राम के बेटे संतोष राम हैं। उन्होंने बताया कि उनके चचेरे भाई अंतू राम की बेटी टुन्नी कुमारी की बारात सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव से आई हुए थी। बारात आने के बाद द्वार-पुजाई और जयमाला होने के बाद बारातियों की स्वागत के लिए समियाना में नाच प्रोग्राम का कार्यक्रम रखा गया था। उस कार्यक्रम में हमारे जाति का गाना बज रहा था। इसी बीच एक युवक आया और कहने लगा कि अपनी जाति का गाना बंद करो और मेरी जाति का गाना बजाओ।

**❒ बदमाश ने अपना गाना बजाने को कहा था**

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारीः** संतोष ने कहा कि वो पिस्टल के बल पर गाना बंद कराकर दूसरा गाना बजवाना चाहता था, जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो उसने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकी देने लगा। इसके बाद उसने फायरिंग कर दी, जिसमें गोली मेरी जांघ में लगी है। गोली लगते ही ग्रामीणों ने आरोपी को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद सहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आई है। पकड़ा गया आरोपी अगिआंव गांव निवासी गजेंद्र यादव का बेटा सूरज कुमार उर्फ सूरज कांत है। घटना के बाद पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## जिले में बनेंगे 4 नया शहरी प्रा. स्वास्थ्य केंद्र, दो के भवन बनाने की मिली मंजूरी

**आरा।** भोजपुर जिले की स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने के लिए जिले में 4 और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाये जायेंगे। इसके अलावे दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन भी बनेगा। यह नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के तहत बनाये जाने है। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य विभाग से मंजूरी अचार संहिता लागू होने से पूर्व ही मिल चुकी है। भोजपुर जिले में पहले से ही 303 हेल्थ ऐंड वैलनेस सेंटर, 27 अतिरिक्त उपस्वास्थ्य केंद्र, एक अनुमंडलीय अस्पताल, एक सदर अस्पताल, 2 रेफरल अस्पताल, 4 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। पीरो और जगदीशपुर में 2-2 और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद जिले में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की संख्या अब 8 हो जाएगी।

## चलती ट्रेन पर चढ़ने के प्रयास में गिरी महिला, बक्सर में प्लेटफार्म और ट्रैक के गैंप में फंसी

**बक्सर ।** बक्सर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के तत्परता से आज एक महिला की जान बच गई। महिला चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। तभी उसका पैर फिसलने से वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में फंस गई। जिससे स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना को देखकर आरपीएफ बक्सर द्वारा तत्काल गाड़ी में एसीपी करा कर गाड़ी को रूकवाया गया और महिला को उस गैप से बाहर निकाला गया।बक्सर के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। पैर फिसलने पर गिरीः मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20802 डाउन से एक 50 वर्षीय महिला अपने पुत्र के साथ बक्सर से वाराणसी जाने के लिए बक्सर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। घायल महिला का नाम उपमा सिंह है जो खरौनी कोठी स्टेशन रोड बलिया की रहने वाली है। बताया गया की वह ट्रेन पर चढ़ने ही वाली थी तभी ट्रेन खुलने लगी। चलती गाड़ी में चढ़ने के क्रम में उक्त महिला का पांव ट्रेन के पायदान पर नही पड़ा और वो प्लेटफॉर्म और ट्रेन के मध्य गैप में गिर गई।

एसीपी करवाकर बचाई जानः आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की घटना को देखकर द्वारा तत्काल गाड़ी में एसीपी करवा कर गाड़ी को रूकवाया गया और महिला को उस गैप से बाहर निकाला गया। महिला को कुछ चोट आई थी। जिसे तत्काल इलाज वास्ते सदर हॉस्पिटल बक्सर भेज दिया गया।


## पूर्व रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिनः732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा मालदा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर 03/04 व्हीलर पार्किंग और एसएलआर में पार्सल जगह के अनुबंध के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल नीचे वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बोली करेंगे। नीचे वर्णित इन निविदा संख्याओं के लिए हार्ड कॉपी में कोई निविदा कागजात नहीं बेचा जाएगा।

**मालदा मंडल के तहत 03/04 व्हीलर पार्किंग के लिए ई–नीलामी**

**कैटेगरी**ः पार्किंग–मिक्स्ड, **क्रम सं.ः एए/1, लॉट सं.**ः पार्किंग–एमएलडीटी–बीजीपी–एमएक्स–55-24-1, **विवरण**ः भागलपुर के सर्कुलेटिंग एरिया में निर्दिष्ट स्थान पर थ्री व्हीलर्स एवं फोर व्हीलर्स के लिए पार्किंग लॉट, **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** (11.45 बजे)ः 06.05.2024 को 12.15 बजे।

**मालदा मंडल के तहत एसएलआर में पार्सल जगह के लिए ई–नीलामी**

**कैटेगरी: (i)** पार्सल–एसएलआर [क्रम सं. एए/1 से एए/30 के लिए] **(ii)** पार्सल–वैन [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **विवरण: (i)** एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट) [क्रम सं. एए/1 से एए/30 के लिए] **(ii)** ट्रेन नं.12335-12336-वीपी-1-बीजीपी-एलटीटी-बीजीपी के पार्सल वैन में पार्सल जगह [क्रम सं. एबी/1 के लिए] । **क्रम सं., लॉट सं., ई–नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** (11.45 बजे) : **एए/1,** 13418-एसएलआर-आर1-एमएलडीटी-डीजीएचए-22-1, 06.05.2024 को 12.15 बजे, **एए/2,** 13235-एसएलआर-एफ1-एसबीजी-डीएनआर-22-1, 06.05.2024 को 12.25 बजे, **एए/3,** 13154-एसएलआर-आर1-एमएलडीटी-एसडीएएच-22-1, 06.05.2024 को 12.35 बजे, **एए/4,** 13419-एसएलआर-एफ2-बीजीपी-एमएफपी-22-1, 06.05.2024 को 12.45 बजे, **एए/5,** 14003- एसएलआर-एफ1-एमएलडीटी-एनडीएलएस-22-2, 06.05.2024 को 12.55 बजे, **एए/6,** 22948- एसएलआर-एफ1-बीजीपी-एसटी-22-1, 06.05.2024 को 13.05 बजे,**एए/7,** 13454- एसएलआर-एफ2-एमएलडीटी-एसडीएएच-22-1, 06.05.2024 को 13.15 बजे, **एए/8,** 13235- एसएलआर-आर1-एसबीजी-डीएनआर-22-1, 06.05.2024 को 13.25 बजे, **एए/9,** 13404- एसएलआर-आर1-बीजीपी-आरएनसी-22-1, 06.05.2024 को 13.35 बजे, **एए/10,** 12254- एसएलआर-एफ1-बीजीपी-वाईपीआर-22-1, 06.05.2024 को 13.45 बजे, **एए/11,** 12349- एसएलआर-एफ1-जीओडीए-एनडीएलएस-23-1, 06.05.2024 को 13.55 बजे, **एए/12,** 13418- एसएलआर-एफ2-एमएलडीटी-डीजीएचए-22-1, 06.05.2024 को 14.05 बजे, **एए/13,** 13404- एसएलआर-एफ1-बीजीपी-आरएनसी-22-1, 06.05.2024 को 14.15 बजे, **एए/14,** 13404- एसएलआर-एफ2-बीजीपी-आरएनसी-22-1, 06.05.2024 को 14.25 बजे, **एए/15,** 13425-एसएलआर-एफ1-एमएलडीटी-एसटी-23-1, 06.05.2024 को 14.35 बजे, **एए/16,** 13235-एसएलआर-एफ2-एसबीजी-डीएनआर-22-1, 06.05.2024 को 14.45 बजे, **एए/17,** 13419-एसएलआर-एफ1-बीजीपी-एमएफपी-22-1, 06.05.2024 को 14.55 बजे, **एए/18,** 12367-एसएलआर-एफ1-बीजीपी-एएनवीटी-22-1, 06.05.2024 को 15.05 बजे, **एए/19,** 15097-एसएलआर-एफ1-बीजीपी-जेएटी-22-1, 06.05.2024 को 15.15 बजे, **एए/20,** 13154-एसएलआर-एफ1-एमएलडीटी-एसडीएएच-22-1, 06.05.2024 को 15.25 बजे, **एए/21,** 13401-एसएलआर-एफ2-बीजीपी-डीएनआर-22-1, 06.05.2024 को 15.35 बजे, **एए/22,** 13418-एसएलआर-एफ1-एमएलडीटी-डीजीएचए-22-1, 06.05.2024 को 15.45 बजे, **एए/23,** 13429-एसएलआर-एफ1-एमएलडीटी-एएनवीटी-22-1, 06.05.2024 को 15.55 बजे, **एए/24,** 12335-एसएलआर-एफ1-बीजीपी-एलटीटी-22-1, 06.05.2024 को 16.05 बजे, **एए/25,** 13466-एसएलआर-आर1-एमएलडीटी-एचडब्ल्यूएच-22-1, 06.05.2024 को 16.15 बजे, **एए/26,** 13401-एसएलआर-एफ1-बीजीपी-डीएनआर-22-1, 06.05.2024 को 16.25 बजे, **एए/27,** 13429-एसएलआर-एफ2-एमएलडीटी-एएनवीटी-22-1, 06.05.2024 को 16.35 बजे, **एए/28,** 13429-एसएलआर-आर1-एमएलडीटी-एएनवीटी-22-1, 06.05.2024 को 16.45 बजे, **एए/29,** 13466-एसएलआर-एफ1-एमएलडीटी-एचडब्ल्यूएच-22-1, 06.05.2024 को 16.55 बजे, **एए/30,** 13409-एसएलआर-आर1-एमएलडीटी-केआईयूएल-22-1, 06.05.2024 को 17.05 बजे, **एबी/1,** 12335-12336-वीपी-1-बीजीपी-एलटीटी-बीजीपी-23-1, 06.05.2024 को 17.15 बजे।

**बयाना राशि : (%):** 5 [उपर्युक्त सभी निविदाओं के लिए] । **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः** **www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ डीसीएम/मालदा/पूर्व रेलवे (उपर्युक्त सभी निविदाओं के लिए)।

MLD-13/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## तीन और स्पेशल ट्रेनें

ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, तीन ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव, यात्रा की तिथि तथा संयोजन के अनुसार चलाई जाएंगीः

**09123/09124 वापी-आसनसोल-रतलाम स्पेशल**

| वापी-आसनसोल | | | (09123)(09124) | आसनसोल-रतलाम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिवस | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिवस |
| 22.4.24 | - | **15.00** | ↓ **वापी** | - | - | - |
| 23.4.24 | 00.30 | 00.40 | **रतलाम** | **16.00** | - | 25.4.24 |
| 24.4.24 | 01.50 | 01.55 | गया | 14.35 | 14.40 | 24.4.24 |
| | **07.00** | - | **आसनसोल** ↑ | - | **10.00** | |

09123 वापी-आसनसोल स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में वलसाड, उधना, सूरत, सायण, अंकलेश्वर, भरुच, वडोदरा, गोधरा, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, कोडरमा, पारसनाथ एवं धनबाद स्टेशनों पर भी ठहरेगी तथा 09124 आसनसोल-रतलाम स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, कोडरमा, पारसनाथ एवं धनबाद स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथिः वापी से 09123** दिनांक 22.04.2024 (सोमवार) = 1 ट्रिप एवं तथा **आसनसोल से 09124** दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) = 1 ट्रिप। **संयोजनः** शयनयान श्रेणी-7, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-8 एवं एसएलआरडी-2=17 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**09061/09062 वापी-भागलपुर-रतलाम स्पेशल**

| वापी-भागलपुर | | | (09061)(09062) | भागलपुर-रतलाम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिवस | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिवस |
| 22.4.24 | - | **23.00** | ↓ **वापी** | - | - | - |
| 23.4.24 | 07.30 | 07.40 | **रतलाम** | **22.30** | - | 25.4.24 |
| 24.4.24 | 07.00 | 07.10 | पटना | 21.40 | 21.50 | 24.4.24 |
| | **12.45** | - | **भागलपुर** ↑ | - | **15.45** | |

09061 वापी-भागलपुर स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में वलसाड, उधना, सूरत, सायण, भरुच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों पर भी ठहरेगी तथा 09062 भागलपुर-रतलाम स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथिः वापी से 09061** दिनांक 22.04.2024 (सोमवार) =1 ट्रिप एवं तथा **भागलपुर से 09062** दिनांक 24.04.2024 (बुधवार)=1 ट्रिप। **संयोजनः** शयनयान श्रेणी-20 एवं एसएलआरडी-2=22 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**09013/09014 उधना-मालदा टाउन-पालधी स्पेशल**

| उधना-मालदा टाउन | | | (09013)(09014) | मालदा टाउन-पालधी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिवस | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिवस |
| 22.4.24 | - | **20.00** | ↓ **उधना** | - | - | - |
| 23.4.24 | – | – | **पालधी** | **04.00** | – | 26.4.24 |
| 24.4.24 | 01.40 | 01.50 | पटना | 00.10 | 00.20 | 25.4.24 |
| | **11.30** | - | **मालदा टाउन** ↑ | - | **15.00** | 24.4.24 |

09013 उधना-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में चलथान, व्यारा, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज, बरहड़वा एवं न्यू फरक्का स्टेशनों पर भी ठहरेगी एवं 09014 मालदा टाउन-पालधी स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज, बरहड़वा एवं न्यू फरक्का स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथिः उधना से 09013** दिनांक 22.04.2024 (सोमवार) = 1 ट्रिप एवं **मालदा टाउन से 09014** दिनांक 24.04.2024 (बुधवार) = 1 ट्रिप। **संयोजनः** शयनयान श्रेणी-20 एवं एसएलआरडी-2 = 22 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**दरभंगा (नि.सं.)।** दरभंगा के बहेड़ा थाना अंतर्गत नवादा भगवती के बगल के खेत में एक महिला की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने उक्त महिला के हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि 20 अप्रैल 2024 को करीब डेढ़ बजे ग्राम नवादा के चौकीदार द्वारा थाना को सूचना दिया गया कि नवादा गांव स्थित भगवती मंदिर के पास सुभाष चन्द्र झा के रहरी के खेत में एक अधेड महिला का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला है। इसके बदन के निचले हिस्से का कपड़ा नहीं है। मृतिका की पहचान नवादा भगवती मंदिर में भिक्षा मांगकर खाने और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के रूप में हुई है। इसका पता ज्ञात नहीं हुआ। प्राप्त सूचना के आलोक में तुरंत कार्रवाई करते हुए बहेडा थानाध्यक्ष ने पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने के लिए DMCH भेज दिया। इस संबंध में बहेडा थाना कांड सं0-143/24 अज्ञात के विरूद्ध दर्ज कर लिया गया था। अनुसंधान क्रम में विधिविज्ञान प्रयोगशाल की टीम, मुजफ्फरपुर के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। वांछित प्रदर्श को टीम द्वारा जब्त किया गया। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान और सीसीटीवी खंघालने से घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त की पहचान अजीत कुमार मंडल पे.संजय मंडल सा. नवादा वार्ड नं.-18 थाना बहेडा जिला दरभंगा के रूप किया गया। इसके बाद छापेमारी कर अभियुक्त अजीत कुमार मंडल पे. संजय मंडल सा. नवादा वार्ड नं.-18 थाना बहेडा जिला दरभंगा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान अभियुक्त अजीत कुमार मंडल द्वारा घटना के संबंध में विस्तार से बताया गया है। इस संबंध में अलग से स्वीकारोक्ति बयान दर्ज किया गया है। अभियुक्त के निशानदेही पर घटना के समय उसके द्वारा पहने गए कपड़े जो सीसीटीवी फुटेज से मेल खाता है वो बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा एक मोबाइल और अभियुक्त का अंडरवियर बरामद किया गया है। इस मामले में ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है। छापेमारी टीम के सदस्यों में पु.नि. चन्द्रकांत गौरी, थानाध्यक्ष, बहेडा थाना, पु.अ.नि. रजनी कुमारी, प्र.पु.अ.नि. बसंत कुमार, प्र.पु.अ.नि प्रियंका कुमारी, डी.आई.यू. टीम, एवं बहेडा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार



**समस्तीपुर (नि.सं.)।** समस्तीपुर के विभूतिपुर थाने के बेलसंडीतारा गांव में पुलिस ने छापेमारी की। हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आपस में सहोदर भाई है। गिरफ्तार युवक की पहचान इसी थाने के बेलसंडी तारा गांव के हरेराम राय का बेटा विश्वजीत कुमार और आनंद कुमार के रूप में की गई है। दोनों के पास से एक देसी कट्टा और गोली के अलावा एक रिवाल्वर बरामद की गई है। बताया गया है कि दोनों गांव में दहशत फैलाने और लोगों को डराने के लिए हथियार लाया था। रोसड़ा की DSP सोनम कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बेलसंडी गांव में दोनों भाई हथियार का प्रदर्शन कर रहे हैं। सूचना पर विभूतिपुर थानाध्यक्ष आनांद कश्यम के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी की तो सूचना सही निकली। दोनों हथियार का प्रदर्शन कर दहशत फैला रहे थे। पुलिस को देख कर दोनों भाई भागने लगे। पुलिस ने खदेड़ कर दोनों भाई को पकड़ लिया। तलाशी के दोनों भाईयों के पास से देसी कट्टा के अलावा गोली और रिवाल्वर बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में दोनों भाई पर अवैध हथियार रख कर लोगों को डराने और इलाके में दहशत फैलाने की प्राथमिकी दर्ज की है। अब दोनों को जेल भेजा जा रहा है। साथ ही दोनों भाइयों का आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

### दो बाइक की टक्कर में पांच घायल



**लखीसराय (नि. सं.)।** लखीसराय के हलसी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहद्दीनगर मांझवे मार्ग स्थित हरेवा गांव के पास सोमवार की सुबह दो बाइक की आमने सामने टक्कर ही गई। पांच लोग घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। घायलों में एक बाइक पर सवार मोहद्दीनगर गांव निवासी सिंघेश्वर महतो के बेटे प्रमोद महतो, धोबी यादव के बेटे सोनू कुमार, दशरथ महतो के बेटे बसंत कुमार तथा दूसरे बाइक पर सवार गेरुआपुरसंडा गांव निवासी सौदी महतो के पुत्र रामचंद्र महतो एवं रामचंद्र महतो के बेटे सुमन कुमार शामिल है। घायल मोहद्दीनगर गांव निवासी सोनू कुमार एवं बसंत कुमार ने बताया कि प्रमोद महतो के भाई की शादी में दिरा गांव बारात गए थे। वहां से वापस लौटने के क्रम में हरेबा के पास हलसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर को ओवरटेक करते हुए सीधे मेरी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें सभी घायल हो गए। वहीं गेरुआपुरसंडा गांव निवासी सुमन कुमार ने बताया कि हलसी से अपना घर गेरुआपुरसंडा जा रहे थे। तभी हरेवा के पास बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक से टकरा गई। पिता-पुत्र दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हलसी थाना में पदस्थापित एसआई सुजान अली सीएचसी हलसी पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली। इस संबंध में चिकित्सक डॉ हंस कुमार पाठक ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल पांच लोग आए थे। प्रमोद को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चार लोगों को मामूली चोटें आई थी। इसका प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की जानकारी मिली है। दो बाइक की टक्कर हुई और दोनों बाइक को बचाने के क्रम में एक ट्रैक्टर वाहन बिजली पोल से जा टकराई है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**जमुई (नि.सं.)।** झाझा थाना क्षेत्र के बोड़वा इलाके से दिग्गी गांव बारात जाने के दौरान एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन के अन्य बारात जा रहे लोगों ने उसे इलाज के लिए झाझा रेफरल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान दिलीप यादव के रूप में हुई है। चाचा नीलो यादव ने बताया कि झाझा बोड़वा रिश्तेदार के यहां शादी में निमंत्रण के लिए आए थे। वहां से बारात दिग्गी जानी थी। सभी लोग बारात जा रहे थे। दिलीप अपनी बाइक से ही बारात जा रहा था। तभी दुपहरी मोड़ के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि दौरान युवक को कान के पास गंभीर चोट लग गई है।

फायर एक्सटिंग्विशर का पिछला हिस्सा फटने से हादसा

# ट्रेन में ब्लास्ट होने से आरपीएफ जवान की मौत, आग बुझाने गया था जवान



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में सोमवार सुबह वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस की एक बोगी में ब्लास्ट होने से एक RPF जवान विनोद कुमार यादव की मौत हो गई। बताया जाता है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। RPF जवान आग को बुझाने के लिए ट्रेन में चढ़ा था। जानकारी के मुताबिक आग बुझाने के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर में ब्लास्ट हो गया और जवान उसकी चपेट में आ गया। इस ट्रेन का लास्ट स्टॉपेज मुजफ्फरपुर है। यात्रियों के उतरने के बाद यह हादसा हुआ है। आरा जिले के इमादपुर थाना के मोआप खुर्द मिस्की टोला निवासी विनोद कुमार यादव दो साल से जंक्शन पर तैनात था। वह अपनी पत्नी के साथ किराए का कमरा लेकर यहां रहा था। मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर ट्रेन के पहुंचने के बाद ये हादसा हुआ। ट्रेन के बोगी में अचानक शॉर्ट सर्किट से स्लीपर कोच एस-8 के टॉयलेट के पास आग लगी थी। जिसकी सूचना जंक्शन पर तैनात आरपीएफ पुलिसकर्मी विनोद यादव को मिली। सूचना पर आनन फानन में मौके पर पहुंचे। जिसके बाद ट्रेन में लगे अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल कर आग पर काबू पा लिया। लेकिन दूसरे यंत्र को इस्तेमाल करने के दौरान ब्लास्ट हो गया। सिलेंडर का पिछला हिस्सा फट कर सिपाही के चेहरे पर जा लगा। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायल पुलिस कर्मी को इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले जाया गया लेकिन सिपाही ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद जंक्शन पर रेल आईजी टीम के साथ पहुंचे। वहीं एफएसएल की टीम मामले की जांच में जुट गई है। रेल आइजी अमरेश कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। एक जवान आग बुझाने गया जिस दौरान फायर एक्सटिंग्विशर ब्लास्ट कर गया। इसमें उसकी मौत हो गई। समस्तीपुर के अग्निशमन प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि हैंडी फायर फाइटर फटने का पहला कारण है कि वह मानक के अनुरूप नहीं होगा। लोकल मेड होगा। अच्छी कंपनी का फायर फाइटर नहीं फटता है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारी प्रथा के कारण लो रेट भरने वालों को टेंडर दे दिया जाता है। ऐसी स्थिति में ठेकेदार कम रेट में लो स्टैंडर वाले लोकल मेड फायर फाइटर सप्लाई कर देते हैं। जो जरूरत पर काम नहीं करता। उन्होंने कहा कि सिलेंडर की एक्सपाइरी डेट भी चेक नहीं की जा रही है। इसके फटने के पीछे का एक कारण यह भी हो सकता है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया में गैस सिलेंडर से भरी ट्रक और सुधा दूध की वैन में टक्कर हुई है। इस भीषण टक्कर में सुधा दूध वैन के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है। हादसा मधुबनी थाना क्षेत्र के मधुबनी काली मंदिर के समीप हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गैस सिलेंडर से भरी ट्रक की तेज रफ्तार हादसे का कारण बनी। गैस सिलेंडर से लदी ट्रक सुधा दूध की वैन को टक्कर मारती हुई दीवार तोड़कर घर में जा घुसी। हालांकि गनीमत रही कि जिस वक्त ये हादसा हुआ कोई भी सदस्य घर में मौजूद नहीं था। मृतक की पहचान अररिया के रानीगंज थाना क्षेत्र के हासा निवासी स्वर्गीय महेश्वर गोस्वामी के बेटे कैलाश गोस्वामी (50) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक रोजाना की तरह पूर्णिया से सुधा दूध की गाड़ी लिए अररिया के रानीगंज थाना क्षेत्र के हासा गांव जा रहे थे। तभी रानीगंज से पूर्णिया की ओर आ रही गैस सिलेंडर से लदी ट्रक ने मधुबनी के काली मंदिर के समीप सुधा दूध की गाड़ी टक्कर मारती हुई दीवार तोड़कर घर में जा घुसी।

# 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुंगेर में करेंगे चुनावी सभा



- एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह के समर्थन में करेंगे प्रचार

निज संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में प्रचार करने 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। जिला मुख्यालय स्थित सफिया सराय हवाई अड्डा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आने के पहले 24 अप्रैल को जिला में दीप जलाकर दीपावली मनाई जाएगी। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री पहली बार मुंगेर आ रहे है। इससे पहले वह 2015 के विधानसभा चुनाव में मुंगेर आए थे। उनकी सभा को लेकर पार्टी के नेता सभी प्रखंड और मोहल्ले में जाकर बैठक कर रहे है। इसके माध्यम से सभा में आने के लिए सभी लोगों से आग्रह किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर बूथ से लोग आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ वापस आ रहे हैं।

सभा स्थल पर पीने के पानी व पंडाल के साथ स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि यहां आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार, लोकसभा प्रभारी प्रकाश भगत, जिला महामंत्री अरुण कुमार सिंह, प्रवक्ता प्राण रंजन विकास, चंद्रचूड़ साक्षी आदि मौजूद थे। बता दे कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होना है।

## अगलगी में 50 लाख का सामान जला



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में सोमवार की दोपहर अहियापुर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के गेट के सामने भीषण आग की घटना घटी। जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने अग्निशमन टीम को सूचना दिया। सूचना के बाद आनन-फानन में टीम मौके पर पहुंची। तब तक आग ने विकराल रूप पकड़ लिया था। फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान आग लगने की वजह से लगभग 50 लाखों की संपत्ती जलकर राख हो गई। बाजार समिति रखे फल, सब्जी ठेला और खड़ी ट्रक में लोड नारियल जलकर रखा हो गया। स्थानीय लोगों ने अनुसार अचानक एक झोपड़ी में आग लगी। इसके बाद हवा की वजह से आग फैलने लगी। लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग काफी फैल गया था। बढ़ते आग को देखते हुए लोगों ने फोन कर अग्निशमन टीम को सूचना दी। इसके बाद टीम कई दमकल गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन टीम के कर्मी ने बताया कि सूचना मिली की बाजार समिति में आग लग गई। हमलोग दमकल गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। तब तक आग काफी फैल गया था। किसी तरह आग पर काबू पाया है। इस दौरान काफी सामान जल गया है।

मतंग ऋषि के आश्रम में जन्मे थे श्री राम भक्त शिरोमणी हनुमानजी

# चित्रा नक्षत्र और शश महायोग में हनुमान जयंती आज

निज संवाददाता

**पटना।** चैत्र मास की पूर्णिमा 23 अप्रैल मंगलवार को है। इस दिन चित्रा नक्षत्र और शश महायोग में हनुमान जयंती का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन व्रत की पूर्णिमा और स्नान-दान की पूर्णिमा के साथ मंगलवार दिन होने से हनुमान जी की विधिवत पूजा होगी। कई घरों में इस दिन सत्यनारायण प्रभु की भी पूजा होगी। सनातन धर्मावलंबी इस दिन गंगा स्नान कर व्रत-उपवास, पूजा-पाठ, दान-पुण्य आदि धर्मकृत्य करेंगे। आचार्य राकेश झा ने बताया कि चैत्र पूर्णिमा हिन्दू नववर्ष की प्रथम पूर्णिमा होती है। चैत्र पूर्णिमा को मधु पूर्णम के नाम से भी जाना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदी, तीर्थ में स्नान तथा दान-पुण्य करने से समस्त दुखों से छुटकारा मिलता है।



इस दिन भगवान जनार्दन की पूजा से श्रद्धालुओं को सुख, धन और वैभव की प्राप्ति होती है।

हनुमानजी के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने उनके जैसा बल, बुद्धि, ज्ञान, कौशल का समावेश अपने व्यक्तित्व में समाहित करने के लिए प्रार्थना करेंगे। चैत्र पूर्णिमा और हनुमान जयंती होने से 23 अप्रैल मंगलवार को श्रद्धालु अपने घर एवं मंदिरों में हनुमान चालीस, बजरंग बाण, सुंदरकांड आदि का पाठ करेंगे। वहीं, सत्यनारायण पूजा की शुरुआत प्रत्यक्षदेव भगवान भास्कर को जलार्पण से करेंगे, क्योंकि मान्यता है कि सूर्य के तेज में समस्त कष्टों को दूर करने की क्षमता विद्यमान है। भक्त हनुमान जी को तेल-सिंदूर का लेप, ध्वज दान, रोट प्रसाद का भोग अर्पण कर अपनी पूजा करेंगे। पंडित झा ने धार्मिक मान्यताओं के आधार पर बताया कि कर्नाटक के हंपी में ऋष्यमूक के राम मंदिर के पास मतंग पर्वत है। वहां मतंग ऋषि के आश्रम में ही केसरी नंदन हनुमान का जन्म हुआ था। हंपी का प्राचीन नाम पंपा था। कहा जाता है कि पंपा में ही प्रभु श्रीराम की पहली मुलाकात हनुमान जी से हुई थी। हनुमान जी को भगवान शिव का 11वां रुद्र अवतार माना जाता है। हनुमान जी को संकटमोचन भी कहा जाता है। श्री हनुमान महाराज किष्किंधा नरेश सुग्रीव के महामंत्री भी थे तथा प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण से ब्राह्मण के रूप में भेंट करनेवाले सुग्रीव के प्रथम प्रतिनिधि थे।

> **अतुलित बलधामं हेमशैलाभदेहम् दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्य।**
> **सकलगुणनिधानं वानराणामधीशम् रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि॥**
>
> इसका अर्थ है कि अतुलित बल के धाम, सोने के पर्वत के समान कान्तियुक्त शरीरवाले, दैत्यरूपी वन के लिए अग्निरूप, ज्ञानियों में अग्रगण्य, संपूर्ण गुणों के निधान, वानरों के स्वामी, श्री रघुनाथ जी के प्रिय भक्त पवन पुत्र श्री हनुमान जी को मैं प्रणाम करता हूं।

## एसके मंडल ग्रुप और इंस्टट्यूशंस पटना की ओर से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा का आयोजन

निज संवाददाता

**पटना।** एसके मंडल ग्रुप और इंस्टट्यूशंस पटना की ओर से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा-2024 का आयोजन हुआ। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए। सभी छात्र-छात्राओं में एक अलग उत्साह देखा गया। एसके मंडल ग्रुप औफ इंस्टट्यूशंस के चेयरमैन एसके मंडल ने बताया कि नर्सिंग, पारामेडिकल एवं फार्मेसी के क्षेत्र में राज्य में पांच जगहों पर प्रशिक्षण संस्थान का संचालन किया जा रहा है। ये संस्थान कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल साइंसेज सिंघिया खुर्द समस्तीपुर, विद्यापीठ इंस्टीटयूट ऑफ हायर एजुकेशन दलसिंहसराय समस्तीपुर, कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ हायर एजुकेशन पश्चिमी पटेल नगर पटना, सौम्या कृष्णा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल पश्चिमी पटेल नगर पटना, कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ हायर एजुकेशन मुस्लीगंज मधेपुरा एवं कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेज रामबाण पूर्णिया है। सभी संस्थानों में सत्र-2024 में नामांकन लेने के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा-2024 का आयोजन किया गया था। इस प्रवेश परीक्षा में प्रति कोर्स में जो छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान पर आयेंगे, उन्हें संस्थान की ओर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। द्वितीय स्थान पर जो छात्र-छात्राएं रहेंगे, उन्हें आधे शुल्क में छूट दी जायेगी और बाकी की सीटों पर इसी प्रवेश परीक्षा की मेधा सूची के आधार पर नामांकन लिया जायेगा। इन संस्थानोमें एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, बैचलर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट, बैचलर आफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फिजियोशेरपी, बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी, बैचलर ऑफ फार्मेसी, बैचलर इन मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी, डिप्लोमाइन मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन फार्मेसी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट एवं सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाता है। ये सभी संस्थान सभी सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त है एवं सभी संस्थान का नाम बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के पोर्टल पर अंकित है।



एसके मंडल (चेयरमैन)

## दीप जलाने के दौरान झुलसी बुजुर्ग महिला

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाने के पतैलिया गांव में रविवार देर शाम घर में दीप जलाने के दौरान एक बुजुर्ग महिला के शरीर में आग लग गई, जिससे महिला गंभीर रूप झुलस गई। बुजुर्ग महिला गांव के स्व. कल्लर साह की पत्नी वोढनी देवी (70) वर्ष बताई गई है। महिला को परिवार के लोगों को विभूतिपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में उसकी गंभीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। परिवार के लोग रात में ही महिला को उपचार के लिए पटना ले गए। घटना के संबंध में बुजुर्ग महिला बहू सुनीता देवी ने बताया कि उनकी सांस देर शाम घर की सांझ बत्ति देने के लिए दीप जलाने के लिए गई थी। इसी दौरान उनके शहीर में अचानक आग लग गई। जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

## अगलगी की घटना को लेकर अलर्ट मोड पर फायर ब्रिगेड



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बढ़ती गर्मी के साथ लगातार आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर है जिला अग्निशमन टीम अलर्ट मोड पर काम कर रही है। इस दौरान ऐसे स्थान जहां दो से तीन वर्ष में अधिक अगलगी की घटना घटी है। उसे चिन्हित कर लिया गया है। अगलगी में कम से कम क्षति हो, इसको लेकर छोटी दमकल के साथ अग्निशमन की टीम को अलग-अलग इलाकों में तैनात किया गया है।इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। जिला अग्निशमन विभाग के समादेष्टा त्रिलोक नाथ झा ने बताया इन दिनों गर्मी काफी बढ़ गई है साथ ही गर्म हवा चल रहा है। इससे अगलगी की घटना में वृद्धि हो रही है। टीम ने पहले भी जागरुता को लेकर लगातार काम रही है इस वजह से पिछले साल की तुलना में इस बार कम अगलगी की घटनाएं हुई है, जिसको लेकर हम लोग आगे भी काम कर रहे हैं।

# समकालीन लघुकथा के प्रतीकात्मक लक्ष्य को एक सार्थक दिशा देती है ओम नीरव की लघुकथाएं : सिद्धेश्वर

निज संवाददाता

**पटना।** लघुकथा में उद्देश्य पर सीधा प्रहार होता है! लघुकथा में पाठक की दिलचस्पी एक आयामी कथा और उसके कथ्य में रहती है, वर्णन में नहीं 1 वह अब किसी गहन तत्व को समझने, उपदेश देने, स्तब्ध करने, गुदगुदाने और चौंकाने का काम नहीं करती बल्कि आज के यथार्थ से जुड़कर हमारे चिंतन को धार देती है। " विष्णु प्रभाकर की दृष्टि लघुकथा के प्रति ऐसी ही है। और सच कहूं तो समकालीन लघुकथा का यही पैमाना भी है। और इस पैमाने पर ओम नीरव की लघुकथाएं पूरी तरह खरी उतरती है। छोटी-मोटी बातों को दरकिनार किया जाए तो, प्रस्तुत की गई ओम नीरव की चारों लघुकथाएं यथा अरहर की दाल, तो क्या , गरम हल्दी औऱ हलचल समकालीन लघुकथा के मन, मिजाज और तेवर को समझने में पूरी तरह कामयाब है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि समकालीन लघुकथा के प्रतीकात्मक लक्ष्य को एक सार्थक दिशा देती है ओम नीरव की लघुकथाएं। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वाधान में, गूगल मीट के माध्यम से, यूट्यूब पर लाइव आयोजित 'ऑनलाइन हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन' के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि विख्यात प्रलोचक आलोचक समीक्षक और साहित्यकार आचार्य ओम नीरव की लघुकथाओं पर अपनी डायरी प्रस्तुत करते हुए, संस्था के अध्यक्ष सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ओम नीरव की चारों लघुकथाओं में संवाद के माध्यम से, प्रभावकारी ढंग से अपनी बातों को कहा है, जिसे पढ़कर लघुकथाकार समझ सकते हैं कि लघुकथा का अंत कहां पर और किस प्रकार किया जाना चाहिए। समकालीन लघुकथा की सृजनात्मकता को रेखांकित करते हुए सिद्धेश्वर ने कहा कि लघुकथा आज राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रखी है। बावजूद इसके लघुकथा को जिस ऊंचाई तक पहुंचना है, उसमें गतिरोध का काम कर रही हैं कुछ वैसी फैशनपरस्त लघुकथाएं, जो केवल फैशन के रूप में लिखी जा रहीं हैं,गंभीरता से नहीं। ऐसे में फैशनपरस्त लघुकथाएं, सिद्धांत और मानक को दरकिनार करती नजर आती हैं। मुख्य अतिथि लब्ध प्रतिष्ठित लेखक आचार्य ओम नीरव ने अपनी चार प्रतिनिधि लघुकथाओं (अरहर की दाल, तो क्या, गरम हल्दी औऱ हलचल) का पाठ करते हुए मंच को सुशोभित किया। उन्होंने कहा कि लघुकथा साहित्य के पुरोधा सिद्धेश्वर के संरक्षण में अवसर साहित्य यात्रा का लघुकथाओं पर केन्द्रित यह आयोजन रोचक, रचनात्मक और अभूतपूर्व है! इसमें लघुकथाओं के वाचन, रसास्वादन और समालोचन के लिए बहुत सुन्दर अवसर प्राप्त होता है! आआयोजन में सिद्धेश्वर औऱ ऋचा वर्मा का आत्मीय संचालन, अनिता रश्मि जी का समीक्षा के साथ अध्यक्षीय उद्बोधन और श्रोताओं का सुरुचिपूर्ण सहभाग अभिनंदनीय है! मुझे मुख्य अतिथि का सम्मान देने के लिए हार्दिक आभार! अवसर साहित्य यात्रा और अवसर साहित्य पाठशाला लघुकथा के इतिहास में अपना अमित पहचान बनाएगी। पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चर्चित साहित्यकार अनीता रश्मि ने कहा कि क्षणाश में गंभीर रूप से विचारणीय बात कहती है लघुकथा। कब से संघर्ष करती लघुकथा विधा ने आज वैश्विक स्तर पर पहचान बना ली है। फिर भी सबसे अधिक प्रयोग, सीख, उपदेश और किन्तु-परन्तु इसी विधा के लिए है। ओम नीरव जी की लघुकथाएँ विविधवर्णी हैं. कम में नए ढंग से अपनी बात रखती हैं। कहीं शीर्षक कई अर्थो में खुलते हैं तो कहीं पंच लाइन। बाकी प्रस्तुति भी सराहनीय रही। बदलते परिवेश, सोच, संदेश को सामने लाती हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रम हो रहे हैं, किन्तु बहुमुखी प्रतिभा के धनी सिद्धेश्वर द्वारा पिछले तीन सालों से लगातार नई प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए जो प्रयास किया जा रहा है, वह अभिनंदनीय और वंदनीय है 1 इस कार्यक्रम में सिद्धेश्वर द्वारा प्रस्तुत की गई डायरी का पना अलग महत्व है। हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन के दूसरे सत्र में, एक से बढ़कर एक, नए पुराने लघुकथाकारों ने अपनी लघुकथाओं को प्रस्तुत किया, जिनमें प्रमुख है। आचार्य ओम नीरव की चार लघुकथाओं के अतिरिक्त अनीता रश्मि ने सेल्फी और आस्था /गार्गी राय ने आग/अनिल कुमार जैन ने असम्भव/इंदु उपाध्याय ने बात मत बढ़ाओ/अनीता मिश्रा सिद्धि ने टूटी अलमारी/डॉ अनीता पंडा 'अन्वी' ने मुआवजा/राज प्रिया रानी ने पुस्तक सूची/ऋचा वर्मा ने होश/सिद्धेश्वर ने माँ/अनिल जैन ने असंभव शीर्षक लघुकथा का पाठ किया। पहले सत्र का संचालन सिद्धेश्वर एवं दूसरे सत्र का संचालन ऋचा वर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन किया इंदु उपाध्याय ने 1



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# युद्ध की भड़कती आग

ईरान और इजरायल जिस राह पर निकल पड़े हैं, वह युद्ध और विनाश की ओर ही जाता है। इस महीने की शुरुआत से ही दोनों देशों से 'हमला' और 'बदला' जैसे शब्द सुनाई दे रहे हैं। एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ, तो इसका आरोप इजरायल के मत्थे मढ़ा गया। दो हफ्ते बीतने से पहले ही ईरान ने उसका बदला लेने के लिए हमला बोल दिया। उसने इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें दागीं। हालांकि, इजरायल ने दावा किया कि उसने %यादातर मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचने से बहुत पहले ही नष्ट कर दीं। नुकसान शायद बहुत %यादा नहीं था, लेकिन यह उसके सम्मान पर बहुत बड़ी चोट थी। पिछले तीन दशक में किसी देश ने पहली बार इजरायल की धरती पर इस तरह से बमबारी की जुर्रत की थी। इस शुक्रवार को इजरायल ने इसका बदला ले लिया। इजरायल के वमवर्षक ड्रोन ईरान की ओर उड़े और उसके सैन्य शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में कहा जाता है कि इसी जगह पर ईरान अपना परमाणु बम विकसित कर रहा है। इसके अलावा, यह ईरानी फौज का सबसे बड़ा बेस भी है। यह हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल बहुत कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई देने की बात कही गई है। हालांकि, ईरान और इजरायल, दोनों ने ही इसे कमतर दिखाने की कोशिश की है। तेहरान ने कहा है कि कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ, जबकि इजरायल ने आश्वस्त किया है कि यह हमला ईरान के परमाणु केंद्र पर नहीं था। वैसे मामला हमले के बड़े या छोटे होने का नहीं है, मामला पश्चिम एशिया में और खासकर इन दोनों देशों के बीच उस तनाव का है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। अतीत में भी इजरायल एक बार ईरान के इसी शहर पर हमला कर चुका है, लेकिन इस बार तनाव बहुत %यादा है, इसलिए आशंकाओं की भरमार भी दुनिया को सिहरन दे रही है। अभी ईरान की तरफ से एक बयान यह भी आया है कि फिलहाल इस हमले का बदला लेने का उसका कोई इरादा नहीं है, लेकिन आम धारणा यही है कि बदला देर-सवेर लिया ही जाएगा। अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात चलती रही, तो पश्चिम एशिया का यह तनाव कब पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। पिछले चंद रोज में गाजा में जिस तरह का मानवीय संकट खड़ा हुआ है, इजरायल इन झड़पों के चलते उससे दुनिया का ध्यान हटाने में जरूर कामयाब रहा है। पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में जैसे तनाव दिख रहे हैं और जिस तरह के खतरे खड़े हो रहे हैं, उसके सामने पूरी दुनिया महज तमाशबीन बनी दिख रही है। खासकर जिनको हम महाशक्तियां कहते हैं, वे मौन हैं। रूस यूक्रेन के साथ लड़ाई में उलझा हुआ है। चीन अपनी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव है और ऐसे मौके पर कोई यह मानने को तैयार नहीं कि वह पश्चिम एशिया में निष्पक्ष भूमिका निभा सकेगा। संयुक्त राष्ट्र की अपनी सीमाएं हैं और अक्सर वह ऐसे युद्धों को रोकने में कारगर नहीं हो पाता। बड़ी समस्या यह नहीं है कि इजरायल-ईरान का तनाव बढ़ रहा है और कभी भी आग के भड़क उठने की आशंकाएं हैं, समस्या यह है कि यह सब ऐसे मोड़ पर हो रहा है, जहां पहुंचने के लिए समझदारी के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

# हमें राजनेताओं को जगाना होगा

**(शशि शेखर)**

*चुनावी कवरेज के सिलसिले में पिछले दिनों विदर्भ और उत्तराखंड जाना हुआ। दिगी से नागपुर की उड़ान भरते वक्त लग रहा था कि वहां शुष्क और गर्म मौसम हमारा इंतजार कर रहा होगा। हुआ उल्टा। विमान जब शहर के ऊपर चक्कर लगा रहा था, हमारी खिड़की के शीशे पर बूंदें थाप दे रही थीं। इसके विपरीत उत्तराखंड में दिन में पारा 30 डिग्री पार कर रहा था।*

यह विलाप पुराना हो चुका है कि हमारा पर्यावरण बदल रहा है और हमें सम्हल जाना चाहिए। किसे सम्हल जाना चाहिए? क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ साधारण नागरिकों की है? हमारी हुकूमतें क्या कर रही हैं? अपने देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, पर क्या आपने किसी नामचीन नेता के श्रीमुख से पर्यावरण संबंधी दो शब्द सुने? यह दर्दनाक है कि हमारे सियासी विमर्श से जनता के असली मुद्दे कहीं गुम हो चुके हैं। अब हम महज कुछ घिसे-पिटे जुमलों, आरोपों और प्रवंचनाओं को सुनने के लिए अभिशप्त हैं, जिनका आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से कोई वास्ता नहीं। इंसान के सर्वाधिक जरूरी मुद्दों पर राजनेताओं की यह चुप्पी असंवेदनशील आत्मघाती प्रवृत्ति को उजागर करती है।

दुनिया भर की बात किए बिना मैं सिर्फ अपने देश का उदाहरण देना चाहूंगा। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पेयजल की कमी को लेकर चेताया है। उसने संसार के जिन सर्वाधिक संकटग्रस्त शहरों की सूची जारी की है, बेंगलुरु उनमें से एक है। यूएन के दावे के अनुसार, यदि वहां पानी की मौजूदा मात्रा में सन् 2030 तक 40 फीसदी की गिरावट आ जाती है, तो हमारी 'आईटी सिटी' का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। अभी ही वहां के हालात इतने बदतर हैं कि 13,900 सार्वजनिक बोरवेल में से 6,900 सूख चुके हैं। खुद उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने इस खौफनाक तथ्य को जगजाहिर किया था। मजबूरन, कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कह दिया है। 1.4 करोड़ की आबादी वाला यह महानगर सिर्फ 'आईटी सेक्टर' से सालाना 50 बिलियन डॉलर की कमाई करता है। जाहिर है, इसे इस शानदार मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी कोशिशें की गई होंगी, पर हिंदी की पुरानी कहावत है- बिन पानी सब सून।

देश की राजधानी दिगी का हाल भी बेंगलुरु के मुकाबले कोई खास अ%छा नहीं है। बहुत बड़ी आबादी को यहां हर रोज अपनी जरूरत के जल के लिए घंटों जूझना पड़ता है। उनकी बसाहटों में टैंकरों से पानी पहुंचता है और कभी-कभी उसे लेकर खूनी झगड़े भी हो जाते हैं। पिछले दिनों एक ऐसा ही हतभागी हादसा सामने आया, जब जल को लेकर दो पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस हिंसा में एक महिला को जान से हाथ धोना पड़ा। अब सत्तारूढ़ पार्टी और उप-रा%यपाल इस मुद्दे पर गुत्थमगुत्था हैं। इससे न तो जान गंवाने वाली सोनी की सांसें वापस आएंगी और न ही प्यासे लोगों के हलक तर होंगे। किसी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा। हम उसे अपने ईद-गिर्द आकार लेता हुआ देख रहे हैं।

बेंगलुरु और दिगी ऐतिहासिक नगर हैं। उनके विकास की लंबी और सुविचारित दास्तां है, लेकिन गुरुग्राम पिछले चार दशकों में पनपा है। दिगी के नजदीक बसा यह छोटा-सा कस्बा इतनी तेजी से व्यावसायिक केंद्र के तौर पर विकसित होगा, ऐसा बहुतों ने सोचा तक नहीं था। आज वहां देशी-विदेशी कंपनियों के सैकड़ों कार्यालय हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सबसे महंगी रिहायशी संपत्तियां यहीं पर हैं, लेकिन पानी यहां भी लोगों को बेपानी कर रहा है। एक महीना पहले गुरुग्राम मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) ने चेताया था कि शहर की पेयजल मांग 675 एमएलडी (रोजाना मेगालीटर) है, जबकि आपूर्ति किसी भी स्थिति में 570 एमएलडी से %यादा नहीं हो सकती। बेंगलुरु और गुरुग्राम किसी सदानीरा के किनारे नहीं बसे हैं, पर दिगी को देश की महानतम नदियों में से एक, यमुना के किनारे बसाया गया था। सदियों की उपेक्षा और ताड़ना ने यमुना को गंदे नाले में तब्दील कर दिया है। उसे खुद मदद की जरूरत है। कुछ साल पहले हरियाणा के एक सीमावर्ती शहर से दारूण खबर आई थी। वहां भारतीय संस्कृति को रचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली यह नदी गरमियों में इतनी सूख गई थी कि उसमें लोग अपने परिजनों की अस्थियां भी नहीं प्रवाहित कर सकते थे। मजबूरी में वे गड्ढे खोदकर उनमें अस्थियां दबा देते थे, इस उम्मीद के साथ कि बारिश पड़ने के बाद जब फिर धारा जोर पकड़ेगी, तो इन अस्थियों को मुकाम हासिल हो जाएगा। इसी तरह, वाराणसी में भी अक्सर जल की इतनी कमी हो जाती है कि गंगा के बीचोबीच टापू उभर आते हैं। मैंने अपने बचपन में वाराणसी, मिर्जापुर और इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में इसे एक विशाल वेगवती महानदी के तौर पर देखा है। आजादी के 77 सालों में अगर हम अपना लोकतंत्र बचाने में सफल रहे हैं, तो सभ्यता के इन अनिवार्य कारकों पर भी हमारी नजर होनी चाहिए।

इसी से जुड़ा मामला स्व%छ हवा का है। जैसे-जैसे दिवाली पास आती है, दमा रोगियों के साथ एलर्जी के मरीजों की दिल की धड़कनें अव्यवस्थित होने लगती हैं। समूचा उत्तर भारत इस दौरान भयंकर कोहरे और वायु प्रदूषण की जद में आ जाता है। हालात इस कदर बिगड़ जाते हैं कि ब%चों के स्कूलों की छुट्टी तक करनी पड़ती है। पहले पंजाब और हरियाणा के पराली-दहन को इसके लिए जिम्मेदार बताकर राजनीतिक दल गेंद एक-दूसरे के पाले में डालने की कोशिश करते थे, लेकिन तमाम शोध साबित कर चुके हैं कि वायु पदूषण के लिए सिर्फ पराली जिम्मेदार नहीं है। अगर किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए जरूरी साधन मुहैया कराने हैं, तो प्रदूषण के अन्य कारकों पर भी साथ ही साथ ध्यान देना होगा। कमीज की एक आस्तीन फटी नजर आती हो, तो उसे सुधारने के लिए अगर हम दूसरी आस्तीन को भी उधेड़ डालेंगे, तो विरूपता और बढ़ जाएगी। हमारी सरकारें अब तक ऐसा ही करती रही हैं। यकीनन यह स्थिति बदलनी चाहिए, पर बदलेगी कैसे? मौजूदा चुनाव इस संबंध में सार्थक विमर्श का सशक्त जरिया हो सकता था, लेकिन हमारे राजनेताओं और राजनीतिक दलों ने इस पर तव%जो देने की जरूरत नहीं समझी। चुनाव का पहला चरण इस पर फैसलाकुन चर्चा के बिना गुजर चुका है। अगर आपके यहां अगले किसी दौर में मतदान है, तो उसका लाभ उठाइए। जब भी कोई प्रत्याशी आपके इलाके में आए, तो उससे पूछिए कि पर्यावरण के मुद्दे पर आपका एजेंडा क्या है? नेता कुछ भी कहें या करें, पर यह सच है कि लोकतंत्र में आज भी लोकवाणी का महत्व कायम है। हमें अपनी इस अहमियत को पहचानना चाहिए।

# हिंदू हारे क्यों और अब हिंदू उत्कर्ष के कारण क्या हैं ?

**(तरुण विजय)**

हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता। वर्तमान हिंदू उदय का काल सनातन हिन्दुओं की वीरता और उनके असीम धैर्य के साथ विश्व में दुर्लभ संघर्ष की अद्भुत निरंतरता बताता है तो उसके साथ ही स्मरण रखना होगा पिछले कई सौ वर्षों में हिन्दू द्वारा हिन्दू से विद्वेष, हिंदू की हिंदू से शत्रुता, असंगठन, शत्रु के साथ अपने स्वार्थ के लिए जा मिलना और सामूहिक शत्रु के विरुद्ध अपने ईर्ष्या भाव खत्म कर संगठित बल से उस शत्रु का हनन करने की भावना का ना होना जिसने हिंदुओं को विदेशी क्षुद्र शक्तियों का दास बनाया।

हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता। ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे ? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, ब%चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बग़दाद के बाज़ारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म, एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद-अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी ? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता। स्मृति भ्रंश और विगत के बलिदानों का विस्मरण हमारी बड़ी कमजोरी है।

मंदिरों की अपरमित आय उच्च जातियों द्वारा नियंत्रित रहती है। हिन्दुओं का कौन सा एक भी मंदिर है जो अपने ही रक्तबंधु दलितों के प्रति समता और सच्चे आत्मीयता का भाव जन जन में पैदा करने के लिए दो चढ़ावा खर्च करता होगा? अथवा देश के कोने कोने मं हिन्दुओं को धर्मान्तरित करने वाली शक्तियों के सामने हिन्दू रक्षक और समरसता के यथार्थ प्रहरी भेजने हेतु अपने करोड़ो रुपये के हिन्दू-धर्म-दान का कोई अंश खर्च करता होगा? इन हिन्दू मंदिरों के संचालक एवं धर्म कोष के अधिपति अपनी राजनीतिक अभीप्साओं की पूर्ति के लिए मंदिर कोष कभी सरकारी कार्यों हेतु, कभी आगंतुक राजनीतिक महानुभाव के सरकारी सहायता कोष हेतु, कभी सड़क पानी बिजली के लिए खर्च कर अपने लिए राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा की संभावनाएं ढूंढते हैं। लेकिन अरुणाचल से लेकर अंडमान और लद्दाख तक जो संगठन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कभी दो रुपये की सहायता नहीं देते।

हिंदू पर्व केवल लोकाचार- रीति रिवाज और कर्मकांड के पालन द्वारा अपनी क्षुद्र मनोकामनाएं पूरी करवाने का पाखंड नहीं होना चाहिए। हिन्दू क्यों हारा? किन कारणों से आक्रमणकारी जीते? किन कारणों से हमारा संगठन जातियों, धन कुबेरों के स्वार्थों, धार्मिक कुरीतियों और रूढ़िवादिता के कारण छिन्न भिन्न होता रहा? और किन महापुरुषों ने हिन्दू संगठन का बीड़ा उठाया जिस कारण आज सर्वत्र एक हिंदू उत्कर्ष का भाव दिखने लगा है ? इन पर विचार किये बिना भारत के नवीन भाग्योदय पर विमर्श अधूरा ही कहा जायेगा। स्मरण रखिये महाशक्ति संपन्न, विष्णु के अवतार श्री राघव को भी रावण वध से पूर्व भगवती शक्ति का आवाहन कर आशीर्वाद लेना पड़ा था. हमारे अवतारी पुरुष और वीर पराक्रमी गुरु दुष्ट हन्ता, जनसंगठक, मर्यादा रक्षक, प्रजा वत्सल, अत्यंत सौम्य, अक्रोधी, शालीन, भद्र, सबकी सुनने वाले और विनम्र रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5348

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज शाम तक कोई खास डील फाइनल हो सकती है। आपको धन के मामले में लाभ होगा और किसी विशेष सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। भौतिक विकास में वृद्धि होगी और किसी मामले में आपको लाभ होगा। आपको आज मंगलोत्सवों में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज शाम के वक्त आपका जरूरी कार्य पर खर्च होगा।

### वृष
आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा पर जाने का मन करेगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। कानूनी विवाद में आपको सफलता मिलेगी और आपके धन में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन की योजना बन सकती है और आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा।

### मिथुन
आज का दिन काफी रचनात्मक है और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। आज पूरा दिन दूसरों के कार्य पूर्ण करने में आपका दिन बीतेगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वह करने को मिलेगा। आज के दिन आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी।

### तुला
आज का दिन और लाभकारक रहेगा। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्यान दें और फालतू कार्य करने से बचें।

### वृश्चिक
आज का दिन हर मामले में काफी मजबूती से भरा होगा। आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे तो जरूरी है कि आप अपने कार्य समय से पूरे कर लें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं तो लाभ होगा। नौकरी और व्यापार में कुछ नया करके आप लाभ पा सकते हैं।

### धनु
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में रिस्क लेंगे तो लाभ हो सकता है। रोजमर्रा के कुछ काम में भाग्य आजमा सकते हैं। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ है।

### कर्क
आज उसका फल आपको तत्काल मिल जाएगा। अधूरे कार्य निपट जाएंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी और आपको सफलता मिलेगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपकी मदद करेंगे। शाम के वक्त आपको शादी में जाने का अवसर मिल सकता है।

### सिंह
आज का दिन काफी व्यस्त रखने वाला है और आज आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अ%छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। रात का समय मांगलिक कार्य में बीतेगा।

### कन्या
आज का दिन सम्मान से भरा होगा। आज किसी भी मामले में संयम और सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ हर कार्य को पूरा करें।

### मकर
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको परिवार के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखे। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

### कुंभ
आज आपके कार्य सफल होंगे। आपके शरीर में कुछ विकार हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। आज व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

### मीन
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

## वर्ग पहेली 5348

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | |
| ■ | 9 | | | ■ | 10 | | |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | | 15 | ■ |
| 16 | | | | | ■ | 17 | 18 |
| 19 | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | ■ | ■ | 22 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1 जून 1975 को भारत की महिला भारोत्तलक का जन्मदिवस है ये 2000 के सिडनी ओलम्पिक खेलों में कांस्य पक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी है (7)
6. जल नित्तल, हथेली कवच (2)
7. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
9. यह भारत देश की प्रचलित मुद्रा है (3)
10. जो रिश्तें पति की बहन हो (3)
11. खत, कागज, चिट्ठी (2)
13. लेखा पुस्तक, रजिस्टर (2)
14. रामचरितमानस का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्य काल का विवरण है (4)
16. राजा जनक के नामों में एक (5)
17. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
19. रिश्ता, संबंध (2)
20. ऐसी गोरी स्त्री जिसमें बल और आंखे स्याह हो (2)
21. ग्रीष्म ऋतु की तप्त हवा (1)
22. सैनिक, मिलिस्ट्रीमेन (2)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंतीपुत्र जो कन्याकाल में सूर्य के अंश से उत्पन्न हुआ था, इसी से इसे कानीन कहते है, कान शरीर का एक संवेदी अंग (2)
2. इसे अंग्रेजी में बैलेट पेपर कहते है (4)
3. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
4. सांस लेने व छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
5. कारण (अंग्रेजी)(3)
8. गंभीर ध्वनि करना, बजाना (3)
9. अनाकर्षकता, आकर्षणहीनता, असौम्यता, असुंदरता (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. ध्वनि या नाद उत्पन्न होना (3)
14. वरदल, जनैत, वरपक्ष, वरयात्री (3)
15. यह धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित एक पर्यटक स्थ है यह स्थल हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का हिस्सा है (4)
18. नक्षत्र, सितारा, सुषेण की कन तथा बाली की पत्नी का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5347 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नू | र | ज | हां | ■ | सा | के | त |
| त | ह | ल | का | ■ | हि | सा | ल |
| न | म | न | ■ | सु | र | ■ | ब |
| ■ | दि | ■ | स | त | लु | ज | ■ |
| गो | ल | मा | ल | ■ | धि | ■ | बां |
| पी | ■ | मा | फ | ■ | या | ज | क |
| ना | ज | ■ | ■ | ■ | न | मी | ■ |
| थ | ल | च | र | ■ | वी | र | ता |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### आमझर में कलशयात्रा के साथ तीन दिवसीय मारूतिनंदन महायज्ञ प्रारंभ

**धनबाद/बलियापुर, एजेंसी।** वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रविवार को आमझर में तीन दिवसीय मारुतिनंदन महायज्ञ प्रारंभ हुआ। मौके पर जलभरनी के बाद बिरजु तालाब से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। आसपास के टोला-मुहल्लों का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा आमझर बरजंरगली मंदिर पहुंची। आसपास का माहौल जय बजरंगबली के जयकारा से गुंज रहा था। पंडित सोनु कश्यप, विधायक पत्नी तारा देवी, हलधर मोदक, शैलेन मंडल, सुनील मंडल, सचिन मंडल, समीर मंडल, भागीरथ प्रमाणिक, चंदन प्रमाणिक, पप्पु मंडल, संदीप मंडल, राहुल मंडल, बलराम प्रमाणिक, तापस दास, बैद्यनाथ कालिंदी, वरुण मल्लिक, गंगाधर बाउरी आदि मौके पर थे। प्रसाद वितरण हुआ।

### गया होकर टाटानगर से पटना मार्ग में चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर पटना समर स्पेशल ट्रेन बिहार के गया, गोमो होकर चलेगी ताकि पुरुषोत्तम, नीलांचल और राजधानी एक्सप्रेस में सीट नहीं मिलने से लोग समर स्पेशल में यात्रा कर सकें। टाटानगर पटना समर स्पेशल ट्रेन का दक्षिण पूर्व रेलवे जोन संसोधित परिचालन शेड्यूल जारी किया है जबकि टाटानगर से वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन भी गया होकर अपडाउन करेगी। रेलवे के अनुसार टाटानगर पटना के बीच में 27 अप्रैल से 29 जून तक समर स्पेशल ट्रेन 18 फेरा लगाएगी। वहीं, टाटानगर से वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन 25 अप्रैल से 28 जून तक चलेगी। इधर, यात्रियों की भीड़ के कारण दुर्ग से पटना के लिए समर स्पेशल ट्रेन का आदेश हुआ है, जो राउरकेला से हटिया रांची होकर चलेगी। रेलवे जोन हावड़ा, संतरागाछी, शालीमार व खड़गपुर स्टेशन से भी टाटानगर होकर समर स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी में है।

### दलमा में राज्य का पहला 3 डी म्यूजियम बनेगा पर्यटक करीब से जंगल व जानवरों को देख सकेंगे

**जमशेदपुर, एजेंसी।** दलमा अभयारण्य के जंगल और जानवरों को पर्यटक 3डी टेक्निक से भी देख सकेंगे। मकुलाकोचा में वन विभाग इको टूरिज्म योजना के तहत 3डी म्यूजियम का निर्माण करा रहा है। इसके लिए मुंबई से मशीनें मंगाई गई हैं। गुजरात के अहमदाबाद के इंजीनियर माह के अंत तक म्यूजियम का निर्माण पूरा करेंगे। जून में इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। म्यूजियम में प्रवेश के लिए शुल्क भी लगेगा।निर्माण पूरा होने के बाद विभाग इसका शुल्क निर्धारित करेगा। यह झारखंड के किसी भी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का पहला 3डी म्यूजियम होगा। म्यूजियम में इंटरएक्टिव फ्लिप बुक (डिजीटल) भी होगा। यह प्रोजेक्टर से जुड़ा रहेगा। बुक के पन्ने पलटने पर इसमें दलमा जंगल से जुड़ी जानकारी व तस्वीरें दिखेंगी। इंटरएक्टिव फ्लिप बुक एक कॉम्पैक्ट बुक की तरह है। इसमें तस्वीरों की एक श्रृंखला रहेगी। यहां 3डी मैप भी लगाया जाएगा।

### झरिया में दिगंबर जैन समाज ने मनाया महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

**धनबाद/झरिया, एजेंसी।** झरिया पोद्दारपाड़ा स्थित दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को धूमधाम से महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पाना देवी जैन ने मंगलाचरण गा कर किया। अजीत जैन, मनीष जैन, अनिल जैन ने सामूहिक भगवान महावीर का कलशाभिषेक किया। इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गई। जो पोद्दार पाड़ा, चिल्ड्रेन पार्क, धर्मशाला रोड़, चार नम्बर मोड़, बस स्टैण्ड, फुलारीबाग होते हुए पुन- मंदिर परिसर पहुंचा। जहां पर सामूहिक रूप से विधिवत पूजन किया गया ।लोगों ने बारी बारी से बाल भगवान महावीर को पालना झुलाया। अभी अभी सोया है ललना.., धीरे धीर झुलाओ पलना.., महावीर झूले पलना.., नक हौले झोटा दिजो..., आज तो बधाई राजा सिद्धार्थ दरबार जी.., त्रिशला देवी बेटी जायो, जायो महावीर कुमार जी.. आदि जैसे भजनों से लोग भावविभोर हो गए। इसके बाद मंदिर के शिखर पर नया ध्वजारोहण किया गया। मौके पर महेश जैन, विकाश जैन, हीरा जैन, सोनिया जैन, रेखा जैन, विमला जैन, रिंकी जैन, नीलम जैन, महक, राशि, वंशिका, मानवी, कनिष्का सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### पश्चिमी सिंहभूम में भीषण सड़क दुर्घटना, ट्रक ने तीन को कुचला; मौके पर हुई मौत

**हाटगम्हरिया, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया-जैंतगढ़ मुख्य मार्ग पर कुईड़ा जंगल नर्सरी के पास रविवार की देर शाम एक ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में 32 वर्षीय समीर लागुरी, 35 वर्षीय लक्ष्मण बिरुवा व 32 वर्षीय शत्रुघ्न पुरती शामिल हैं। समीर की साल भर पहले ही शादी हुई है। तीनों व्यक्ति हाटगम्हरिया थाना अंतर्गत कुईड़ा गांव के रहने वाले थे। रविवार को तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जलडीहा बाजार आये हुए थे ।शाम को तीनों जलडीहा बाजार से अपने गांव कुईड़ा लौट रहे थे। मोटरसाइकिल शत्रुघ्न चला रहा था। इसी क्रम में शाम को करीब 6.30 बजे तीनों जैसे ही हाटगम्हरिया-जैंतगढ़ मार्ग अंतर्गत कुईड़ा जंगल नर्सरी के पास पहुंचे तभी लौह अयस्क लेने चाईबासा की ओर से ओडिशा के बड़बिल जा रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

# झारखंड में बढ़ रहा हीट वेव का खतरा बहरागोड़ा में पारा पहुंचा 46 के पार



**रांची, एजेंसी।** झारखंड राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज बारिश के आसार हैं। आज मौसम विभाग ने किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया है लेकिन गर्म हवा को लेकर 23 अप्रैल को यलो अलर्ट जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

राज्य के कई हिस्सों में हीट वेव का खतरा बढ़ रहा है। इस बढ़ते खतरे से लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। आज मौसम में थोड़ी राहत मिल सकती है। कुछ इलाकों में बारिश के आसार हैं तो तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट आने के आसार हैं, लेकिन अगले कुछ दिनों में ही तापमान बढ़ने लगेगा। आज राज्य के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने 23 अप्रैल और 25 अप्रैल को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दिन राज्य के कई हिस्सों में हीट वेव का खतरा है। 25 अप्रैल को कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में हीट वेव का खतरा है। इन इलाकों मे तापमान में बढ़त आई है। 25 अप्रैल तक राज्य में अधिकतम तापमान की स्थिति 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

राज्य में पिछले 24 घंटे के तापमान पर नजर डालें तो राज्य में मौसम शुष्क रहा है। राज्य में सबसे अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस बहरागोड़ा में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रहा है। राज्य के जिन जिलों में हीट वेव का सबसे अधिक खतरा बढ़ा है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, सराइकेला के कई इलाके शामिल हैं।

पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में तापमान में बढ़त दर्ज की गई है। राज्य में सबसे अधिक तापमान में बढ़त चाईबासा में दर्ज की गई है यहां अधिकतम तापमान में 5.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़त आई है। इसके बाद बोकारो थर्मल में 4.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़त आई है। इसी तरह रांची में 3.5, जमशेदपुर में 4.5डाल्टेनगंज 3.7 । राज्य के इन हिस्सों में न्यूनतम तापमान में भी बढ़त दर्ज की गई है।

### झारखंड में जानलेवा हुई लू, खराब मौसम से महिला की मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड में चल रही लू अब जानलेवा हो गई है। जमशेदपुर में लू से 45 साल की एक महिला की मौत हो गई। धालभूमगढ़ रेलवे स्टेशन की बेंच पर गिरी महिला का शव आरपीएफ ने बरामद किया। शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। इधर, राज्य के 12 जिलों में रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री के पार रिकॉर्ड हुआ। 46 डिग्री पारा के साथ बहरोगाड़ा सबसे गर्म रहा, जबकि जमशेदपुर में पारा 44.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार और मंगलवार को मौसम बदलेगा। बारिश के आसार हैं।

राजधानी रांची में सोमवार को भी दोपहर से पहले गर्मी आम लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। लेकिन, दोपहर बाद मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दोपहर बाद बादल छाएंगे। गरज के साथ रांची और आसपास के क्षेत्रों समेत राज्य के दक्षिणी भाग में बारिश भी हो सकती है। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक रहने की संभावना व्यक्त की है। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है।रविवार को रांची का तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मेदिनीनगर का तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक पूरे राज्य में तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक चल रहा है।

## शादी से लौट रही महिलाओं से करने लगे अश्लील हरकत, विरोध करने पर पत्थर से हमला

**नवादा, एजेंसी।** झारखंड के गावां प्रखंड के भेलवा में कुछ मनचलों की दबंगई सामने आई है। यहां एक शादी समारोह से लौट रहे परिवार को बीच सड़क पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। मनचलों ने ऑटो पर सवार महिलाओं और बच्चियों के ऊपर जमकर पत्थर और ईंट बरसाए हैं। इस घटना में 3 महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हैं। जिसमें एक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए परिजन नवादा ले गए हैं। घटना के समय एक आर्मी के जवान ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों की जान बचाई व अस्पताल पहुंचाया।

नवादा जिला स्थित अकबरपुर प्रखंड के एक गांव से एक परिवार के लोग विवाह समारोह में भाग लेने बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया गये थे। शनिवार को विवाह कार्य संपन्न होने के बाद पटना-बल्हारा पथ के द्वारा ऑटो से लौट रहे थे। बादीडीह गांव के पास दो बाइक पर सवार तीन युवक ऑटो पर बैठी महिलाओं व युवतियों के साथ अश्लील हरकते करने लगे। बार-बार वे ऑटो को ओवरटेक करके वाहन पर सवार युवतियों व महिलाओं पर कंकड़ आदि फेंकने लगे।

वाहन पर बैठी महिलाएं व एक युवक ने जब युवकों की इस हरकत का विरोध किया तो तीनों युवक अपने अन्य तीन चार साथियों को बुला लिए व भेलवा गांव के पास वाहन में सवार महिलाओं व युवतियों पर ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। हमले में तीन महिलाएं जख्मी हो गई है। एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को लेकर नवादा अस्पताल गये हैं। वाहन पर सवार महिलाओं ने कहा कि युवकों के हाथ में रॉड, बीयर की बोतल आदि भी थे। वे आगे बढ़ने ही नहीं दे रहे थे।बाद में वहां एक महिला व एक युवक ने उनकी जान बचाई। घटना की सूचना पर गावां थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी युवक बाइक छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने घटनास्थल से दो बाइक को जब्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त पथ में बादीडीह के आगे जंगलों की आड़ में कुछ युवकों के द्वारा लगातार इस प्रकार से हरकत किये जाने की शिकायत मिलती रहती है।

### प्रचंड गर्मी में हर आधे घंटे पर ट्रिप कर रही बिजली, लोग परेशान

**धनबाद, एजेंसी।** तेज धूप और प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं बिजली कटौती ने भी परेशानी बढ़ा दी है। हर आधे घंटे पर बिजली ट्रिप कर रही है। रविवार को पूरे दिन यह सिलसिला जारी रहा। इस कारण छुट्टी के दिन लोग घर में भी चैन से नहीं बैठ पाए। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण घरों के इंवर्टर तक चार्ज नहीं हो रहे हैं। बिजली नहीं रहने से एसी, पंखा व कूलर बेकार हो गए। बिजली विभाग के अधिकारियों की मानें तो ओवरलोड के कारण बार-बार बिजली कट रही है।

बिजली विभाग के अनुसार शहर में आमतौर पर 180 से 190 मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो रही है। गर्मी के कारण मांग अचानक बढ़कर 280 मेगावाट के आसपास हो गई है। अधिक मांग और कम आपूर्ति के कारण बिजली आपूर्ति के उपकरण गर्म हो रहे हैं, जिससे वे स्वत-बंद हो रहे हैं और लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर दो बजे से शाम सात बजे के बीच लोड सबसे अधिक बढ़ रहा है। अधिक लोड के कारण सभी पावर सब-स्टेशन से बिजली ट्रिप कर रही है।

ट्रिपिंग के साथ बिजली विभाग लोडशेडिंग भी कर रहा है, जिससे बिजली की समस्या और गहरा गई है। तर्क दिया जा रहा है कि क्षमता से अधिक लोड के कारण उपकरण गर्म हो रहे हैं। इनके जलने का खतरा बना हुआ है। इन उपकरणों को बचाने के लिए लोडशेडिंग करनी पड़ रही है। यदि बिजली नहीं काटी जाएगी तो उपकरण जल जाएंगे।

## पेट में रक्तस्राव से हुई पंकज त्रिपाठी के बहनोई की मौत, सिर में भी चोट

**रांची, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी की पेट में अधिक रक्तस्राव के कारण मौत हुई थी। निरसा बाजार के पास सड़क दुर्घटना में कार चला रहे राजेश के सिर में भी चोट लगी थी और उनके बाएं जांघ की हड्डी टूट गई थी। देर रात हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसे लेकर परिजन रविवार की सुबह कोलकाता चले गए।

बता दें कि पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी और सविता तिवारी शनिवार को गोपालगंज स्थित अपने गांव कमालपुर से पश्चिम बंगाल के चित्तरंजन जा रहे थे। इस दौरान शाम चार बजे तेज रफ्तार कार निरसा बाजार चौक से पहले डिवाइडर से टकरा गई थी। राजेश खुद कार चला रहे थे। दुर्घटना के बाद दोनों को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं सविता त्रिपाठी को बेहतर इलाज के लिए कोलकाता रेफर कर दिया गया।

प्रशासन के निर्देश पर रात में ही मेडिकल बोर्ड ने राजेश तिवारी के शव का पोस्टमार्टम किया। दंडाधिकारी डॉ रवींद्र नाथ ठाकुर की मौजूदगी में किए गए पोस्टमार्टम में एफएमटी





के डॉ अभिनव कुमार, मेडिसिन के डॉ एजे अंसारी, एनाटॉमी के डॉ मकरध्वज प्रसाद, सर्जरी के डॉ संजय चौधरी और पैथोलॉजी के डॉ गणेश कुमार शामिल थे। रात 12 बजे शुरू हुआ पोस्टमार्टम रात 2.30 बजे तक चला।

डॉक्टरों की मानें तो दुर्घटना में राजेश के पेट में गहरी चोट लगी थी, जिससे अंदर में काफी रक्तस्राव हुआ, जिससे उनकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि डिवाइडर से टक्कर के कारण कार की स्टेयरिंग ड्राइविंग सीट पर बैठे राजेश के पेट में लगी। इस चोट से पेट के अंदर काफी रक्तस्राव हुआ, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके अलावा सिर में भी चोट लगने के निशान मिले हैं। बाएं जांघ की हड्डी टूटी हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन रविवार की सुबह आठ बजे शव लेकर कोलकाता चले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

पंकज त्रिपाठी के बहनोई की निरसा में सड़क हादसे में शनिवार को मौत हो गई। पंकज त्रिपाठी पर गिरे इस दुख के पहाड़ पर पूरा बॉलीवुड शोक में डूबा है। जिस पंकज तिवारी को धनबाद की कहानी ने बॉलीवुड में पहचान दिलाई, आज उसी धनबाद में उन्हें जीवन का बड़ा दर्द मिला।

2004 में बॉलीवुड में कदम रखने वाले पंकज त्रिपाठी को असली पहचान 2013 में आई फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से मिली। फिल्म में उन्होंने सुल्तान कुरैशी का किरदार निभाया था। यह वही फिल्म थी जिसके बाद बॉलीवुड में उन्हें पहचान मिली और उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म में पंकज त्रिपाठी का एक डायलॉग काफी हिट हुआ था, जब वे पुलिसवालों से कहते हैं कि यह वासेपुर है, यहां कबूतर भी एक पंख से उड़ता है और एक से अपनी इज्जत बचाता है। गैंग्स ऑफ वासेपुर की शूटिंग धनबाद के कई हिस्सों में हुई थी, लेकिन पंकज त्रिपाठी यहां नहीं पहुंचे थे। उनके हिस्से की शूटिंग यूपी के बनारस में हुई थी। फिल्म के बाद पंकज ने फिल्म गुंडे, सिंघम, दिलवाले, मिर्जापुर में अपनी एक्टिंग से अलग पहचान बनाई।

## हमने हक मांगा तो जेल में डाल दिए गए, पत्नी कल्पना ने पढ़ा जेल से हेमंत सोरेन का पत्र

**रांची, एजेंसी।** आज रांची में इंडिया गठबंधन की महारैली आयोजित की गई जिसमें कुल 14 राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रैली को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन का पत्र पढ़कर सुनाया। इसी के साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं से इंकलाब जिंदाबाद का नारा भी लगवाया।

हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा, 2024 का चुनाव चल रहा है। आज देश विषम परिस्थिति में है। 2014 से केंद्र में भाजपा की सरकार हैं। गैर भाजपा राज्यों को परेशान किया जा रहा है। आपको बंदी पत्र के माध्यम से संदेश देना पड़ रहा हैं। झारखंड के लोग



गरीब हैं, राज्य गरीब नहीं है। हम हक मांगते हैं तो जेल में डाल दिया जाता है। केंद्र सरकार ने पूरे देश को ठगा है। पत्र में आगे कहा गया, परिसीमन के दौरान आदिवासी सीट घट जाती। शिबू सोरेन ने जब आवाज उठाई तब भाजपा को पीछे हटना पड़ा। इस बार भी चुनाव के बाद परिसीमन होना है। आदिवासी प्रतिनिधित्व घटेगा। उन्होंने कहा, भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में सरकारें गिराने का काम कर रही है लेकिन हम लोकतंत्र को विफल नहीं होने देंगे। बता दें, रांची में 'इंडिया' गठबंधन की रैली के दौरान मंच पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए दो कुर्सियां खाली रखी गईं थीं। केजरीवाल और सोरेन अलग-अलग मामलों में जेल में बंद हैं। 'उलगुलान न्याय महारैली' का आयोजन मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने किया था। बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता सोरेन का 'मास्क' लगाए नजर आए। सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था।

मंच पर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल के लिए कुर्सियां खाली रखी गईं। रैली के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। रैली में उपस्थित लोगों ने ''जेल के ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे'' जैसे नारे लगाये।झारखंड की राजधानी रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भीषण गर्मी का सामना करते हुए कार्यकर्ता उलगुलान न्याय महारैली के लिए एकत्र हुए।

## हरहरी तालाब के जीर्णोद्धार को ले दो पक्षों में विवाद

**धनबाद/ बलियापुर, एजेंसी।** हरहरी स्थित तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर अभिकर्ता व तालाब बंदोवस्त लेने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच टकराव की संभावना बनी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है। वर्ष 2022-25 तक तालाब का बंदोवस्त लेनेवाले संजय महतो का कहना है कि उसने तालाब में दो लाख रुपए की मछली का चारा डाला। इसी बीच एक अप्रैल को नारायण उद्यम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अभिकर्त्ता ओमप्रकाश महतो दलबल के साथ पहुंचे। जबरन तालाब का मेढ़ काट दिया। इससे तालाब के लाखों रुपए की मछली बाहर निकल गई।

दूसरी तरफ अभिकर्ता का कहना है कि तालाब के जीर्णोद्धार के लिए सिंचाई प्रमंडल की ओर से निविदा निकाली गई। जिसके आधार पर वे जीर्णोद्धार शुरू करने के लिए बीस अप्रैल को जेसीबी मशीन के साथ तालाब पहुंचे पर संजय महतो काम में बाधा डालने लगे। रंगदारी की मांग करते हुए मारपीट की धमकी दी।जिला मत्स्य पदाधिकारी का कहना है कि हरहरी तालाब की बंदोवस्ती 31 मार्च तक की गयी है। डाकधारी द्वारा तालाब मे मछली का बच्चा संचयन किया गया है। मत्स्य पदाधिकारी ने 31 मार्च तक तालाब जीर्णोद्धार को स्थगित रखने की बात कही।

## जामताड़ा में मां काली की प्रतिमा खंडित, गहनों को बदमाशों ने छुआ तक नहीं

**जामताड़ा , एजेंसी।** जामताड़ा से सटे पश्चिम बंगाल सीमा के पास काली मंदिर में प्रतिमा खंडित कर दी गई है। मां की प्रतिमा का एक हिस्सा बदमाश अपने साथ लेकर चले गए। पुलिस सूत्रों का मानना है कि पश्चिम बंगाल की सीमा में लोकसभा चुनाव के दौरान सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश भी हो सकती है।

इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। मंदिर में जेवरात पूरी तरह सुरक्षित हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिन लोगों ने यह किया है वो प्रतिमा खंडित करने और आपसी सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से ही मंदिर में पहुंचे थे। मंदिर में चांदी के आभूषण, बर्तन, और पूजा सामग्री सभी सुरक्षित हैं। केवल बदमाशों ने मां काली की प्रतिमा को खंडित किया है।

इस मंदिर में कभी ताला नहीं लगता है। ना ही कोई सीसीटीवी है। इलाके में लोगों का आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में कभी मंदिर बंद नहीं होता था।

इस सनसनीखेज घटना से पश्चिम बंगाल के सालानपुर थाना क्षेत्र के जेमारी



के लोगों में भारी आक्रोश है द्घ पुलिस इस मामले को शांत करने में लगी है। समाज में कुछ वरिष्ठ लोग भी आगे आए हैं और खराब हो रहे माहौल को शांत करने की कोशिश की है। इसे शरारती तत्वों का काम बताते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रहे हैं।

सबुज संघ का यह काली मंदिर आसनसोल-चितरंजन मुख्य सड़क से जेमारी बस स्टैंड होते हुए हाटतला की ओर स्थित है द्घ हर साल पूजा के बाद देवी काली की प्रतिमा रखी जाती है और विभिन्न पर्वों पर पूजा सहित अन्य दिनों में विशेष पूजा की जाती है।

क्लब के सदस्य दिनेश मंडल, सिंटू मंडल व अन्य ने बताया कि रविवार रात 12 बजे के बाद इलाके से गुजरे थे, उस वक्त तक सब ठीक था द्घ सोमवार सुबह-सुबह उन्हें यह जानकारी मिली है। ग्रामीण मंदिर पहुंचे और प्रतिमा को खंडित देखकर इसकी सुचना पुलिस को दी। गांव के लोगों ने कहा- हम ऐसी घटना की कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

## लाल आतंक का गढ़ बना लोकतंत्र का मॉडल, अब जमकर मतदान कर रहे ग्रामीण

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया का कोल्हू गांव। बन्हे से आठ किलोमीटर दूर कच्ची सड़क से जैसे ही इस गांव में प्रवेश करते हैं, सबकुछ अन्य गांव की तरह ही सामान्य नजर आता है, लेकिन जैसे ही चुनाव पर चर्चा शुरू होती है तो समझ में आता है कि यहां लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखने के लिए ग्रामीणों ने बहुत कुछ झेला है।

चुनाव में नक्सलियों की बंदूक से निकली गोलियों ने इस गांव में लोकतंत्र को कई बार लहूलुहान किया है। नक्सलियों के खौफ में जीने वाला यह गांव अब लोकतंत्र का मॉडल बन चुका है। आठ पंचायतों वाले टाटीझरिया प्रखंड में पिछले दो चुनाव में सबसे अधिक वोटिंग कोल्हू गांव में हो रही है। 2000 के चुनाव के दौरान जहां मतदान का प्रतिशत 15 से 20 प्रतिशत तक ही था वह 2014 और बाद के हुए चुनावों बढ़ कर 70 से 85 प्रतिशत तक पहुंच गया है। नक्सलियों का गढ़ रहे इस गांव में सबसे बड़ी घटना 2000 में विधानसभा चुनाव के दौरान हुई थी, जब बारूदी सुरंग



विस्फोट में चुनाव ड्यूटी में तैनात सब-इंस्पेक्टर शंकर राम व बीएसएफ 22 बटालियन मध्य प्रदेश के लांस नायक नाथ सिंह बलिदान हो गए थे।

इनके साथ लोकतंत्र का झंडा उठाए चुनाव करवाने जा रहे उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राधानाथ रविदास को पैर में गोली मार दी गई थी। बम विस्फोट करने के बाद नक्सलियों से पहाड़ी के पीछे से घात लगाकर हमला किया था। तब से अब तक में कहानी काफी बदल चुकी है।घटना के बाद कोल्हू के पास से मौजूद बेड़म गांव में बने बूथ को हटा दिया गया। इस वजह से बेड़म ,कोल्हू, मायापुर का बूथ मध्य विद्यालय कोल्हू में ही रहता है।

स्थानीय युवाओं में केदार गंझू, रामलाल भुइयां, संतोष गंझू, सेवा प्रसाद और अजीत कुमार बताते हैं कि हमलोगों वोट डालने दूसरे गांव जाने में परेशानी होती है। हमारा बूथ हमारे गांव में रहे। अब कोई खौफ नही है। हमारा बूथ यदि हमारे गांव में हो तो मतदान का प्रतिशत भी बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा को झटका, विधायक अभय सिंह पत्नी और पिता सहित भाजपा में हुए शामिल

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में समाजवादी पार्टी को झटका लगा है। गोसाईंगंज से विधायक अभय सिंह अपने पिता भगवान बख्श सिंह व पत्नी सरिता सिंह सहित भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। अभय सिंह ने राज्यसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

इसके अलावा करुणाकर पांडे, पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, चौधरी सरदार सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, पूर्व विधायक पहलवान सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी, बसपा के वरिष्ठ नेता कुंवर वकील चंद्र भी भाजपा में शामिल हो गए।

### अपने ही जाल में फंसा अल्ट्रासाउंड संचालक, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अलीगढ़ , एजेंसी।** विवाद पर दुकान मालिक को फंसाने के लिए अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक ने स्वयं से अपने शरीर पर तमंचे से गोली चलाई और दुकान मालिक व उसके पुत्रों सहित अन्य पर आरोप मढ़ दिया। पुलिस की जांच में उसका झूठ पकड़ में आ गया। इस पर अल्ट्रासाउंड संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

करवन नदी के समीप किराये की दुकान पर अल्ट्रासाउंड संचालक महेश शर्मा का दुकान मालिक से विवाद चल रहा है। 20 अप्रैल को भी दुकान खाली करने की बात पर महेश शर्मा का दुकान मालिक से विवाद हुआ था। सीओ राजीव द्विवेदी के अनुसार दुकान मालिक और उसके पुत्रों को फंसाने के लिए अल्ट्रासाउंड संचालक ने तमंचे से अपने ऊपर गोली चलाई और आरोप दुकान मालिक व उसके बेटों पर लगा दिया।पुलिस ने तत्काल दुकान मालिक और उसके पुत्र को हिरासत में ले लिया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज खंगालने सहित जांच में अल्ट्रासाउंड संचालक की पोल खुल गई।

बाद में दुकान मालिक रामजीलाल पुत्र तुलाराम निवासी आईटीआई रोड अलीगढ़ की तहरीर पर महेश शर्मा सहित तीन-चार अज्ञात के विरुद्ध झूठे साक्ष्य देने, जबरन वसूली, जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई।

### कंप्यूटर सेंटर संचालक ने भेजे अश्लील मैसेज, छात्रा ने बीच क्लास जड़े थप्पड़

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कंप्यूटर सेंटर के संचालक ने कंप्यूटर कोर्स कर रही छात्रा को अश्लील मैसेज भेज दिए। छात्रा ने अपनी सहेली के साथ सेंटर पर पहुंचकर हंगामा किया। संचालक की पिटाई लगा दी। लोगों ने हंगामे का वीडियो वायरल कर दिया। हालांकि मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है।

मामला रकाबगंज क्षेत्र के एक कंप्यूटर सेंटर का है। इलाके की एक छात्रा सेंटर पर कोर्स कर रही है। आरोप है कि सेंटर के संचालक ने उसके मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजना शुरू कर दिया। छात्रा के विरोध करने पर धमकाने लगा। इस पर छात्रा ने शनिवार को अपनी सहेली और उसके पति के साथ सेंटर पर पहुंचकर संचालक की पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें आरोपी माफी मांगता दिखाई दे रहा है। घटना के संबंध में पीड़िता ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### मुना एक्सप्रेसवे पर हादसाः आगे जा रहे वाहन में घुसी रोडवेज बस, चालक की मौत

**मथुरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में सोमवार की आधी रात करीब 2 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा हो गया। यहां रोडवेज बस आगे जा रहे वाहन में पीछे से घुस गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। करीब आधा दर्जन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुरीर थाना क्षेत्र में हुआ। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसा देख राहगीर रुक गए। आसपास के लोग भी भागकर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

# युवक की पिटाई मामले में पीएसी के तीन जवान निलंबित, बैरक में मिलीं शक्तिवर्धक दवाओं व इंजेक्शन की खेप

**लखनऊ, एजेंसी।** चारबाग से युवक को अगवा कर 35वीं वाहिनी पीएसी परिसर की बैरक में बंधक बनाकर पीटने के मामले में अब पीएसी के तीन जवानों को निलंबित किया गया है। ये सभी उस रात अलग-अलग गेट पर ड्यूटी पर थे। वहीं, तलाशी के दौरान बैरकों (जहां खिलाड़ी ठहरे हुए हैं) से भारी मात्रा में दवाएं व इंजेक्शन बरामद हुए हैं। इन्हें जब्त कर पीएसी के अस्पताल में रखा गया है।



मेरठ पुलिस के दो सिपाही विशाल चौहान व विशांत राणा एथलीट हैं। वह खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 35वीं वाहिनी पीएसी में आए थे। यहीं पर दोनों ठहरे थे। 13 अप्रैल की रात दोनों चारबाग गए थे। यहां पर कैंट निवासी फैज नाम के युवक से मामूली विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों सिपाही उसे अगवा कर पीएसी परिसर में ले आए थे। यहां बैरक में जमकर पीटा था और उसके बाल काट दिए थे। मामले में दोनों सिपाहियों व अन्य 15 अज्ञात पर महानगर थाने में केस दर्ज किया गया था। सिपाहियों पर शांतिभंग के तहत कार्रवाई की गई थी। प्रकरण में पीएसी के तीन जवान अभिषेक यादव, शुभम कुमार और कार्तिकेय सिंह को निलंबित किया गया है। तीनों 2021 बैच के सिपाही हैं।

**इसलिए नपे तीनों जवान–** दरअसल, 13 अप्रैल की रात को अभिषेक यादव की गेट नंबर 2 पर रात 12 से 3 बजे तक ड्यूटी थी। वहीं, शुभम की गेट नंबर तीन व कार्तिकेय की गेट नंबर चार रात 10 से 2 बजे तक ड्यूटी थी। आरोपी सिपाही पीएसी परिसर से बाहर गए। युवक को उठाकर भीतर आए और फिर उसको बंधे तक छोड़ने गए, लेकिन किसी भी गेट पर उनकी इंट्री नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए इन पर कार्रवाई की गई।

**करीब छह घंटे तक चली थी तलाशी–** सूत्रों के मुताबिक वारदात के बाद 14 अप्रैल को आईजी पीएस ने उन बैरकों की तलाशी कराई जहां पर खिलाड़ी रुके हैं। बैरकों से शक्तिवर्धक दवाओं के अलावा ऐसे इंजेक्शन बरामद हुए जिनको खिलाड़ी खेल से पहले लेते हैं। सूत्रों का दावा है कि कुछ ड्रग्स भी बरामद हुईं। दवाओं की मात्रा इतनी अधिक थी कि एक छोटा डाला भर गया। तलाशी शाम करीब पांच से रात 11 बजे तक चली थी।

**कोच समेत एक दर्जन लोग भी जांच के दायरे में आए–** आरोपी सिपाही 13 अप्रैल की रात करीब दो बजे से महानगर पुलिस की हिरासत में थे। पुलिस ने 14 अप्रैल की दोपहर पीएसी के अफसरों को इसकी जानकारी दी। हैरानी की बात ये है कि इस बीच हुई गणना में आरोपी दोनों सिपाहियों की उपस्थिति दर्ज कर दी गई। यदि ऐसा न हुआ होता तो उसी वक्त पकड़ में आ जाता कि दो सिपाही गैर हाजिर हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक कोच समेत करीब एक दर्जन जिम्मेदार जांच के दायरे में हैं।

**बयान देने से कतराते रहे अफसर–** प्रकरण में बातचीत के लिए आईजी पीएस अपर्णा कुमार से संपर्क किया गया। उनका कहना था कि मामले में 35वीं वाहिनी पीएसी के कमांडेंट बयान दें। कई बार कॉल करने के बाद कमांडेंट अतुल शर्मा ने जब कॉल रिसीव की तो उन्होंने कुछ देर में जानकारी देने की बात कही। बाद में कॉल रिसीव नहीं की। कुल मिलाकर अफसर प्रकरण में बयान देने से कतराते रहे।

## पुराने दिग्गज इस बार नदारद, अज्ञातवास में विनय कटियार तो गठबंधन ने किया निर्मल खत्री को उपेक्षित !

**अयोध्या, एजेंसी।** कभी चुनाव मैदान में कप्तान की भूमिका में रहे राजनीति के दिग्गज इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान दर्शक दीर्घा में आराम कर रहे हैं। पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व सांसद निर्मल खत्री और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू जैसे दिग्गज इस बार अयोध्या के रण से नदारद हैं। ऐसे में इनके समर्थक असमंजस में हैं।



पहले बात शुरू करते हैं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कटियार की। एक समय अयोध्या की राजनीति की धूरी रहे कटियार आजकल अज्ञातवास में हैं। विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्हें देश भर में अलग पहचान मिली। राममंदिर आंदोलन के समय कटियार फायर ब्रांड नेता के तौर पर चर्चित हुए। भाजपा में उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव तक का दायित्व संभाला। वर्ष 1991 व 1999 में वे दो बार फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से चुने भी गए।

पार्टी में उनके योगदान और बड़े कद को देखते हुए वर्ष 2012 व 2018 में दो बार राज्यसभा में भेजा गया। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव तक कटियार अयोध्या की राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में रुदौली के पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र यादव के समर्थन में चुनावी सभाएं भी कीं। इसके बाद से वे राजनीति से कटते गए। इस आम चुनाव में अभी तक भाजपा की ओर से उनकी कोई भूमिका तय नहीं की गई है।

इसी तरह कांग्रेस के कद्दावर नेता निर्मल खत्री भी इस बार पर्दे के पीछे हैं। गठबंधन में फैजाबाद सीट सपा के हिस्से में चली गई। सपा ने यहां से अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। निर्मल पहली बार वर्ष 1980 में यहां से विधायक चुने गए। इसके बाद वर्ष 1984 व 2009 में सांसद निर्वाचित हुए। वर्ष 2012 से 2016 तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। उन्होंने वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से लड़ा और 1,29,917 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे। वर्ष 2019 के चुनाव में 53,386 मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। इस चुनाव में कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और निर्मल चुनाव मैदान से बाहर हैं।

कभी बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी नेताओं में शुमार जितेंद्र सिंह बबलू इस लोकसभा चुनाव में राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं। बबलू वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर बीकापुर से विधायक चुने गए थे। वर्ष 2014 में बसपा से ही लोकसभा चुनाव लड़े और 1,41,827 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। तब कांग्रेस यहां चौथे स्थान पर सिमट गई थी। वर्ष 2021 में पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए। यह अलग बात रही कि वर्ष 2009 में तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोप में घिरे बबलू की सदस्यता बाद में निरस्त कर दी गई। वर्ष 2022 में निषाद पार्टी का दामन थामा। इसके बाद से वे राजनीति के रण मे दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख, कई दुकानें चपेट में आईं




**दोस्तपुर (सुल्तानपुर) , एजेंसी।** सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत स्थित बहबल टोला पश्चिम शाही पुल के पास भूषण मशीनरी स्टोर में सोमवार की सुबह सात बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने बगल की जायसवाल मशीनरी स्टोर पाइप एवं वाटर टैंक को भी अपनी चपेट में ले लिया।

भूषण मशीनरी स्टोर की दुकान के नीचे बने लंबे चौड़े बेसमेंट में रखी पलास्टिक की पाइपें, सैकड़ो की संख्या में वाटर टैंक, दर्जनों जनरेटर, दर्जनों पंपिंग सेट, कई कुंतल डिलीवरी पाइप, सैकड़ों लीटर मोबिल, एक पिकप गाड़ी, एक बोलेरो गाड़ी और दुकान में रखा पूरा सामान धूं धूं कर जल गया। बेसमेंट की छत को तोड़कर पानी की बौछार की गई। जेसीबी बुलाकर दुकान को तोड़कर पानी की बौछार की गई।

सूचना पर सुल्तानपुर जिले से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवाई गई पर जब आग पर काबू न पाया जा सका तो अधिकारियों को फोन किया गया। अंबेडकरनगर से चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और मोर्चा संभाला जिससे आग पर काबू पा लिया गया।

## भतीजा लेकर आया दलाल, नौकरी का दिया झांसा

### दिवंगत पूर्व दरोगा की विधवा से लाखों ठगे... अब दे रहा धमकी

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में दिवंगत पूर्व दरोगा की पत्नी के साथ धोखाधड़ी की गई। आरोपी ने बेटी की सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 4.50 लाख रुपये ले लिए। नौकरी नहीं लगने पर पीड़िता ने रकम वापस मांगी। इस पर आरोपी धमकी देने लगे। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज हुआ है। आरोपियों में एक लखनऊ सचिवालय का समीक्षा अधिकारी भी बताया गया है।

मामला एत्माद्दौला थाना क्षेत्र का है। पालिका नगर, नवलगंज निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि पति महाराम सिंह सेवानिवृत्त दरोगा थे। दिसंबर 2022 में उनका देहांत हो गया। रिश्ते का भतीजा सुभाष नगर निवासी सुनील लखनऊ सचिवालय में समीक्षा अधिकारी है। वह पांच फरवरी 2023 को दोस्त कलाल खेरिया निवासी नीरज के साथ घर आया। उसने नीरज की कई विभागों में अच्छी सेटिंग बताई।

बताया कि वह लखनऊ और दिल्ली में संविदा पर कई लोगों की नौकरी लगवा चुके हैं। कुछ साल में स्थायी कर्मचारी बनवा देते हैं। उनकी बेटी की भी नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके लिए 4.50 लाख रुपये ले लिए। मगर, 23 महीने बाद भी नौकरी नहीं लगवाई। रुपये वापस मांगने पर धमकी दी जा रही है। मामले में सुनील कुमार, अमर सिंह, उमेंद्र, नीरज और कुंवरपाल सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## पारे में मामूली गिरावट, लू की चेतावनी बरकरार

**लखनऊ, एजेंसी।** दिन कुछ राहत भरा रहा। गर्म हवा और लू से राहत मिली। वहीं पारे में भी कुछ गिरावट दर्ज हुई। वाराणसी में 43 तक पहुंचा पारा 40.3 डिग्री दर्ज हुआ। प्रयागराज में भी 42 पार पारा 41 डिग्री रहा। शनिवार को प्रदेश में ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 40 से अधिक ही था लेकिन रविवार को इसके उलट स्थिति रही। पारे में गिरावट रही और ज्यादातर जगह ये 40 से नीचे दर्ज हुआ।



मौसम विभाग के मुताबिक, रात के तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हैं। रविवार को पारा समान्य से अधिक बना रहा और 20.6 से 29 डिग्री के बीच रहा। जबकि अधिकतम तापमान कई जगह सामान्य से कम हुआ।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक, सोमवार को कुछ राहत रहेगी, लेकिन मंगलवार से फिर लू चलने के आसार बन रहे हैं। पारे में भी दो डिग्री से अधिक की गिरावट आ सकती है। सोमवार को पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है।

**अगले दो दिनों के लू को लेकर येलो अलर्ट** – प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, बलरामपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर और आसपास।

# बरेली में गरमाई सियासतः आंवला से बसपा प्रत्याशी ने सपा उम्मीदवार पर दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस ने शुरू की जांच

**बरेली , एजेंसी।** आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य और बसपा से ही टिकट होने का दावा करके नामांकन करने वाले सत्यवीर सिंह पर धोखाधड़ी व जालसाजी जैसी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सत्यवीर पार्टी के प्रत्याशी नहीं हैं, इसकी पुष्टि एक दिन पहले बसपा प्रमुख मायावती ने की थी और उसके बाद उनका नामांकन निरस्त किया गया था। इसके बाद बसपा उम्मीदवार आबिद अली ने अपने साथ हुई साजिश में सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य को भी शामिल बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। हालांकि नीरज मौर्य ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।





आबिद अली ने रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही बताया कि बहुजन समाज पार्टी ने आंवला लोकसभा से उन्हें प्रत्याशी बनाया है, जबकि रिटर्निंग कार्यालय से जारी प्रत्याशियों की अंतिम सूची में शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी सत्यवीर सिंह को बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी दर्शाया गया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्यवीर ने नकली मोहर और फर्जी दस्तावेज तैयार कर फार्म ए और बी सिंबल अथॉरिटी के रूप में नामांकन के साथ लगाया। बसपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने भी रिटर्निंग अधिकारी को लिखित में अवगत कराया कि सत्यवीर को ए और बी फार्म जारी नहीं किया गया था। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी इसकी पुष्टि की। इसके बाद सत्यवीर का परचा खारिज हुआ।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने पकड़ी थी कार

आबिद का आरोप है कि सत्यवीर के नामांकन के दौरान फर्जी दस्तावेजों की फाइल श्यामलाल नाम का शख्स कार में लेकर बैठा था। कलक्ट्रेट गेट पर बसपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कार पकड़ी तो कार के ड्राइवर अशोक मौर्य ने पुलिस को बताया कि उसे सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के करीबी नरेंद्र कुमार ठेकेदार ने श्यामलाल को लेने भेजा था। आबिद का आरोप है कि सत्यवीर और सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य मिले हुए हैं और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में दोनों की मिलीभगत है।

आबिद अली की शिकायत पर कोतवाली में दोनों प्रत्याशियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आबिद का आरोप है कि नीरज मौर्य और सत्यवीर दोनों ही शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद से ताल्लुक रखते हैं और सत्यवीर को फर्जी तरीके से प्रत्याशी बनवाने की साजिश में नीरज मौर्य भी बराबर के साझीदार हैं। इसका प्रमाण वह पुलिस को दे चुके हैं।

### पुलिस ने सीज की कार, मिलीं दो लाल टोपियां

बसपा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रत्याशी पर साजिश का आरोप लगाकर कार कोतवाली पुलिस को दी है। उसमें सपा की बताई जा रहीं दो लाल टोपियों के अलावा कुछ नहीं मिला। बसपाइयों का कहना था कि इसी कार से सत्यवीर के फर्जी कागजात नीरज मौर्य के करीबी लेकर आए हैं तो इसे सीज कर मुकदमे का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। वहीं आरोपों की पुष्टि न देखकर इंस्पेक्टर कोतवाली डीके शर्मा ने कार को बिना कागजात मानकर सीज कर दिया। इधर, कार ड्राइवर अशोक का भी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह नीरज मौर्य से तो जुड़ाव बता रहा है लेकिन सत्यवीर को जानने से इन्कार कर रहा है।

### आरोप निराधारः नीरज मौर्य

बसपा प्रत्याशी के आरोपों पर सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य का कहना है कि शनिवार के घटनाक्रम को लेकर उन्हें वीडियो आदि से जानकारी हो रही है। वह जो समझ रहे हैं उसके मुताबिक कार चलाने वाला अशोक उनका समर्थक है। उसे रास्ते में जलालाबाद के ही एक वकील मिल गए थे, जिन्होंने खुद को कलक्ट्रेट की तरफ छोड़ने का अनुरोध किया था। ड्राइवर ने उन्हें वहां छोड़ दिया होगा। वकील के पास किसके कागजात थे और सत्यवीर सिंह से उनका क्या जुड़ाव है, ये वह नहीं जानते। रिपोर्ट राजनैतिक कारणों से लिखवाई गई है। पुलिस सही से जांच करेगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी। पुलिस को सीसीटीवी, सर्विलांस आदि का प्रयोग कर निष्पक्ष विवेचना करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 साल की दुष्कर्म पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट से की अबॉर्शन की मांग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता को उसकी लगभग 30 सप्ताह की गर्भावस्था का चिकित्सीय गर्भपात कराने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने अस्पताल द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट को ध्यान में रखकर आदेश दिया। रिपोर्ट में नाबालिग की चिकित्सीय समाप्ति की राय दी गई थी और कहा गया था कि गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### राम मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर तैयार, परिसर में लगेंगी 6 और मूर्तियां- चंपत राय

**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि केवल ग्राउंड फ्लोर का मंदिर बना है। वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। फर्स्ट फ्लोर का काम चल रहा है और इसके ऊपर सेकंड फ्लोर को लेकर तैयारी है। उन्होंने कहा, मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। इस दीवार को मंदिर का परकोटा कहा जाता है। यह परकोटा कई उद्देश्यों को साथ तैयार किया जाएगा। यहां पर 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। एक कोने पर शंकर, दूसरे कोने पर भगवती, एक कॉर्नर पर पार्वती और एक कॉर्नर पर सूर्य भगवान का मंदिर बनेगा। दो भुजाओं में एक भुजा पर भगवान हनुमान और मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। ये सभी मंदिर पत्थर के बनेंगे। इनका परिसर छायादार होगा और सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपत राय ने कहा, इस परिसर में महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य के मंदिर भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा निषाद राज, मां शबरी, मां अहिल्या और जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे। मंदिर परिसर में एक समय में 25,000 तीर्थयात्री आ सकेंगे। यहां पर इन्हें अपने सामान रखने की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी तरह का प्रदूषण न हो, इसकी व्यवस्था की गई है। यहां के पेड़-पौधे संरक्षित हैं। परिसर में 600 पौधे थे और सभी सुरक्षित हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भी वहां पर हैं। यह मंदिर अपने आप में स्वतंत्र होगा। अयोध्या के लोगों को मंदिर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। हर दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने किए मंदिर में दर्शन राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा, हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं। देश भर से भक्तों के अयोध्या आने का सिलसिला जारी है। बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नए मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद पहली रामनवमी हाल ही में बीती है। सूर्य तिलक के लिए राम मंदिर में ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम लागू करने से पहले, रुड़की इलाके के लिए उपयुक्त एक छोटा मॉडल सफलतापूर्वक मान्य किया गया। मार्च 2024 में बेंगलुरु में ऑप्टिका साइट पर एक पूर्ण पैमाने के मॉडल को सफलतापूर्वक मान्य किया गया।

### मोदी के मुसलमान वाले बयान पर खरगे बोले- पीएम ने जो कहा वो हेट स्पीच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमान वाले बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। मुख्य विपक्षी दल की ओर से इसे घृणास्पद भाषण करार देते हुए कहा गया कि यह लोगों का ध्यान भटकाने की सोची-समझी चाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की खासियत है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओं- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे।

# कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो जाएगा सीएए

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के केंद्र में सरकार बनते ही संसद के पहले सत्र में ही नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राजनेता कांग्रेस पर इस बात को लेकर लगातार निशाना साध रहे हैं कि उसके घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख नहीं है।यहां मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि 'यह बहुत लंबा हो गया था।'

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है क्योंकि इसने संसद में 'प्रचंड बहुमत' का दुरुपयोग किया।





चिदंबरम ने कहा, 'कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह से रद्द कर दिए जाएंगे। ये मेरा वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं। मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है।'

चिदंबरम ने विजयन के इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने कानून का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में सीएए के खिलाफ अपने विचार रखे थे। चिंदबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के लोगों से यह सच्चाई छिपा रही है कि 'हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि' पर चीनी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है।

चिदंबरम ने कहा, 'यह एक तथ्य है जिसकी गवाही लद्दाख के सांसद ने दी है। इस तथ्य की गवाही अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों ने दी है। इसलिए यह कहना कि उन्होंने हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, पूरी तरह से झूठ है।' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।

चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।उन्होंने लोगों से 'लोकतंत्र को बहाल' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा, 'भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'

चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, 'भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा।' चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है।

# अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए: चंद्र कुमार बोस

**शिमला, एजेंसी।**
नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी है। चंद्र कुमार बोस ने कंगना के उस दावे की आलोचना की है जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कहा था कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए। मेरी कंगना से अपील है कि उनको नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि पहले मुझे यह बात क्लियर करने दीजिए। जब हमें आजादी मिली तो भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस, वो कहां गए थे? इस बयान को लेकर वह आलोचकों के निशाने पर भी आ गई थीं। एक विशेष बातचीत में चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी कि उन्हें (कंगना रनौत)





अपने राजनीतिक लाभ के लिए या अपने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। जहां तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर उनके बयान का सवाल है, तो यह अधूरा है। नेताजी निश्चित रूप से राष्ट्र प्रमुख, अखंड, अविभाजित भारत के प्रधानमंत्री थे। मैं यहां बता दूं कि महत्वपूर्ण कारक एकजुट और अविभाजित भारत है, जिसका जिक्र करने से वह चूक गईं।

चंद्र कुमार बोस ने कहा- नेताजी अविभाजित और अखंड भारत के अंतिम प्रधानमंत्री भी थे। आपको नेताजी के जीवन और समय, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने की जरूरत है। मैं न केवल कंगना से वरन उन सभी लोगों से, जो नेताजी में रुचि रखते हैं, अनुरोध करूंगा कि वे भारत की उनकी अवधारणा, विचारधारा और देश के लिए उनके नजरिये को समझने के लिए उनके लेखों का अध्ययन करें। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे।

## मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित नहीं; ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं।

## सचिन पायलट के ट्रंप कार्ड ने किया कमाल तो फंस जाएगी बीजेपी? कई सीटों पर पड़ेगा असर

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इन सीटों पर इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। हाई प्रोफाइल सीट दौसा को लेकर दोनों ही दल जीत का दांवा कर रहे है। इस सीट पर लड़ तो रहे हैं कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा और बीजेपी कन्हेयालाल मीणा, लेकिन परीक्षा सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की होगी। पूर्वी राजस्थान में वर्चस्व की राजनीति को लेकर सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की बीच अदावत किसी छिपी नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दौसा सीट को लेकर इस बार पेच फंस गया है। बीजीपे की यह सीट फंस सकती है। सचिन पायलट ने गुर्जर कॉर्ड का बखूबी इस्तेमाल किया है। ऐसे में सियासी जानकारों का कहना है कि पायलट का ट्रंप कार्ड कमाल दिखा देता है कि बीजेपी की कम से कम 4 सीटें कांग्रेस को मिल सकती है। दौसा, टोंक सवाई माधोपुर, कोटा -बूंदी और अजमेर। इन सीटों पर गुर्जर वोटर निर्णायक भूमिका में रहते रहे हैं।

हालांकि, सचिन पायलट ने अपनी किसी भी सभा या रैली में अपनी जाति का उल्लेख नहीं किया है। पायलट हमेशा समाज से जुड़े कार्यक्रमों से भी दूरी बनाते आए है। लेकिन जिस तरह से पायलट समर्थकों ने गुर्जर वोटरों के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ रखी है। उससे बीजेपी को नुकसान होने का अंदाजा है। दौसा की तरह टों-सवाई माधोपुर से परिणाम चौंकाने वाले आ सकते है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल ने इस बार दौसा पर पूरा ध्यान दिया है। किरोड़ी ने एक दर्जन से ज्यादा सीटें की है। इसके बावजूद किरोड़ी की सभा में भीड़ की



उपस्थिति कम रही है। यहीं वजह है कि बस्सी में आयोजित एक सभा में किरोड़ी लाल मीणा नाराज हो गए। मंच छोड़कर चले गए। किरोड़ी लाल दांवा कर रहे है कि इस बार भी दौसा सीट बीजेपी के पास रहेगी। दौसा पूर्वी राजस्थान की सियासत का प्रमुख केंद्र माना जाता है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने सचिन पायलट के गढ़ में सेंध लगा दी। बीजेपी को 5 में से 4 सीट मिली है। जबकि कांग्रेस को एक सीट। वह भी दौसा से खुद मुरारी लाल मीणा जीते। मुरारी लाल सांसद का चुनाव लड़ रहे है। बता दें मुरारी लाल को सचिन पाययट कैंप का माना जाता है।

सियासी जानकारों का कहना है कि दौसा से सचिन पायलट के पिता 5 बार सांसद रहे है। ऐसे में इस सीट को लेकर पायलट ने ताबड़तोड़ रैलियां की है। एक दर्जन से ज्यादा सभाएं की है। दौसा चुनाव किरोड़ी और पायलट की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल कह चुके है कि महुआ से बीजेपी हारती है तो वह मंत्री पद छोड़ देंगे। इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि दौसा सीट किरोड़ी लाल के लिए कितनी अहमियत रखती है। दौसा सीट पर सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की परीक्षा होगी।

## योगी के रोड शो में बुलडोजर का काफिला, सीएम ने की छत्तीसगढ़ के भाचा राम से लेकर अयोध्या के राम की बात

बिलासपुर , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंचे।? लोकसभा चुनाव में बिलासपुर सीट से प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर के काफिलों के साथ स्वागत किया गया। बिलासपुर लोकसभा के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बीआर यादव स्टेडियम बहतराई स्टेडियम में हुई इस सभा के दौरान उनका स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुलडोजर रैली निकालते हुए किया है। बिलासपुर में सीएम योगी को सुनने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ स्टेडियम में जमा हुई।?

सीएम योगी आदित्यनाथ के स्वागत में बिलासपुर और बेलतरा के भाजपा कार्यकताओं ने शहर में बुलडोजर रैली निकालते? हुए स्टेडियम पहुंचे। शहर के सरकंडा इलाके से रैली निकाली गई। 30 बुलडोजर को रैली के रूप में शहर भर में घुमाया गया। बुलडोजर यात्रा शहर के अलग-अलग इलाकों से होकर निकालकर अंत में सभी बुलडोजर को सभा स्थल में ले जाया गया है।? मुख्यमंत्री आज बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे । उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा बुलंद किया। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार करने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचे हुए थे, जहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। सीएम योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्री राम भगवान का ननिहाल है और ननिहाल जाकर सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि, श्री राम भगवान का भव्य मंदिर 500 साल बाद आज अयोध्या में बनकर तैयार हो गया है ।

# केजरीवाल पर चार्जशीट ला रही ईडी, आप पर सबसे बड़े संकट की होगी शुरुआत!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** झकथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जल्द चार्जशीट दायर की जा सकती है। ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। इससे आप के लिए बड़े संकट की शु[illegible]



सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के अलावा सप्लीमेंटी चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया। हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे।

# यूपी के बस्ती जिले में आग का तांडव, एक दिन में 18 जगह तबाह

**बस्ती, एजेंसी।**
बस्ती जिले में लगातार तीन हफ्ते से आग का तांडव जारी है। आग बुझाने के लिए जब तक अग्निशमन विभाग टीम दमकल लेकर पहुंचती है तब तक लोगों के आशियाने, फसल व उनके अरमान जलकर बर्बाद हो जा रहे हैं। रविवार को भी आग का कहर जिले में बना रहा। तेज पछुआ की हवाएं आग में घी का काम रही हैं। आग की लपटें तेजी से फैल कर गेहूं के प्लाट का प्लाट साफ कर दे रहीं हैं। रुधौली थानाक्षेत्र के पड़इयाचेत सिंह व उमरा दसिया गांव में इरशाद के गेहूं के खेत में आग लगी। दमकल ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नगर क्षेत्र के राजघाट गांव में, कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट, मलिकपुरवा, अमहट व सियरापार गांव



में गेहूं के खेत में तथा वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के छरौरा, पोखरभिटवा, बड़ेवन गनेशपुर में बाग में व पलानी मझौआमीत गांव में गेहूं के खेत में, पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के मरवटिया गांव में, कप्तानगंज थानाक्षेत्र के महराजगंज के गेहूं के खेत में, पैकोलिया के घाटमपुर गांव में, सोनहा थानाक्षेत्र के परसोइया गांव में खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। मुंडेरवा थानाक्षेत्र के रामपुर गांव में, सोनहा थानाक्षेत्र के बढौया नगवरिया में तकरीबन पचास बीघे से अधिक गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर नष्ट हो गई।

लालगंज क्षेत्र के जिगनादेव में रविवार को लगभग 12.30 बजे पर घर में दूध गर्म करते वक्त राम बेलास पांडेय के घर उठी चिंगारी से मकान में रखा घर गृहस्थी का सारा सामान आग में जलकर राख हो गया है। घर में रखा 20 बोरी धान, 10 कुंतल चावल व 15 कुंतल गेहूं 10 हजार कैश, जेवर कपड़े सहित घर गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया है।

भानपुर में सोनहा थाने के बनटिकरा गांव के सिवान में गेंहू के डंठल में लगी आग को बुझाने के लिए फायर स्टेशन भानपुर के चालक सहित चार फायरमैन चार घंटे तक जूझते रहे।

## बुर्का नहीं पहना और कुमकुम लगाया तो... पत्नी के सामने महिला के साथ की हैवानियत

**बेलगावी।** कर्नाटक में 28 वर्षीय महिला की निजी तस्वीरों का उपयोग करके उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। वहीं, महिला पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान रफीक और उसकी पत्नी के रूप में हुई, जो उसके साथ यौन गतिविधियों में लिप्त था।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे बुर्का पहनने और माथे पर कुमकुम नहीं लगाने के लिए मजबूर किया गया है। तीनों एक साथ रह रहे थे और 2023 में उसके पति रफीक ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया और उसे इस्लाम में परिवर्तित करने की मांग की। बेलगावी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भीमाशंकर एस गुलेद ने कहा, अप्रैल 2024 में आरोपी ने पीड़िता को पांच बार नमाज पढ़ने, बुर्का पहनने और कुमकुम न पहनने के लिए मजबूर किया।

## संक्षिप्त समाचार



### चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।



### लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी।** साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे।

ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े।

हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।

इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।साई किशोर 4-33 के अलावा नूर अहमद 2-20 और राशिद खान 1-15 पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2024 में अब तक पंजाब किंग्स के लिए कई लड़ाईयां लड़ी हैं, क्रमशः आठ और तीन रन पर आउट हो गए और पंजाब को नाटकीय पतन का सामना करना पड़ा।ओपनक सैम कुरेन (20) और प्रभसिमरन सिंह (21 गेंद में 35) के बाद निचले क्रम में हरप्रीत बरार (12 गेंद पर 29) को छोड़कर बाकि बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

# 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

● **विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी।

गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

चेन्नई से आने वाले 17 साल के डी गुकेश ने इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने के साथ दिग्गज



गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने उस समय वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने के लिए 22 साल की उम्र में क्वालीफाई किया था। डी गुकेश और अमेरिकी खिलाड़ी के बाद मैच 109 चालों तक चला जिसके बाद दोनों ड्रा करने पर अपनी सहमति जताई थी। इस टूर्नामेंट में डी गुकेश के प्रदर्शन को देखा जाए तो उन्होंने 5 मैचों में जहां जीत हासिल की तो उन्हें एक में हार का सामना करना पड़ा जो फ्रांस के खिलाफ अलिरेजा फिरौजा के खिलाफ मिली थी।

### डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया। विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई।

आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।



**हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा**

# पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रियंका और अक्षदीप ने इस दौरान 03:05:03 मिनट का समय लिया और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया।

### शीर्ष-22 टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी

इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।

### वैकल्पिक रूप से दूरी तय करते हैं एथलीट

मिक्स्ड टीम रिले पैदल चाल में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला 10-10 किमी चलते हैं। हर चरण के शुरू होने से पहले 20 किलोमीटर चेंजओवर के लिए होते हैं। इटली की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान और स्पेन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### ओलंपिक में डेब्यू करेगा पैदल चाल में मिक्स्ड रिले इवेंट

पैदल चाल वर्ग में मैराथन मिक्स्ड रिले इवेंट पेरिस ओलंपिक में डेब्यू करेगा। यह इवेंट रिले प्रारूप में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होगा। भारतीय एथलीटों की नजरें पेरिस ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक जीते थे।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पाच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं।

### इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर

वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है।

### रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का



काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।

### आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे वॉर्नर

वॉर्नर दो प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने कहा कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वह आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे और अगले साल फिर इस टूर्नामेंट के लिए भारत लौटेंगे।

# सहवाग ने सैम करन की जमकर आलोचना की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के स्टैंड-इन कप्तान सैम करन की टीम में भूमिका पर सवाल उठाया। पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। सहवाग की यह टिप्पणी पीबीकेएस को कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में गुजरात जाइंट्स के हाथों हार झेलने के बाद आई। करन ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए और अपने दो ओवरों में 18 रन देकर एक विकेट लिया। सहवाग ने कहा, अगर मैं पीबीकेएस डगआउट में होता, तो मैं उसे अपनी टीम में नहीं चुनता, न तो बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में और न ही गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में।

वो खिलाड़ी किसी काम का नहीं अगर वह थोड़ी गेंदबाजी और थोड़ी बल्लेबाजी कर सकता है। या तो आप ठीक से बल्लेबाजी करें और हमें मैच जिताएं, या फिर अपनी गेंदबाजी से हमें जिताएं। मुझे यह छोटे-छोटे हिस्से में बंटे खिलाड़ी समझ में नहीं आते। इस सीजन में करन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। उन्होंने 8 पारियों में 116.03 की स्ट्राइक रेट से केवल 152 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक अर्धशतक भी शामिल है। गेंदबाजी के मामले में उन्होंने 8 मैचों में 8.79 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं।

**रॉबिन उथप्पा ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी**

# शुभमन गिल करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उथप्पा का कहना है कि गिल निकट भविष्य में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।



बता दें कि 24 वर्षीय गिल आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस (जीटी) की कमान संभाल रहे हैं। जीटी ने रविवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ करीबी मुकाबले में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बौतर ओपर उतरे गिल ने 29 गेंदों में 35 रन की अहम पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।

उथप्पा ने गिल को भारतीय क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट करार दिया। उन्होंने जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि वह इंडियन क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो भारतीय क्रिकेट जगत में एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हो रहा है। हमने उन्हें सफल होते देखा। हम उन्हें एक बहुत ही शानदार लीडर के रूप में विकसित होते हुए देख रहे हैं, जो ना केवल अपनी आईपीएल टीम का नेतृत्व करेगा बल्कि मुझे लगता है कि निकट भविष्य में भारतीय टीम का भी नेतृत्व करेगा।

# तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

## 7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20



गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

### लक्ष्य हासिल कर आसानी से जीती न्यूज़ीलैंड

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने बड़ी ही आसानी से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली. ओपनिंग पर उतरे टिम सेफर्ट और टिम रॉबिन्सन ने न्यूज़ीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 (30) रनों की साझेदारी की. कीवी टीम को पहला झटका टिम सेफर्ट के रूप में लगा, जो 5वें ओवर में अब्बास अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हुए. सेफर्ट ने 16 गेंदों में 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए. फिर छठे ओवर में नसीम शाह ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया. रॉबिन्सन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे. इसके बाद मार्क चैपमैन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने तीसरे विकेट के लिए 117 (68) रनों की शानदार साझेदारी कर मैच को न्यूज़ीलैंड के पक्ष में डाल दिया. यहां से टीम को चौथा झटका 18वें ओवर में लगा, जब फॉक्सक्रॉफ्ट 29 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे. फिर इसके बाद मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने चौथे विकेट के लिए 9* रनों की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत की लाइन पार करवाई. इस दौरान चैपमैन ने 42 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42 रन स्कोर किए.

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के जवाब में फैन्स के लिए थोड़ी निराशा वाली बात सामने आती है. दरअसल, अब यहां आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो उसके कुल 14 पॉइंट्स हो जाएंगे. ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम नामुमकिन की तरह नजर आ रहा है.

**अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!**

इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा. मगर इसकी उम्मीद बेहद ही कम नजर आ रही है.



## छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.



## एक नजर

### एचओपीसी ने की श्राद्ध कर्म के लिए पीड़ित परिवार की सहायता

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** दाउदनगर के नालबंद टोली वार्ड संख्या 08 निवासी छुनु राम की 40 वर्ष की अल्पायु में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। स्व. छुनु राम के उचित श्राद्ध कर्म हेतु डॉ. प्रकाश चंद्रा की मानवीय पहल 'राहत' के तहत उनके घर जा कर उनके परिजनों को राहत सामग्री के रूप में मदद पहुंचाई गई। इसके पूर्व छुनु राम के निधन की जानकारी मिलते हीं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के संरक्षक एवं लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा ने 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के साथियों से पीड़ित परिवार को मदद पहुंचाने का आग्रह किया। इसके बाद 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के सदस्यों ने तत्काल उनके घर जा कर परिजनों को राहत सामग्री प्रदान की। स्व. छुनु राम रिक्शा चला कर परिवार का जीवनयापन करते थे और रिक्शा चलाने के क्रम में हीं रिक्शा के अनियंत्रित होने के बाद उससे नीचे गिरने की वजह से उनकी मृत्यु हुई। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण परिवार श्राद्ध कर्म करने में असमर्थ था। डॉ. प्रकाश चंद्रा भैया ने छुनु राम के निधन पर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है और दिवंगत पुण्यात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** पटना के कई स्कूलों और संस्थानों में 'विश्व पृथ्वी दिवस' के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र में नारा लेखन, पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता और व्याख्या का आयोजन किया गया। इसके अलावा क्राइस्ट चर्च डायोसियन स्कूल में बच्चों ने विद्यालय परिसर में 50 पौधे लगाए। नारा लेखन प्रतियोगिता का विषय 'हमारा भविष्य और प्लास्टिक प्रदूषण' था। यह प्रतियोगिता कक्षा 5 से 8 के बच्चों के लिए आयोजित किया गया। इसमें कुल 54 बच्चों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय 'पृथ्वी पर प्लास्टिक का प्रभाव' था। इसमें 8 से 10वीं तक के 12 बच्चे शामिल हुए। सभी ने पृथ्वी पर प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण और इससे जुड़ी बातों को चित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया। 'देखो और पहचानो' क्विज प्रतियोगिता का विषय 'पृथ्वी और जैव विविधता' था। इसमें कुल 115 बच्चों ने भाग लिया। 20 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पटना विश्वविद्यालय के भूगर्भ शास्त्र विभाग के प्रो. डॉ. अतुल आदित्य पांडेय ने विज्ञान व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि माइक्रो प्लास्टिक ना सिर्फ धरती पर मनुष्यों और जीव-जन्तुओं को प्रभावित कर रहा है, बल्कि समुद्री मछलियों और समुद्री जीवों को भी बहुत हानि पहुंचा रहा है।

# पुलिस ने जानलेवा हमला मामले के आरोपी को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के ओबरा प्रखंड में खुदवां थाना की पुलिस ने एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार अपराधी अनंतु पांडेय उर्फ बॉस पांडेय खुदवां थाना के पिसाय गांव का निवासी है। उस पर खुदवां थाना में ही कुल दस मामले दर्ज है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ) कुमार ऋषि राज ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि अनंतु ने पिसाय गांव के ही विकास पांडेय पर 23 जनवरी को जानलेवा हमला किया था। मामले में पीड़ित के बयान पर खुदवां थाना के में गाली-गलौज करने, जान मारने की धमकी देने एवं जान मारने के नियत से गोली चलाने और मौके से बुलेट बरामदगी के आरोप में भादंवि की धारा-341, 443, 504, 506, 307 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी संख्या-07/24 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसके घर पर की गई छापेमारी के दौरान 12 बोर का एक देशी एक नाली बंदुक, दो जिंदा कारतूस एवं एयरटेल का सिम लगा एक छोटा मोबाईल बरामद किया था। हथियार बरामदगी के बाद उसके खिलाफ अलग से भी एक प्राथमिकी संख्या-8/24 दर्ज की गई थी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। इस बीच रविवार की रात खुदवां थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार को गुप्त सूचना मिली कि अनंतु पांडेय चंदा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आया हुआ है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष ने अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बल के साथ चंदा गांव पहुंचे तो बॉस पांडेय पुलिस को देखकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस बलों ने उसे खदेड़ कर चंदा गांव स्थित शिव मंदिर के पास से धर दबोंचा। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अपराधी पर पहले से ही खुदवां थाना में कुल दस मामले दर्ज है। इनमें खुदवां थाना कांड सं.-08/2000, 15/2000, 38/06, 25/08, 58/13, 01/16, 02/16, 54/17, 07/24 एवं 08/24 शामिल है।

# 16 जून को होगा मोक्षदायिनी आदि गंगा पुनपुन महोत्सव का आयोजन

निज संवाददाता




**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के पुण्यदायिनी एवं मोक्षदायिनी पुनपुन बटाने के पावन संगम तट पर अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णुधाम के समीप आदि गंगा पुनपुन माता मंदिर के प्रांगण में दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव 16 एवं 17 जून को आयोजित की जाएगी।इस आशय की जानकारी देते हुए मंदिर के संस्थापक पुजारी देवबली सिंह ने बताया कि 16 जून को गंगा दशहरा के मौके पर पुनपुन माता एवं अन्य सभी देवी देवताओं का षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया जाएगा। तत्पश्चात पुनपुन माता के महिमा एवं उनके गरिमा विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है। वहीं 17 जून को हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है जबकि संध्या में सम्मान समारोह एवं विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। महोत्सव आयोजन समिति के आयोजक ने बताया कि यह महोत्सव लगातार 20 वर्षों आयोजित की जा रही है। इसकी शुरुआत 2004 में की गई थी तब से लेकर आज तक इसकी निरंतरता को बरकरार रखते हुए महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। यह जिले का पहला महोत्सव है जो एक व्यक्ति के द्वारा सालों पर घूम-घूम कर पुनपुन माता में आस्था रखने वाले लोगों से मिलकर कार्यक्रम किया जाता है। मंदिर के संस्थापक पुजारी देवबली सिंह ने अपनी निजी जमीन देकर पुनपुन माता के मंदिर की स्थापना कराई। इस मंदिर परिसर में पुनपुन माता के अलावा अन्य देवी देवताओं की दर्जनों मूर्तियां भी रखी गई है। एक गरीब तबके से परिवार के व्यक्ति ने इतनी बड़ी मंदिर का निर्माण किया जाना एक मिशाल है।

# रामलला के स्थापना पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निज संवाददाता



**पटना।** पटना के गर्दनीबाग इलाके में स्थानीय लोगों की मदद से रामलला की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। स्थापना के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं मंदिर के संयोजक के मुताबिक राम लल्ला मंदिर का निर्माण में स्थानीय लोगों के सहयोग से डेढ़ माह में किया गया है, लेकिन अयोध्या में रामलला की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद 15 अप्रैल को गर्दनीबाग में प्राण-पतिष्ठा कराया गया और राम नवमी के बाद आज भंडारा का आयोजन किया गया हैं। भंडारे के आयोजन पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण कर भगवान राम लल्ला का आशीर्वाद लिया है।

जानकारी यह है कि अयोध्या में श्री राम लल्ला की मंदिर के निर्माण के दौरान ही स्थानीय लोगों ने अभिषेक कुमार नामक युवक को संयोजक बनाया और गर्दनीबाग इलाके रामलला की प्रतिमा स्थापित करने का सभी लोगों ने संकल्प लेते हुए मंदिर का निर्माण कराया दिया और अयोधया में रामलला के प्राण पतिष्ठा के बाद पटना के गर्दनीबाग इलाके में प्राण प्रतिष्ठा कराया गया।

# मलहद गांव में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, दो मासूम सहित पांच झुलसे

निज संवाददाता



**गोह(औरंगाबाद)।** गोह के बंदेया थाना क्षेत्र के मलहद गांव के झगरू पीपर बिगहा गांव में बिजली की शॉर्ट सर्किट से एक घर में भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। अगलगी में घर में सोए दो मासूम के साथ पांच लोग झुलस गए। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। तब तक घर में बंधा हुआ चार बकरी भी झुलसकर मर गई। वहीं इस अगलगी में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी झुलसे परिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह पहुंचाया गया जहां के चिकित्सकों ने सभी की हालत को गंभीर देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है। पीड़ित डोमन यादव ने बताया कि मैं अपनी पत्नी सोनमती देवी, 26 वर्षीय पुत्र पिंटू यादव व तीन वर्षीया पोती चंचला कुमारी के साथ चार वर्षीय पोता शुभम कुमार के साथ दोपहर खाना खाकर एक ही घर में सोए हुए थे। इसी दौरान घर के चारों तरफ आग की लपटे दिखाई देने लगी। .हम लोग घर से निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आग चारों तरफ फैल गया था जिसके कारण निकलना मुश्किल हो गया। गांव के लोगों ने किसी तरह जान बचाकर घर में घुसे और सबसे पहले दोनो मासूम बच्चों को घर से निकला। उसके बाद सहारा देते हुए हम लोग तीनों को निकाला गया तब तक हम लोग बुरी तरह झुलस गए थे। अगलगी की घटना में घर में बंधा हुआ चार बकरियां झुलसकर मर गई वहीं घर में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और अन्य घरों को बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को इलाज एवं सहायता मुहैया कराने की मांग सरकार से की है।

# गया से आनंद विहार के लिए चलाए जा रहे सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** यात्रीगण कृपया ध्यान दे। गर्मी की छुट्टियों में गया से दिल्ली और दिल्ली से गया का ट्रेन से सफर तय करने के लिए पूर्व मध्य रेल(इसीआर) ने ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान गया से आनंद विहार के लिए सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन करा रही है। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए मद्देनजर क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल के परिचालन अवधि में भी वृद्धि की गयी है। इसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अवधि विस्तार के बाद गाड़ी सं.-03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल अब 23 से 26 अप्रैल तक और 04 ट्रिप चलाई जाएगी। वापसी में गाड़ी संख्या-03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल 24 से 27 अप्रैल तक अतिरिक्त 04 ट्रिप चलाई जाएगी। अप एवं डाउन दिशा में इस ट्रेन का अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन एवं कानपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 03 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच लगाए जा रहे हैं।

# डीएम ने की कार्रवाई : पटना के 69 स्वास्थ्य संस्थानों को बंद करने का आदेश

निज संवाददाता



**पटना।** पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने जिले के 69 स्वास्थ्य संस्थान को बंद करने का आदेश दिया है। इन संस्थानों को भारत सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई है। पटना जिले में टीम लगातार दवा दुकानों की जांच करेगी।

पटना के डीएम ने बताया कि यह कार्रवाई जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बारे में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से पत्र प्राप्त हुआ था। इन मामलों की निगरानी एनजीटी नई दिल्ली पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली द्वारा भी की जा रही है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारीयों को इसका लगातार पर्यवेक्षण करने का आदेश जारी किया गया है।

जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का एक सेट है, जिसमें पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं और अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा उत्पन्न किए गए बायोमेडिकल कचरे के संग्रह, अलग करना, उसका प्रबंधन और निपटान को बढ़ाने पर ध्यान दिलाना है। बायोमेडिकल कचरे में पशु और मानव शारीरिक अपशिष्ट, सर्जिकल उपकरण जैसे सीरींज और अस्पतालों और अनुसंधान केंद्रों में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री शामिल हैं।

# बैठक : आचार संहिता उल्लंघन मामले में 27 केस दर्ज

निज संवाददाता



**पटना।** पटना डीएम सह निर्वाचन पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजेंस कमेटी की बैठक हुई। इस मौके पर अधिकारियों को लोकसभा चुनाव को लेकर तय मापदंडों के अनुसार व्यय-संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करने और निर्वाचन व्यय का सघन जांच करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सभी विभाग के पदाधिकारियों को एक दूसरे से समन्वय बनाकर बड़ी मात्रा में अवैध नगद, मादक पदार्थ, कीमती धातुओं को नियमानुसार जब्त करने के लिए निर्देशित किया है। एलडीएम को पैसों के अत्यधिक मात्रा में लेन-देन पर नजर रखने एवं प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में करेंसी की मांग में पहले से 20 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर नजर रखा जाए। मतदाताओं को प्रलोभन-मुक्त मतदान हेतु अभिप्रेरित करने के लिए सभी स्टेक होल्डर्स सजग रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय के लिए कोषांग 24×7 क्रियाशील है। 66 फ्लाइंग स्क्वायड, 132 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 43 वीडियो सर्विलांस टीम, 42 वीडियो व्यूइंग टीम सहित सम्पूर्ण तंत्र सक्रिय है। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने को लेकर 32 बॉर्डर चेक पोस्ट की स्थापना की गई है। अभी तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों में 27 प्राथमिकी दर्ज की गई है। 16 मार्च से अद्यतन 26 हजार लीटर से अधिक शराब की जब्ती की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वोटरों को प्रभावित करने के लिए कैश, कोई भी वस्तु का वितरण या बाहुबल का इस्तेमाल करना आईपीसी की धारा 171(ख) और धारा 171(ग) के अंतर्गत अपराध है। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मीटिंग में समिति सदस्य, एसएसपी सह डीआईजी राजीव मिश्रा, उप विकास आयुक्त, राज्यकर संयुक्त आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहायक उत्पाद आयुक्त, सहायक आयुक्त सीमा शुल्क, अग्रणी विकास प्रबंधक (एलडीएम), आयकर अधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, निरीक्षक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मौजूद थे।

# पालीगंज से गायब नाबालिग लड़की कोर्ट से बरामद

निज संवाददाता

**पटना।** पालीगंज से गायब नाबालिग लड़की को दानापुर पुलिस ने एक युवक के साथ कोर्ट से बरामद किया है। शादी के लिए दोनों कोर्ट पहुंचे थे। परिजनों ने अपहरण का मामला दर्ज कराया था। लड़की मां ने पालीगंज थाना में 21 अप्रैल को लिखित आवेदन दिया था। उन्होंने बताया था कि 20 अप्रैल देर शाम लड़की शौच के बहाने घर से निकली थी। काफी देर तक जब वो नहीं लौटी तो हमलोगों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान मेरे भाई ने उसे एक लड़के के साथ बाइक पर देखा। कालोपुर निवासी रूपेश कुमार बाइक चला रहा था। बीच में मेरी पुत्री बैठी थी। उसके पीछे विवेक कुमार उर्फ लालबाबू बैठा हुआ था। रोकने के बाद भी वो नहीं रूका। मेरा भाई ने ऑटो से दुल्हिन बाजार तक उसका पीछा किया था, लेकिन वो भाग निकला। इस संबंध ने दानापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि 21 अप्रैल को नाबालिग को अगवा करने का मामला दर्ज हुआ था। छानबीन चल रही थी, इसी बीच आज सूचना मिली कि एक लड़के के साथ वो कोर्ट पहुंची है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए नाबालिग को कोर्ट से बरामद कर लिया। उसके साथ एक लड़का भी था। पूछताछ के बाद पालीगंज थाना को सौंप दिया गया है।

# ज्यादा लेन-देन वाले बैंक खातों की तुरंत दें सूचना : डीएम

निज संवाददाता

**पटना।** डीएम शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में सोमवार को जिला इंटेलिजेंस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को कई निर्देश दिए, इनमें सभी एजेंसियों के बीच सार्थक समन्वय करने, अवैध नगद, मादक पदार्थों, कीमती धातुओं को नियमानुसार जब्त करने, एलडीएम के पैसों के अत्यधिक मात्रा में लेन-देन पर नजर रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने किसी बैंक खाते से असामान्य एवं बड़ी राशि की निकासी या लेनदेन की सूचना तुरंत देने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में करेंसी की मांग में पहले से 20 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर नजर रखने को कहा गया है। बैठक में समिति के सदस्यगण यथा वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, राज्यकर संयुक्त आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहायक उत्पाद आयुक्त, सहायक आयुक्त सीमा शुल्क, अग्रणी विकास प्रबंधक (एलडीएम), आयकर अधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, निरीक्षक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निर्वाचन व्यय पर नजर के लिए टीम गठित : जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन व्यय के मॉनिटरिंग के लिए 24 घंटे सातों दिन कोषांग क्रियाशील है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433